ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

www.rastriyanaveenmail.com • डालटनगंज • भाद्रपद शुक्ल पक्ष 15 • विक्रम संवत 2080 • शुक्रवार, 29 सितम्बर 2023 • वर्ष-29 • अंक-342 • पृष्ठ-12 • मूल्य ₹ 2.00

ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक से मिले अक्षय ... पेज 10 पर

## गागर में सागर

### मुख्यमंत्री कार्यालय के माली की पुरी के समुद्र में डूबने से मौत

**रांची।** मुख्यमंत्री कार्यालय के एक कर्मचारी की पुरी के समुद्र में डूबने से मौत हो गयी। मृतक की पहचान विशाल उरांव के रूप में हुई है। वह मुख्यमंत्री कार्यालय में माली का काम करता था। वह मूल रूप से सुखदेवनगर थाना क्षेत्र के चुनाभट्ठा का रहने वाला था। जानकारी के अनुसार विशाल 25 सदस्यीय टीम के साथ ओडिसा के पुरी बीच पर घूमने गया था। स्वर्गद्वार के पास समुद्र में सभी लोग नहा रहे थे। इसी दौरान विशाल के दो दोस्त पानी में डूबने लगे। उनको बचाने के चक्कर में विशाल गहरे पानी में डूब गया। हालांकि, उसके दोनों दोस्तों की जान बच गयी। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मौके पर पहुंची और शव को निकालकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### एटीएस ने अंतर्राज्यीय अफीम तस्करी गिरोह के तीन आरोपितों को दबोचा

**रांची।** आतंकवाद निरोधी दस्ता (एटीएस) ने खूंटी-मुरहू रोड में छापेमारी कर अन्तर्राज्यीय अफीम तस्करी गिरोह के तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें खूंटी के मारंगदाहा थाना निवासी राम कुमार मुंडा, चतरा के पत्थरगड्डा थाना निवासी विरेन्द्र दांगी और रांची के जगन्नाथपुर निवासी राजकुमार साव शामिल हैं। इनके पास से पांच किलो आठ ग्राम अफीम, 32 हजार 500 रुपये, तीन मोबाइल फोन और दो बाइक बरामद हुआ है। आईजी अभियान सह पुलिस प्रवक्ता एवी होमकर ने गुरुवार को बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि खूंटी थाना क्षेत्र में अन्तर्राज्यीय मादक द्रव्य तस्करों के जरिये अवैध मादक द्रव्य अफीम का खरीद-बिक्री किया जाना है। सूचना के बाद एटीएस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए खूंटी-मुरहू रोड स्थित एमएस माईल इण्डियन ऑयल पेट्रोल पंप के पास से तीन तस्करों को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तस्करों का पूर्व का आपराधिक इतिहास रहा है। विरेन्द्र दांगी पूर्व में मादक द्रव्यों की तस्करी के लिए न्यायालय के जरिये 10 वर्ष का सजायाफ्ता भी है। गिरफ्तार आरोपित अफीम की तस्करी झारखंड राज्य से पश्चिमी उत्तर प्रदेश एवं पंजाब राज्य में भी करते हैं। इन आरोपितों का अन्तर्राज्यीय तस्करी गिरोह से भी संबंध होने की बात प्रकाश में आयी है। इस रैकेट में कई अन्तर्राज्यीय वित्तीय लेन-देन भी प्रकाश में आये है। मामले में पूछताछ जारी है।

### रिम्स की कार्यशाला में घुटना प्रतिस्थापन की लाइव सर्जरी

**रांची।** राजेंद्र इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (रिम्स), रांची ऑर्थोपेडिक्स विभाग का कार्यशाला में गुरुवार को घुटना प्रतिस्थापन के लिए भर्ती ऑस्टियो आर्थराइटिस के मरीज की लाइव सर्जरी की। कार्यशाला का उद्घाटन रिम्स के निदेशक और सीईओ प्रोफेसर (डॉ.) राजीव कुमार गुप्ता, डीन प्रो. (डॉ.) विद्यापति, अकादमिक, प्रो. (डॉ.) हिरेंद्र बिरुआ, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. शैलेश और रिम्स के उप चिकित्सा अधीक्षक त्रिपाठी ने की। हड्डी रोग विभाग के प्रमुख डॉ. गोविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि ऐसी ऑपरेटिव प्रक्रियाएं रिम्स में अक्सर होती हैं। हालांकि, सीखना एक सतत प्रक्रिया है और ऑर्थोपेडिक सर्जिकल क्षेत्र में नए विकसित हो रहे रुझानों के साथ अपडेट रहना आवश्यक है। कार्यशाला में प्रसिद्ध आर्थोपेडिक सर्जन डॉ. दीपांकर सेन ने गंभीर दर्द और कार्यात्मक सीमाओं वाले ऑस्टियो आर्थराइटिस रोगियों के लिए पूर्ण घुटने के प्रतिस्थापन के लाभों पर प्रकाश डाला। डॉ. सेन ने ऐसी प्रक्रियाओं की लागत कम करने की आवश्यकता पर भी जोर दिया, ताकि देश की बीमार आबादी का एक बड़ा हिस्सा इसका लाभ उठा सके। निदान, दवा, अस्पताल में भर्ती और ऑपरेटिव प्रक्रिया के सभी खर्च प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएमजेएवाई) राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत कवर किए गए थे। देश के विभिन्न हिस्सों से कुल 125 डॉक्टरों, जूनियर और वरिष्ठ निवासियों ने इस कार्यक्रम में हिस्सा लिया।

# पाकुड़ में इंग्लिश स्कूल के हॉस्टल के भोजन में मिली मरी छिपकली, 128 बच्चे बीमार

**पाकुड़।** जिले के पाकुड़िया में विषाक्त भोजन खाने से 128 बच्चे बीमार हो गये। बीमार बच्चों को पाकुड़िया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तथा पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट में भर्ती कराया गया है। घटना पाकुड़िया के सिदो-कान्हू मुर्मू मेमोरियल इंग्लिश स्कूल की है। स्कूल के हॉस्टल में बच्चों को बुधवार रात खाना दिया गया था। तभी एक बच्चे को परोसी गयी सब्जी में मरी हुई छिपकली दिखी। इसे देखकर खाना खा रहे दूसरे बच्चे उल्टी करने लगे। इसके बाद धीरे-धीरे बच्चों की तबीयत बिगड़ने लगी। आनन-फानन में स्कूल मैनेजमेंट ने 42 बच्चों को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पाकुड़िया में जबकि 86 बच्चों को बंगाल के रामपुरहाट के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना की सूचना पाकर जिले के सिविल सर्जन डॉ. मंटू कुमार टेकरीवाल व मुख्यालय डीएसपी बैजनाथ प्रसाद भी अस्पताल पहुंचे। इस बाबत जिला प्रतिरक्षण पदाधिकारी एसके झा ने गुरुवार को बताया कि इलाजरत सभी बच्चों की स्थिति बेहतर है। खतरे की कोई बात नहीं है। अधिकांश बच्चों को उल्टी की शिकायत थी। उन्हें जरूरी दवाएं दी गयी हैं। कई बच्चों ने खाना नहीं खाया था और वे भी दूसरे बच्चों को उल्टी करता देख उल्टी करने लगे थे। मेडिकल टीम तैनात की गयी थी। स्कूल मैनेजमेंट को भोजन पकाने में सावधानी बरतने तथा उसे परोसने से पहले जांच करने के लिए कहा गया है। सभी बच्चे जल्द ही ठीक हो जायेंगे।

# पलामू में चलती ट्रेन से नदी में गिरा युवक

## आरपीएफ ने नदी के बीच धारा में फंसे युवक का किया रेस्क्यू

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** रस्सी के सहारे रेलवे सुरक्षा बल के जवानों ने नदी के बीच धार में फंसे एक युवक का रेस्क्यू किया है। रस्सी के सहारे आरपीएफ के जवानों ने 80 फीट ऊंचाई तक युवक को खींचा है और उसकी जान बचाई है। पूरा मामला पलामू के गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के पास कोयल नदी पर बने रेलवे पुल का है। दरअसल बोकारो के बड़कागांव के बड़की के रहने वाले मनोज करमाली ट्रेन के जनरल बोगी में बैठकर दिल्ली जा रहे थे। मनोज खिड़की के पास बैठे हुए थे और अचानक नींद में वह ट्रेन से नीचे गिर गये। मनोज गढ़वा रोड रेलवे स्टेशन के पास कोयल नदी पर बने रेलवे ब्रिज से गिरे और नदी की बीच धारा में फंस गये। नदी में दोनों तरफ से पानी भरा हुआ था। रेलवे के पेट्रोलिंग टीम ने मनोज को पुल के नीचे देखा और मामले की जानकारी वरीय अधिकारियों को दी। जिसके बाद आरपीएफ की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। कई घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आरपीएफ की टीम ने एक रस्से के सहारे युवक को करीब 80 फीट ऊपर तक खींचा और उसकी जान बचाई। युवक के शरीर पर कोई गंभीर चोट नहीं लगी थी। आरपीएफ ने पूरे मामले की जानकारी रेहला थाना को भी दी। फिलहाल युवक को विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के लिए भर्ती करवाया गया है। जहां डॉक्टर ने बताया कि उसकी हालत खतरे से बाहर है।

# सरना धर्म कोड पर गर्मायी राजनीति

## सीएम ने पीएम को चिट्ठी जल्द फैसला लेने को कहा, चुनावी मुद्दा बनाने की तैयारी में इंडिया गठबंधन

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** सूबे में फिर एक बार सरना धर्म कोड को लेकर राजनीतिक हलचल तेज हो गयी है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रधानमंत्री को चिट्ठी लिखकर इस मामले पर जल्द फैसला लेने का आग्रह किया है। मुख्यमंत्री के चिट्ठी लिखने के बाद अब कांग्रेस ने भी आदिवासी समुदाय के लिए जनगणना में सरना धर्म के लिए अलग कोड की मांग का समर्थन करते हुए भाजपा पर हमला बोला है। उधर, अलग सरना धर्म कोड को लेकर अभी भारतीय जनता पार्टी के नेता दुविधा में दिख रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह सरना धर्म कोड पर भाजपा के स्टैंड को लेकर पूछे सवाल पर इतना ही कहते हैं कि पार्टी अभी इस पर अध्ययन कर रही है। भाजपा के नेता कहते हैं कि भ्रष्टाचार के मामले में फंसे हेमंत सोरेन जान बूझकर ऐसे मुद्दे को हवा दे रहे हैं। गौरतलब है कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर अनुसूचित जनजातियों के लिए अलग 'सरना धर्म कोड' निर्धारित करने की मांग की है। इससे पहले 11 नवंबर 2021 को झारखंड विधानसभा का

विशेष सत्र बुलाया था। जिसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अलग सरना धर्म कोड की मांग का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराया था। जिसे राजभवन भेजा जा चुका है।

**अलग सरना धर्म कोड के लिए तर्क :** अलग सरना धर्म कोड को जनजातीय समाज के लोगों की पहचान से जोड़ते हुए यह तर्क दिया जाता है कि 'सरना धर्म' हिंदू सनातन धर्म से भी प्राचीन धर्म होने के बावजूद आज इसकी अपनी पहचान नहीं है। इसका हवाला देकर जनजातीय समुदाय द्वारा अलग-अलग समय पर अलग सरना धर्म कोड की मांग की जाती रही है। प्राचीनतम धार्मिक पद्धति होने का हवाला देकर आदिवासी समुदाय के कई संगठनों और बुद्धिजीवियों का कहना है कि 'सरना धर्म' ही प्राचीनतम धर्म है, जो प्रकृति की पूजा करते हैं। इसके उपासक वर्तमान में झारखंड, छत्तीसगढ़, ओडिशा, नार्थ ईस्ट के राज्य, बिहार, प. बंगाल और महाराष्ट्र में हैं।

**बहरहाल,** 26 सितंबर को मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को अलग सरना धर्म की मांग को लेकर जो पत्र लिखा है, उसमें उन्होंने बिंदुवार इसकी वजह बताई है। उन्होंने जनजातीय समुदाय द्वारा पेड़, पहाड़, जंगल के संरक्षण को ही अपना धर्म मानने का हवाला देते हुए देश और राज्य में सरना धर्म में आस्था रखने वालों की संख्या का जिक्र किया है। उन्होंने पत्र में लिखा है कि आदिवासियों के लिए सबसे बड़ा ग्रंथ जंगल, पहाड़, जमीन और प्रकृति हैं। मुख्यमंत्री ने जनजातीय समुदाय की घटती जनसंख्या का हवाला देते हुए भी अलग धार्मिक पहचान की जरूरत बताई है। अलग सरना धर्म कोड की मांग को लेकर कांग्रेस ने भी आक्रामक रुख अख्तियार कर लिया है। मुख्यमंत्री के पीएम को पत्र लिखने के बाद कांग्रेस ने भाजपा पर सीधा हमला बोला है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि महागठबंधन की सरकार ने अलग सरना धर्म कोड का प्रस्ताव विधानसभा से पास कराकर राजभवन भेजा। लेकिन या तो भूलवश या फिर जान बूझकर राजभवन ने उसे सही तरीके से विधानसभा को नहीं लौटाया। राजेश ठाकुर ने कहा कि सब जानते हैं कि अब राजभवन भी पीएमओ से गाइड होता है। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि अर्जुन मुंडा बताएं कि वह सरना धर्म को मानते हैं या नहीं? अर्जुन मुंडा अगर सरना धर्म कोड को लेकर संजीदा हैं तो वह इसके लिए काम करें। राजभवन से बात करें और अलग सरना धर्म कोड का मार्ग प्रशस्त करें। उन्होंने कहा कि जनजातीय कल्याण का केंद्रीय मंत्री होने के बावजूद अर्जुन मुंडा द्वारा अलग सरना धर्म कोड के लिए कुछ नहीं करना, सरना धर्म का अपमान जैसा है।

### क्यों महत्वपूर्ण है सरना धर्म कोड

राज्य में 26% से अधिक आबादी जनजातीय समाज की है। राज्य में विधानसभा की 28 और लोकसभा की 05 सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। वहीं अन्य सीटों पर भी उनकी संख्या अच्छी खासी है। लोकसभा की आरक्षित 05 में से 03 सीटों पर भाजपा का कब्जा है। वहीं बाकि दो सीटों पर महागठबंधन का कब्जा है। हेमंत सोरेन सरना धर्म कोड के भावनात्मक मुद्दे के साथ लोकसभा की ज्यादातर सीटों पर इंडिया गठबंधन को जीत दिलाना चाहते हैं।

### विश्वविद्यालयों की फर्जी डिग्रियां बनाने वाले गिरोह का पदार्फाश, दो गिरफ्तार

**रांची।** जमशेदपुर में पुलिस ने देश की अलग-अलग यूनिवर्सिटी के नाम पर फर्जी डिग्रियां बनाने वाले गिरोह का पदार्फाश किया है। इसके दो सदस्यों को गिरफ्तार कर लिया गया है। फर्जी डिग्रियां बनाने में इस्तेमाल किए जाने वाले कागजात, कंप्यूटर, प्रिंटर, मॉनिटर सहित कई सामान बरामद किए गए हैं। बताया गया कि जमशेदपुर के साकची थाना क्षेत्र स्थित ठाकुरबाड़ी मकान संख्या 47 के दूसरे तल्ले पर डांस स्टूडियो से गिरोह अपना नेटवर्क संचालित कर रहा था। गुप्त सूचना के आधार पर साकची थाना प्रभारी की अगुवाई में पुलिस टीम ने दबिश दी। वहां से सनी कुमार और शुभम साहा नाम के आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। दोनों ने पुलिस को बताया कि वे सना कॉलेक्स स्थित होटल वाइट की मालकिन रीता दास और उनके बेटे धर्मजीत कुमार के निर्देश पर काम कर रहे थे। उनके निर्देश पर ही कॉलेज, बोर्ड और अन्य विश्वविद्यालयों की मार्कशीट तथा जाली सर्टिफिकेट बनाया जाता है। सनी एकाउंट का काम देखता है और शुभम डाटा इंट्री का काम करता है। दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया और पुलिस इस स्टूडियो के मालिक की तलाश में जुट गयी है।

# हरित क्रांति के जनक स्वामीनाथन का निधन

**नई दिल्ली।** भारत में हरित क्रांति के जनक एमएस स्वामीनाथन का गुरुवार को 98 वर्ष की आयु में निधन हो गया। मनकोम्बु संवासिवन स्वामीनाथन का जन्म 7 अगस्त, 1925 को तमिलनाडु के तंजावुर जिले के कुम्भकोणम में हुआ था। वह स्वतंत्रता आंदोलन में अपने पिता और महात्मा गांधी से काफी प्रभावित थे। उन्होंने दो स्नातक डिग्री हासिल की थीं, जिनमें एक कृषि महाविद्यालय कोयंबटूर की थी। वे भारत के आनुवंशिक वैज्ञानिक थे। उन्होंने साल 1966 में मैक्सिको के बीजों को पंजाब की घरेलू किस्मों के साथ मिश्रित करके उच्च उत्पादकता वाले गेहूं के संकर बीज विकसित किए।

**एमएस स्वामीनाथन ने विकसित की थीं अधिक उपज देने वाली गेहूं और चावल की किस्में :** एमएस स्वामीनाथन ने धान की अधिक उपज देने वाली किस्मों को विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जिससे यह सुनिश्चित करने में मदद मिली कि भारत के कम आय वाले किसान अधिक उपज पैदा करें। इससे भारत को खाद्यान्न सुरक्षा मिली थी। इसे ही हरित क्रांति कहा जाता है। इसके लिए उन्होंने तत्कालीन कृषि मंत्री सी सुब्रमण्यम और जगजीवन राम के साथ काम किया था। इससे पूरे भारत में शेष पृष्ठ 11 पर

# चाईबासा में आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन का जवान शहीद

**पश्चिमी सिंहभूम।** चाईबासा में नक्सलियों ने एक बार फिर सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाया है। नक्सलियों ने तीन आईईडी विस्फोट किया है। इसकी चपेट में आने से कोबरा 209 बटालियन के इंस्पेक्टर भूपेंद्र कुमार और राजेश कुमार समेत चार जवान जख्मी हो गए। पुलिस की ओर से यह जानकारी दी गई है। हालांकि स्थानीय सूत्रों के मुताबिक विस्फोट की चपेट में आने से घायल राजेश कुमार शहीद हो गये हैं। वह छत्तीसगढ़ के गैरेली के रहने वाले थे। यह घटना टोंटो थाना क्षेत्र के सरजोमबुरू और तुम्बाहाका गांव के पास के जंगल में हुई है। पुलिस के मुताबिक गुप्त सूचना मिली थी कि भाकपा माओवादी के शीर्ष नेता मिसिर बेसरा, रमेश उर्फ अनल, अजय महतो, अनमोल मोल्हू, चमन कांडे, सागेन अंगरिया और अश्विन अपने दस्ता सदस्यों के साथ कोल्हान में विध्वंसक गतिविधि के लिए मूव कर रहा है। इस इनपुट पर चाईबासा पुलिस, कोबरा 209 बटालियन, 203 बटालियन, झारखंड जगुआर और सीआरपीएफ 60 बटालियन, 197 बटालियन 157 बटालियन 1, 74, 134, 193, 07 और 26 बटालियन का ज्वाइंट ऑपरेशन टीम बनाकर अभियान चलाया जा रहा था। इसी बीच सरजोमबुरू और तुम्बाहाका के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में सुरक्षा बलों को शेष पृष्ठ 11 पर

### मुख्यमंत्री ने आईईडी विस्फोट में जवान के बलिदान पर जताया दुःख

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कहा कि चाईबासा के टोंटो क्षेत्र में सर्च अभियान के दौरान घायल होने वाले कोबरा बटालियन के जवान राजेश कुमार के बलिदान होने का दुःखद समाचार मिला।परमात्मा दिवंगत जवान की आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिवारजनों को दुःख की यह विकट घड़ी सहन करने की शक्ति दें। उल्लेखनीय है कि पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) जिले के अति उग्रवाद प्रभावित टोंटो थाना क्षेत्र अंतर्गत तुम्बाहाका एवं सरजोमबुरू गांव के पास स्थित जंगल पहाड़ी में गुरुवार दोपहर आईईडी विस्फोट में कोबरा बटालियन के एक जवान राजेश कुमार का बलिदान हो गया जबकि एक जवान भूपेन्द्र कुमार गंभीर रूप से घायल है।

## विश्व पर्यटन दिवस : सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थल के रूप में मिला सम्मान

# मैक्लुस्कीगंज ने बढ़ाया झारखंड का मान

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पर प्रकृति ने असीम कृपा बरसाई है। यहां के घने जंगल, पहाड़ और झरने पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। वहीं रांची से करीब 65 किलोमीटर दूर एंग्लो इंडियन समुदाय के लिए बसाया गया मैक्लुस्कीगंज खूबसूरत वादियों और सुनहरे मौसम की वजह से पूरे देश में विख्यात है। इसको मिनी इंग्लैंड भी कहा जाता है। अब इसी मैक्लुस्कीगंज ने पर्यटन के मानचित्र पर झारखंड का नाम रौशन किया है। विश्व पर्यटन दिवस के मौके पर दिल्ली के प्रगति मैदान में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मैक्लुस्कीगंज को सर्वश्रेष्ठ पर्यटन स्थलों में से एक चुना गया है। झारखंड के पर्यटन विभाग के संयुक्त सचिव मोइनुद्दी खान ने इस पुरस्कार को रिसिव किया।

**क्यों मशहूर है मैक्लुस्कीगंज, कैसे मिला यह नाम :** कोलकाता के एंग्लो इंडियन समुदाय के एनेस्ट टिमोथी मैक्लुस्की के नाम पर इस जगह को मैक्लुस्कीगंज नाम मिला। अर्नेस्ट टिमोथी के पिता आयरलैंड के थे जबकि उनकी मां भारतीय थीं। अर्नेस्ट एक बड़े व्यवसायी थे। उनको यह इलाका आयरलैंड की याद दिलाता था। इसी को ध्यान में रखकर उन्होंने 1933 में कोलोनाइजेशन सोसायटी के नाम से एक कोऑपरेटिव बनाई थी। इसके लिए उन्होंने प्लान तैयार कर रातु के तत्कालीन राजा से 10 हजार एकड़ जमीन लीज पर ली थी। इसके बाद 20 हजार एंग्लो इंडियन को

कोऑपरेटिव का शेयर खरीदने के बदले लैंड देने के लिए आमंत्रित किया था। उनके इस आकर्षक प्रस्ताव पर एंग्लो इंडियन समुदाय से जुड़े 250 परिवार साल 1939 में यहां आकर बसे थे। इन परिवारों ने 10 हजार एकड़ में से 6,800 एकड़ जमीन खरीदी थी। शेष जमीन गैरमजरूआ की श्रेणी में आ गई जिसे वन विभाग ने अधिगृहित कर लिया। उस दौर में एंग्लो इंडियन समुदाय के लोगों ने स्लोप वाले आकर्षक घर और सुंदर गार्डेन बनाए थे। यहां गर्मी में भी सर्दी का एहसास होता है। यह इलाका प्राकृतिक खूबसूरती से भरा पड़ा है। 1935 में अर्नेस्ट टिमोथी मैक्लुस्की के निधन पर लापरा सेटलमेंट के तहत इस इलाके को मैक्लुस्कीगंज नाम मिला। लेकिन समय के साथ संसाधनों की कमी की वजह से एंग्लो इंडियन परिवार यहां से शिफ्ट होते चले गये। ज्यादातर लोगों ने अपने नौकरों को अपने बंगले दे दिए। वहीं कुछ की जमीन हड़प ली गई। अब यहां के जर्जर हो चुके बंगले एंग्लों इंडियन की याद दिलाते हैं। हालांकि अभी भी यूरोप समेत विश्व के कई जगहों से लोग यहां घूमने आते हैं। यहां कई गेस्ट हाउस बने हुए हैं। मैक्लुस्कीगंज में अक्सर फिल्म की शूटिंग भी होती रहती है। लेकिन सच यह है कि यहां आने पर अब मायूसी ही हाथ लगती है। इसके बावजूद इसका आकर्षण बरकरार है। एंग्लो इंडियन परिवार से जुड़े कुछ लोग अभी भी हैं लेकिन उनकी माली हालत बेहद खराब है। खास बात है कि उन परिवार में आज भी अंग्रेजी भाषा का ही चलन है। विश्व पर्यटन दिवस पर प्रगति मैदान में ट्रैवल फॉर लाइफ कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में केंद्रीय पर्यटन, संस्कृति और विकास मंत्री जी। किशन रेड्डी ने शेष पृष्ठ 11 पर

# विधायक कमलेश पर चलेगा दलबदल का केस, 12 को पहली सुनवाई

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा के स्पीकर ने राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के विधायक कमलेश सिंह के खिलाफ दलबदल की शिकायत पर संज्ञान लेते हुए उन्हें नोटिस भेजा है। कमलेश सिंह झारखंड विधानसभा में हुसैनाबाद सीट का प्रतिनिधित्व करते हैं। वह एनसीपी के अजीत पवार गुट के साथ चले गए हैं। इस पर एनसीपी शरद पवार गुट के महाराष्ट्र के विधायक जितेंद्र अवहद ने उनके खिलाफ झारखंड विधानसभा के स्पीकर के पास दल-बदल की शिकायत की थी। इसी शिकायत के आलोक में स्पीकर का ट्रिब्यूनल इस मामले में 12 अक्टूबर को पहली सुनवाई करेगा। इसकी सूचना कमलेश सिंह के अलावा शिकायतकर्ता को भी भेज दी गई है। स्पीकर ट्रिब्यूनल ने दोनों पक्षों को पहली सुनवाई में उपस्थित होकर मौखिक या लिखित रूप में स्वयं या अपने अधिवक्ता के माध्यम से जवाब देने को कहा है। स्पीकर को भेजे शिकायत पत्र में महाराष्ट्र के एनसीपी (शरद गुट) के विधायक जितेंद्र ने कहा था कि कमलेश सिंह पार्टी लाइन से अलग हट कर काम कर रहे हैं। वह पार्टी के नीति-सिद्धांत के विपरीत काम कर रहे हैं। शेष पृष्ठ 11 पर

## गागर में सागर

### श्रम मंत्री सत्यानंद भोक्ता पांकी विधानसभा में दौरा आज

**पांकी।** राज्य के लोकप्रिय श्रम नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग के मंत्री सत्यानंद भोक्ता आज शुक्रवार को पांकी विधानसभा अंतर्गत पांकी व तरहसी का दौरा करेंगे । इस दौरान पांकी प्रखंड मुख्यालय स्थित बिरसा ट्रेनिंग सेंटर व बबन मैरिज हॉल के समीप उद्घाटन करेंगे । इसके बाद वह प्रखंड मुख्यालय से 18 किलोमीटर दूर सगालिम में बस स्टैंड के निकट दीनदयाल उपाध्याय स्किल सेंटर का उद्घाटन करेंगे, इसके साथ तरहसी प्रखंड का भी दौरा कर ग्रामीणों से मुलाकात कर उनके समस्या से अवगत होंगे। इसकी जानकारी मंत्री प्रतिनिधि दीपक कुमार साहू ने दी।

### बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर भाजपा ने की बैठक

**पाटन।** भारतीय जनता पार्टी पाटन मंडल कार्य समिति की बैठक बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बैठक आयोजित की गयी। बैठक की अध्यक्षता भाजपा मंडल अध्यक्ष पाटन संजय सिंह ने किया। मौके पर मुख्य रूप से उपस्थित बूथ सशक्तिकरण अभियान के प्रवासी प्रभारी के रूप में अविनाश कुमार वर्मा उपस्थित रहे। वर्मा ने बैठक में संबोधित करते हुए कहा कि बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत सभी बूथ को सशक्त बनाया जायेगा। कार्यक्रम में उपस्थित उदय शुक्ला,भोला सिंह,निरंजन पासवान,वशिष्ठ पांडे,अर्जुन तिवारी,धीरेंद्र सिंह,राकेश पांडे, अशोक तिवारी आनंद सिंह, पशुपति शर्मा, गोपाल पासवान,जोगिंदर सिंह जितेंद्र सोनी पूनम देवी जितेंद्र सिंह प्रदीप चंद्रवंशी प्रिंस कुमार सत्येंद्र कुमार सिंह जमुना सिंह,रामाधार साव,तुलसी सिंह, अभिषेक सिंह, उमाशंकर सिंह समेत अन्य भाजपा के कार्यकर्त्ता उपस्थित रहे।

### सीएचसी में स्वास्थ्य मेले का आयोजन

हरिहरगंज। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में गुरूवार को आयुष्मान भवः कार्यक्रम के अंतर्गत स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया। इस संबंध में सीएचसी के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. राजेश कुमार कुशवाहा ने बताया कि मेले में विभिन्न रोगों के 304 मरीजों का ईलाज किया गया। वहीं 40 वर्ष से ऊपर के कई लोगों की बीपी और शुगर जाँच की गयी। जबकि सर्वर डाउन रहने के कारण ग्रामीण आयुष्मान कार्ड नहीं बनाया जा सका। उन्होंने बताया कि शिविर में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. विशाल गौरव, नाक, कान और गला रोग विशेषज्ञ डॉ. चंदन राय के अलावे डॉ. गोपाल प्रसाद, डॉ. देवेंद्र कुमार, डॉ. अनिल कुमार के अलावे सभी स्वास्थ्य कर्मी के साथ ही काफी संख्या में आसपास के लोग उपस्थित थें।

### आंगन में गिरने से बुजुर्ग महिला का टूटा पैर

**विश्रामपुर।** गुरुवार को पांडू थाना क्षेत्र अंतर्गत मदनपुर गांव की एक 68 वर्षीय बुजुर्ग महिला की आंगन में गिरने से पैर टूट गया। जिसे परिजन सीएचसी पांडू में लाकर भर्ती करवाये। जहां चिकित्सकों ने महिला की प्राथमिक उपचार के उपरांत एक्सरे हेतु विश्रामपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भेज दिया। वहीं विश्रामपुर सीएचसी में बुजुर्ग महिला का एक्स- रे कर इलाज किया जा रहा है। मौके पर जीएनएम सतेन्द्र कुमार,एएनएम सहित कई स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### नवयुवक संघ का पुर्नगठन, बुल बाबा बने अध्यक्ष

**छत्तरपुर।** नगर पंचायत क्षेत्र के खाटिन मुहल्ला के देवी मंडप के प्रांगण में बुधवार को जितेंद्र गुप्ता की अध्यक्षता में नवयुवक संघ की बैठक आयोजित की गई। जिसका संचालन श्यामनन्द मिश्रा ने किया। कमिटी ने हर वर्ष की भांति इस बार भी धूमधाम से दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया है। पूजा के दौरान साफ सफाई का विशेष ध्यान रखा जाय पुरानी कमिटी को भंग कर नई कमिटी के चयन किया गया। कमिटी ने मनोज कुमार मिश्रा के निर्देशन में दुर्गा पूजा मनाने का निर्णय लिया है। कमिटी में चंचल ठाकुर, राजेश मिश्रा, जितेंद्र गुप्ता, मनोज पासवान, मुकेश गुप्ता को संरक्षक बनाया गया वहीं चौथी बार अध्यक्ष बने नगर पंचायत के निर्वतमान उपाध्यक्ष सुभाष कुमार मिश्रा (बुल बाबा) उपाध्यक्ष बबलू चौरसिया, सचिव अनमोल मिश्रा, उप सचिव सुनील दास, कोषाध्यक्ष श्यामानंद मिश्रा, उपकोषाध्यक्ष पंकज कुमार चौरसिया, महामंत्री हिमांशु चौरसिया, उप महामंत्री अमित ठाकुर, संचालक अनिल कुमार पासवान, उपसंचालक गौतम ठाकुर, पंडाल प्रमुख टिंकू ठाकुर एवं संजय मिश्रा इसकी जानकारी मीडिया प्रभारी पहाड़ी बाबा ने दी।

विश्रामपुर में आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेले का होगा आयोजन

## सभी रोगों के विशेषज्ञ चिकित्सक करेंगे मरीजों का इलाज

नवीन मेल संवाददाता

**विश्रामपुर।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में 29 सितंबर दिन शुक्रवार को भव्य आयुष्मान भवः स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया जाएगा। जिसकी जानकारी आज चिकित्सा प्रभारी डॉक्टर राजेंद्र कुमार ने दी। डाक्टर श्री कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को स्वास्थ्य मेले में जिले से आये जेनरल फिजिसियन, सर्जन, स्त्री रोग विशेषज्ञ, बच्चा रोग विशेषज्ञ, हड्डी व नस रोग विशेषज्ञ सहित आंख,



नाक, कान व गला के अनुभवी चिकित्सकों की टीम मौजूद रहेगी। साथ ही सभी मरीजों की जांच व इलाज के साथ मुफ्त दवा भी दी जायेगी। प्रभारी ने विश्रामपुर, नावा, उटाडी पांडू सहित चारो प्रखंड के शिक्षा प्रसार पधाधिकारी से आग्रह करते हुए कहा कि अपने - अपने स्तर से प्रखंड के सभी छात्र छात्राओं को स्वास्थ्य जांच करने हेतु प्रेरित कर उन्हें स्वास्थ्य मेला के लाभ के बारे में बतायें व जांच कराने के लिए मेले में भेजें । मौके पर बीपीएम पंकज पाण्डेय, बैम पंकज कुमार सिंह, बीडीएम रवी कुमार, एमपीडबल्यू मिथलेश दूबे सहित कई लोग मौजूद थे।

## हर्षोल्लास पूर्वक मना अनंत चतुर्दशी का त्योहार

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** अनंत चतुर्दशी का त्योहार शहरी एवं ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति रिवाज से मनाया गया। भादो शुक्ल चतुर्दशी को मनाए जाने वाले इस पर्व को लेकर मंदिरों में भक्तों की भारी भीड़ देखी गई। शहर के जपला महावीर मंदिर, चार धाम परिसर स्थित मंदिर, आशुतोष धाम मंदिर समेत सभी मंदिरों में पूजा अर्चना को लेकर भक्तों की भीड़ सुबह से ही देखी जा रही थी। महावीर मंदिर के पुजारी गोपाल पाठक ने पूजा अर्चना कराया। उन्होंने कहा कि ऐसी मान्यता है कि इस दिन भगवान विष्णु के अनंत रूप की पूजा अर्चना की जाती है। इस अनंत रूप की पूजा अर्चना से मनुष्य के अंदर छिपे राक्षसी प्रवृति का अंत हमेशा हमेशा के लिए हो जाता है। जिससे जीवन सुख और शांति की प्राप्ति होती है। इस मौके पर श्रद्धालुओं ने अनंत भगवान की पूजा अर्चना के उपरांत अनंत सूत्र भी धारण किए। ऐसी मान्यता है कि अनंत सूत्र उनके जीवन के हरेक विघ्न बाधाओं से रक्षा करने के साथ-साथ घरों में अन-धन की कमी नहीं होती है। लोग पूरे श्रद्धा के साथ अनंत भगवान की पूजा अर्चना कर सुखमय जीवन की कामना की। खासकर इस पर्व को लेकर महिलाओं में विशेष उत्साह देखा गया। महिलाएं सुबह से ही हाथों में पूजा की थाली लेकर मंदिरों की ओर कूच कर रहे थे। मंदिरों के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने अपने घरों में भी अनंत भगवान की पूजा अर्चना की और अनंत सूत्र को अपने भंडार गृह में रखकर भगवान से अन-धन की परिपूर्णता की भी कामना की।

## नक्सल प्रभावित इलाके में जांच करने पहुंचे केंद्रीय अधिकारी

नवीन मेल संवाददाता

**नौडीहा बाजार।** प्रखंड अंतर्गत नक्सल प्रभावित सुदूर इलाका डगरा पंचायत के अंत खुर्द गांव में जल जांच करने पहुंचे । जल शक्ति विभाग के केंद्रीय अधिकारी शिशिर बसेरजल जांच के दौरान जल सहिया मालती देवी के द्वारा जल की गुणवत्ता जांच कर जल पीने योग्य सक्रिय पाई गई। जल शक्ति विभाग से आए केंद्रीय अधिकारी शिशिर बसेर ने ग्रामीणों को सूक्ष्म जल पीने के लिए कई नियम पालन करने के लिए दिए मुख्य निर्देश। केंद्रीय अधिकारी शिशिर बसेर के द्वारा बताया गया कि जल जीवन मिशन अंतर्गत जो जल लेना है उस जल की मात्रा की गुणवत्ता की खोज पाने के लिए किया गए हैं। केंद्रीय अधिकारी जल जीवन मिशन का मुख्य उद्देश्य यह बताया कि भारत के हर गांव में और गांव के प्रत्येक घर में प्रत्येक व्यक्ति को 55 लीटर पानी देने की आवश्यकता है। जो जल कीटाणु मुक्त हो। मौके पर उपस्थित जिला समक्ष अधिकारी एसडीओ राजेश सिंह,सहायक अभियंता सरयू मेहता ,आई एस ए आनंद कुमार, जिला समन्वयक अमीत कुमार, मनोज कुमार राम,जिला केंद्रीय अधिकारी जगदीश सिंह सूडी सहित डगरा पंचायत के मुखिया पार्वती देवी, मुखिया पति विनोद सिंह भोगता, पंचायत सचिव विनोद कुमार राम, रोजगार सेवक पंकज कुमार, वार्ड सदस्य राकेश सिंह, एवम समाज सेवी सदस्य, शिवनाथ यादव, अनिल कुमार साहू, धनजीत सिंह, शिक्षक सूरजमल गुप्ता, सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजुद रहे।

## सड़क पर बह रहा नाली का पानी शहरवासी गंदगी से परेशानी

**पानी के जमा होने से लोगों के बीच रोगों का खतरा भी मंडरा रहा है**

**मोहल्ले के लोग समस्या के निदान के लिए नगर पंचायत को कई बार लिखित आवेदन भी दे चुके है**

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** शहरी क्षेत्र के अररूआ खुर्द मोहल्ला स्थित गुरुकृपा पब्लिक स्कूल से शिवमंदिर व मोड़ तक जाने वाली मुहल्ले की बजबजाते नालियों से दुर्गंध आने लगी है। नालों की गंदगी पानी सड़कों पैर फैला हुआ है। साथ ही घरों में घुस रहा है। जगह-जगह पर नालियों की गंदगी सड़क पर फैल रही है। इससे लोगों को काफी मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है। जो नाली जाम होने से कचरे से बदबू निकलने लगता है। मच्छरों



का प्रकोप भी बढ़ गया। पानी के जमा होने से लोगों के बीच रोगों का खतरा भी मंडरा रहा है। इसे लेकर मोहल्ले वासियों में खाशा आक्रोश व्याप्त है। समस्या को लेकर भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष सह युवा समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा कि मोहल्ले के लोग समस्या के निदान के लिए नगर पंचायत को कई बार लिखित आवेदन भी दे चुके है। परंतु अब तक कोई समाधान नहीं हुआ। जबकि इसी रास्ते में शिव मंदिर, जामा मस्जिद व इमामबाड़ा अवस्थित है। वही इमामबाड़ा चौक पर जल जमाव व गंदगी है. मोहल्ले के लोगों ने समस्या को दूर करने की मांग पलामू उपायुक्त से की है। वहीं समाजसेवी राजीव रंजन ने कहा की समस्या का जल्द समाधान नहीं किया गया तो एनएच 98 को जाम किया जाएगा। सफाई की मांग करने वालों में लक्ष्मी विश्वकर्मा, संदीप साव, कृष्ण मुरारी प्रसाद, अशोक चौधरी, शिव दास, शिक्षक बसंत प्रसाद, सिद्धेश्वर प्रसाद, विजय सिंह, अनिल जायसवाल, जयपाल चौधरी, संजीव कुमार, मिंटू आलम, अनिल साव, टंटू मिश्रा, विनोद पासवान आदि का नाम शामिल हैं।

## स्वयं सहायता समूह से जुड़कर आजीविका चला रही हैं महिलायें : विधायक

नवीन मेल संवाददाता

**सगालीम।** नीलांबर पीताम्बरपुर प्रखण्ड के जामूडीह पंचायत भवन के सभागार में झारखण्ड स्टेट लाइलीहुड प्रमोशन सोसाइटी ग्रामीण विकास विभाग झारखण्ड सरकार के अंतर्गत गठित कुंदरी आजीविका महिला संकुल स्तरीय प्राथमिक स्वावलंबी सहकारी समिति लिमिटेड की वार्षिक आम सभा हुई। जिसमें मुख्य अतिथि पांकी विधायक डा० कुशवाहा शशिभूषण मेहता शामिल हुए और दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुभारंभ किया। मौके पर पांकी विधानसभा विधायक ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि समूह से जुड़कर महिला सशक्तिकरण और आजीविका बढ़ाकर आत्मनिर्भर बन रही। उन्होंने सभी दीदियों की सराहना की। साथ ही सभी समूह को बैंक लिंकेज कराने तथा प्रशिक्षण देने पर जोर दिया। संकुल अंतर्गत अच्छे कार्य कर रही कैडर को विधायक के द्वारा प्रशस्ति पत्र एवं डायरी दिया गया। कार्यक्रम की समाप्ति राष्ट्र गान गा कर किया गया। मौके पर उपस्थित जामुंडीह पंचायत के मुखिया कृष्णकांत चौबे, प्रखंड कार्यक्रम प्रबंधक शिव कुमार उपाध्याय, इढड नवनीत पांडेय, बच्चन ठाकुर ,बिनोद राम , कलस्टर कॉर्डिनेटर धीरज कुमार , श्याम किशोर पांडेय । संकुल संगठन के अध्यक्ष सुनीता देवी, सचिव आरती देवी, कोषाध्यक्ष कविता देवी ,संकुल लेखापाल बिंदिया देवी तथा संकुल स्तरीय कैडर संदीप कुमार नागवंती देवी ,कंचन देवी, सुमित्रा देवी, कमला देवी, सरोज देवी , पुष्पा देवी तथा सक्रिय महिला एवं समूह की दीदियां उपस्थित रहीं।

### बिजली विभाग की लापरवाही से एक व्यक्ति की मौत

**पाटन।** बिजली विभाग की लापरवाही के कारण नावा जयपुर थाना के ग्राम नौडीहा के मुस्तफा अंसारी उम्र 35 वर्ष पिता महमूद अंसारी की बिजली की करंट लगने से मृत्यु हो गई। मौके पर पहुंची नावा जयपुर पुलिस शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल मेदनीनगर भेज दिया। परिजनों का रो रो कर बुरा हाल हुआ। मुस्तफा अंसारी खेत में काम करने के दौरान ये बिजली करंट के चपेट में गए और मौके पर मौत हो गई।

## छापेमारी कर अवैध शराब भट्ठी को किया ध्वस्त

नवीन मेंल संवाददाता

**हरिहरगंज।** उत्पाद अधीक्षक पलामू के निर्देश पर थाना क्षेत्र के सुदूरवर्ती भांवर तथा मंगरदाहा गांव में पथरा ओपी पुलिस के सहयोग से उत्पाद विभाग ने कार्रवाई कर छह अवैध देशी शराब भट्ठी को ध्वस्त कर दिया। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस व उत्पाद विभाग को गुप्त सूचना मिली थी कि उक्त गांव में आधा दर्जन से अधिक जगहों पर अवैध देशी शराब भट्ठी चलाई जा रही है। इस संबंध में उत्पाद निरीक्षक संजय कुमार ने बताया की मौके से करीब छह हजार किलोग्राम जावा महुआ और ढाई सौ लीटर तैयार शराब के साथ ही शराब बनाने के कई उपकरण बरामद किये गये हैं। हालांकि छापेमारी टीम को देखने के बाद धंधेबाज भागने में सफल रहे। उन्होंने बताया कि जांच के क्रम में शराब निर्माण एवं विक्री में चार लोगों की संलिप्तता पाई गयी है। सभी के विरुद्ध उत्पाद अधिनियम के तहत फरार अभियोग दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि अवैध देशी शराब भट्ठी चलाने वाले के विरूद्ध यह अभियान लगातार चलता रहेगा। जो भी दोषी पाये जायेंगे सख्त कार्रवाई की जायेगी।

## हाइवा की टक्कर से टेंपो चालक की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज।** तेज रफ्तार हाइवा ने गुरूवार को ऑटो में पीछे से टक्कर मार दिया। जिस कारण ऑटो से गिरकर चालक की मौत हो गयी। वहीं ऑटो में सवार यात्री बाल- बाल बच गये। घटना हरिहरगंज से सेट झारखंड-बिहार बॉर्डर औरंगाबाद जिले के अंबा थाना क्षेत्र के संडा बाजार के समीप की है। मृतक की पहचान मेदिनीनगर के सुदना निवासी 55 वर्षीय बुधन बैठा के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार ऑटो चालक मदनपुर से सवारियों को बैठाकर सुदना के लिए निकला था। जैसे ही संडा बाजार पहुंचा तभी मेदिनीनगर-औरंगाबाद मुख्य मार्ग पर पीछे से आ रही हाइवा ने ऑटो में टक्कर मार दिया। जिस कारण ऑटो सड़क पर असंतुलित हो गया तथा चालक की गिरकर मौत हो गयी। जबकि ऑटो में सवार अन्य लोगों को खरोंच तक नहीं आई। घटना के बाद हाइवा का चालक हाइवा लेकर फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण के लिए भेज दिया है।

## रामचरित मानस नवाह्न महायज्ञ कमिटी का पुनर्गठन, अध्यक्ष बने राजेन्द्र

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** जपला महावीर जी भवन परिसर में रामचरितमानस नवाह्न पारायण महायज्ञ समिति के सदस्यों की बैठक राजेन्द्र पाल की अध्यक्षता में हुई। बैठक में पूर्व की तरह इस वर्ष भी नौ दिवसीय रामचरित मानस नवाह्न परायण महायज्ञ का आयोजन करने का निर्णय लिया गया। इसके लिये कमेटी का पुनर्गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेंद्र पाल को अध्यक्ष, पप्पू सोनी,पंकज कुमार गुप्ता, राजीव ठाकुर उर्फ कल्लू , अनिमेष अग्रवाल, सुबोध



कश्यप, मनीष कश्यप को उपाध्यक्ष,राजेश सिंह को सचिव, जितेंद्र रावत, मनीष कुमार कश्यप को सह सचिव, कृष्ण मुरारी अग्रवाल को कोषाध्यक्ष, शनि कुमार चंदेल को सह कोषाध्यक्ष, श्रवण कुमार अग्रवाल, राकेश तिवारी, कामाख्या नारायण सिंह, उदय कुमार सोनी, अविनाश कुमार कश्यप, सूरज प्रसाद गुप्ता, संतोष कुमार गुप्ता को संरक्षक बनाया गया। व्यवस्थापक के रूप में प्रदीप कुमार कांस्यकार, गोपाल पाठक, रोहित कुमार,राज कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार प्रजापति, दीपक कुमार गुप्ता, जबकि रवि कुमार चंदेल, राजू कुमार कांस्यकार, छोटेलाल केशरी, सोनू ठाकुर, प्रिंस कुमार, मोनू कशेरा चंदा प्रमुख व जितेंद्र रावत को मीडिया प्रभारी बनाया गया। आयोजन को तन मन धन से सहयोग कर सफल बनाने का निर्णय लिया गया।

## 'मेरी माटी मेरा देश' पर निकाली गयी प्रभातफेरी

नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद।** आजादी के अमृत महोत्सव 'मेरी माटी मेरा देश' कार्यक्रम के तहत हुसैनाबाद स्थित कस्तूरबा गांधी आवासीय बालिका विद्यालय में सर्वप्रथम प्रभात फेरी निकाली गयी। तत्पश्चात छात्राओं को पंच तंत्र प्रतिज्ञा कराई गई। जिसमें भारत को 2042 तक विकसित राष्ट्र बनाने, गुलामी के प्रतीक से मुक्ति पाने, अपनी विरासत पर गर्व करना, एकता और एकजुटता का भाव रखना तथा नागरिकों के प्रति कर्तव्य भाव रखना आदि हैं। इसके अलावे कई देशभक्ति एवं स्थानीय वीरों पर आधारित कार्यक्रम किया गया। जिसमें निबन्ध प्रतियोगिता, चित्रकला, देश प्रेम संबन्धी गीत, रंगोली, नाटक,कहानी आदि प्रस्तुत किया गया। जिसमें चित्रकला में नन्दनी कुमारी, निबंध में मुस्कान खातून,देश प्रेम गीत में रितु , पिंकी,रोशनी,नेन्शी आईसा अंजुम, खुशबू, रंगोली में पिंकी तथा अंजली,नाटक में माही, शकुंतला, कहानी में सरस्वती कुमारी प्रथम स्थान प्राप्त की है। इस कार्यक्रम में वार्डेन राकी मुक्ता, दीपमाला कुमारी, सुषस्मिता रानी, कुमारी रागिनी, सुमन कुमारी, शारदा भारती, आरजू, सविता कुमारी, नीलम मेहता, नीलम अंसारी, मीना देवी सहित सभी छात्राएं उपस्थित थे।

**आस्था**

### पैगंबर साहब के जन्म दिन पर धूम-धाम से निकला जुलूस

## दिखी ईद मिलादुन्नबी की रौनक, मस्जिदों को सजाया गया

नवीन मेल संवाददाता

**सतबरवा।** क्षेत्र के ताबर मुक्ता, बोहीता,धावाडीह, रेवारातू, एवं बकोरिया में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। यह त्योहार पैगंबर साहब के जन्मदिवस के अवसर पर मनाया जाता है। सुबह से ही मोहल्ले, चौक चौराहों पर रौनक देखी गई। खास कर इस त्यौहार में बच्चों से लेकर बुजुर्ग लोगों तक में उत्साह देखा गया। सतबरवा में जुलूस मस्जिद मोहल्ला से प्रारंभ होकर महावीर चौक, रामघाट, बस स्टैंड, होते हुए मदरसा के पास जुलूस का समापन किया गया।सभी लोगों ने देश में अमन, चैन, सुख शांति, खुशहाली समेत सभी लोगों को मिलजुल कर रहने के लिए दुआ मांगी। वही करमा गांव में भी सामाजिक कार्यकर्ता जुम्मन मियां के नेतृत्व में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। इस मौके पर मौलाना शाहिद राजा, तबरेज अंसारी, युवा व्यवसाय शमशाद अंसारी, समतुल्लाह अंसारी,मोहम्मद एकलाख , मोहम्मद सुफियान समेत सैकड़ों की संख्या में लोग जूलुस में शामिल थे।

दूसरी ओर **हुसैनाबाद में** पैगंबर हजरत मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर गुरूवार को जश्न -ए-ईद मिलादुन्नबी का जूलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। इस मौके पर शहर के सभी मस्जिदों के अलावा कई



मोहल्ला को काफी आकर्षक ढंग से सजाया गया था। जुलुस के बाद मदरसा खैरुल इस्लाम परिसर में जश्न ए मिलाद्नबी का अयोजन किया गया। जिसकी शुरआत कुरान पाक की तलावत के साथ हुई। मौके पर मौलाना खुर्शीद अहमद नूरी, मौलाना कारी रफफत हुसैन शामिल थे। जुलुस को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सभी चौक चौराहे पर मुस्तैद रही वहीं हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान, एस आई शौकत खान, सौरभ कुमार, एएसआई धर्मेंद्र कुमार सिंह, सोम प्रकाश, सीताराम सिंह, रविरंजन कुमार, के अलावा पुलिस के कई जवान शामिल थे। मौके पर, राजद के युवा नेता रवि यादव, राज अली, पुनित अंबेडकर, कलीम राइन, जुल्फेकार अली, अनवर अंसारी, जफरुद्दीन अंसारी, मुमताज खान, सुहैल आलम, ग्यासुद्दीन सिद्दीकी इम्तियाज आलम, मिथुन समेत काफी संख्या में लोग मौजूद थे। **वहीं विश्रामपुर में** ईद मिलादुन्नबी के मौके पर भव्य जुलूस का आयोजन किया गया।जिसमे मुस्लिम धमार्लंबियों ने हुजूर की आमद मरहबा, सरकार की आमद मरहबा आदि की जमकर नारे लगाए। जिससे पूरा शहर गूंजा उठा। जुलूस का नेतृत्व मस्जिद कमेटी के सदर,काजी, इमाम व मौलानाओं ने सामूहिक रूप से किया।वही जुलूस के मौके पर सुरक्षा के लिहाज से विश्रामपुर पुलिस के जवान चप्पे चप्पे पर तैनात दिखे। जुलूस में कोशियार, डिहारिया, विश्रामपुर,कविकाशी आदि सहित कई गांव लोगो के लोगो ने भाग लिया। **छत्तरपुर में भी** जुलूस खाटीन, कारिमाटी, नैडिहा, मुनकेरी, मंदेया, मसिहानी, रामगढ, अलीपुर, बसनाराज, खेन्धरा से आकर सभी जुलुस मेन रोड सरैडीह मोड़ पर एक साथ होकर जपला मोड़ थाना गेट होते हुई बीएसनेल टावर से ब्लॉक तक जुलुस निकाला गया और जनाब सलाउद्दीन साहब के घर पर जलसा हुआ। **हरिहरगंज** प्रखंड में अररूआ खुर्द, बंजारी, बेलौदर, अंसारी विगहा, सियरभूका, कटैया, कोशडीहारा सतगांवा सहित अन्य मुस्लिम बाहुल्य इलाकों से जुलूस निकाला गया। इस मौके पर प्रमोद रवि, सरोज प्रसाद कुशवाहा, महताब साहिल ने भी जुलूस में शामिल होकर लोगों का हौसला अफजाई किया।इस दौरान शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी सुदामा कुमार दास के नेतृत्व में पथरा ओपी प्रभारी नीतीश कुमार, हरिहरगंज एसआई निर्भय कुमार, जयप्रकाश गुप्ता सहित पुलिस बल सक्रिय दिखे। जुलूस में मो एहतेशाम, मो मुमताज, मो. गोल्डेन अंसारी, टुडे आलम सहित सैकड़ों की संख्या में लोग शामिल थे।

## गागर में सागर

### संकट मोचन सिद्धि धाम महावीर मंदिर में अनंत चतुर्दशी व्रत संपन्न

**नावा बाजार।** प्रखंड मुख्यालय स्थित संकट मोचन सिद्धि धाम महावीर मंदिर परिसर में वृहस्पतिवार को अनंत चतुर्दशी व्रत का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। मंदिर पुजारी सह पुरोहित वीरेंद्र पांडे उर्फ मुन्ना पांडे अनंत चतुर्दशी व्रत का कथा श्रद्धालुओं को सुनाया। साथ ही कच्चे दूध दही से बने पंचामृत में रेशम धागा से बने 14 गांठ वाले अनंत खीरा में लपेटकर पंचामृत में मंथन कराया गया मौके पर परमहंस अग्रवाल, बबलू पांडे,दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष भगवान प्रसाद साहू, कोषाध्यक्ष शुभम कुमार, विजयसरण गुप्ता,नरेश गुप्ता, विकास जयसवाल, धनंजय कुमार, निखिल कुमार, सुशांत राज सहित सैकड़ो मौजूद थे।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर फल व खाद्य सामग्री का वितरण

**मेदिनीनगर।** सदर प्रखंड के पोखराहा खुर्द में जश्ने ईद मिलादुन्नबी को लेकर हर साल की भांति इस वर्ष भी मेयर प्रत्याशी प्रयाग राज चंद्रवंशी के नेतृत्व में जुलूस में शामिल लोगों के बीच फल पानी और खाने पीने की सामग्री का वितरण किया गया। मौके पर उपस्थित प्रयागराज चंद्रवंशी ने कहा कि पोखराहा खुर्द में हिंदू मुस्लिम एकता का मिसाल पेश है। यहां पर हिंदू मुस्लिम एक साथ मिलकर एक दूसरे का त्योहार काफी धूमधाम और हर्षो उल्लास के साथ मनाते हैं।मौके पर सफीक उल्लाह अंसारी,शमशेर अंसारी,जलाल अंसारी कयूमुदिन अंसारी,मनशुर सर, शहाबुद्दीन अंसारी ,शमसुद्दीन अंसारी,हलीमुद्दीन अंसारी,इकबाल अंसारी,इमरान अंसारी,मोहम्मद हफीज,अनवर अंसारी,मोहम्मद इकराम खान, गुडले हसन,सुलेमान अंसारी सहित हजारों की संख्या में लोग उपस्थित थे।

### भगत सिंह के विचारों को जीवन में आत्मसात करें

**मेदिनीनगर।** संत मरियम स्कूल कजरी के प्रांगण में शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। मौके पर विद्यालय के चेयरमैन अविनाश देव ने भगत सिंह के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि उनके विचारों से ही देश संबल बनेगा। इसलिए उनके विचारों को आत्मसात करना जरूरी है।

### पैगंबर मुहम्मद सारी दुनिया के लिए रहमतः अजहर

**नावा जयपुर।** पैगंबर मुहम्मद सललल्लाहु अलैहि वसल्लम सारी दुनिया के लिए रहमत हैं। उन्होंने एक अल्लाह में आस्था, प्रेम, भाईचारा, बुरे कर्मों से तौबा, नेक अमल को जीवन में उतारने आदि का संदेश दिया। उक्त बातें शायर एम.जे.अजहर ने अंजुमन इत्तेहादुल मुस्लेमीन के जुलूस ए मुहम्मदी के मुख्य समारोह नावा जयपुर में कही। उन्होंने कहा कि हमें चाहिए कि पैगंबर मुहम्मद के आदर्श को जीवन में अपनाएं।नावा खास के मुखिया मनोज कुमार ने कहा कि पैगंबर मुहम्मद साहब के मार्ग पर चलकर भारत और भी अधिक खुशहाल होगा और तरक्की करेगा। सामाजिक दृष्टि से सभी महापुरुष हमारे आदरणीय और प्रेरणा स्रोत हैं। उनमें हजरत मुहम्मद भी एक हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या का समाधान हम मिल- बैठकर करें।पूर्व मुखिया चंद्रदेव सिंह, थाना प्रभारी संजय कुमार रजक, मौलाना सद्दाम हुसैन परवाज, हाफिज असगर पालमुवी, मोहम्मद नूर ने भी पैगंबर मुहम्मद के जीवन-चरित्र पर प्रकाश डाला और उनके बताएं मार्ग पर चलने को आह्वान किया।जुलूस ए मुहम्मदी का नेतृत्व एम.जे.अजहर, हुमायूं कबीर, यार मोहम्मद, हाजी बदरुद्दीन अहमद, डॉ.सिराजुद्दीन अंसारी, सरवर हुसैन ने संयुक्त रूप से किया।मौके पर हाजी अब्दुस्सत्तार अंसारी, जलालुद्दीन अंसारी, सिराजुद्दीन अंसारी, नसीरूद्दीन अंसारी, अब्दुल गफूर अंसारी, ताज मोहम्मद अंसारी, मो.जैनुल आबेदीन, मंसूर अहमद, जफरुद्दीन खलीफा, बूअली कलंदर, इद्रीस सिद्दीकी, जफीर खान, सिद्दीक अंसारी, हय्यूम खलीफा, अलीमुद्दीन सिद्दीकी, मंजूर अहमद, औरंगजेब अंसारी, मसरूर अहमद सहित सैकड़ो लोग जुलूस में शामिल थे।

### विधायक की पहल पर लगा नया ट्रांसफार्मर

**पाटन।** सहदेवा में विगत एक हफ्ता से ट्रांसफार्मर खराब रहने से बिजली आपूर्ति बाधित रही थी । इसकी जानकारी ग्रामीणों और राजहरा पंचायत के मुखिया अजय पासवान ने विधायक पुष्पा देवी को दिया। इसके पश्चात विधायक ने बिजली विभाग के जीएम से बात कर सहदेवा के ग्रामीणों को ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया गया।जो की ट्रांसफार्मर लगने के बाद बिजली आपूर्ति चालू कर दी गई जिससे ग्रामीणों में हर्ष व्यतीत है। मौके पर ग्रामीण समाजसेवी अजीत कुमार मेहता, राजू रंजन मेहता, गौतम कुमार, देव पूजन महतो, सूर्यनाथ महतो बबलू महतो, कमलेश कुमार मेहता, संजीव कुमार मेहता समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

# सड़क दुर्घटना में जैप 8 के दो हवलदार घायल

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** लेस्लीगंज जैप 8 के दो हवलदार सिकेंद्र सिंह उम्र 40 वर्ष और हवलदार राज किशोर यादव उम्र 45 वर्ष सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए। इस घटना के बारे में जैप 8 पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत यादव ने बताया कि दोनों हवलदार बुधवार की रात करीब 8:00 बजे सरकारी काम से मेदनीनगर जा रहे थे।इसी बीच रास्ते में पांकी रोड मुनदरिया के पास सड़क दुर्घटना में दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए। इसके बाद स्थानीय लोगों के द्वारा इस घटना की जानकारी लेस्लीगंज थाना को दी गई। घटना की जानकारी मिलते ही लेस्लीगंज थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों घायलों को इलाज के लिए मेदिनीनगर सदर अस्पताल भेज दिया है। सदर अस्पताल में इलाज के बाद भी हवलदार राजकिशोर यादव की स्थिति गंभीर बनी हुई है। वही इस घटना की जानकारी मिलने पर जैप 8, पुलिस मेंस एसोसिएशन के अध्यक्ष रंजीत यादव, सचिव सतीश शुक्ला सहित जैप 8 के अन्य पुलिसकर्मी सदर अस्पताल पहुंचकर अपने देखरेख में दोनों घायल जवानों का इलाज करवा रहे हैं।

# जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी को लेकर निकाला गया जुलूस

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर में जश्न-ए-ईद-मिलादुन्नबी पर गुरुवार को जुलूस निकाला गया। जुलूस में सरकार की आमद मरहबा का नारा लगा. जुलूस स्थानीय पहाड़ी मुहल्ला स्थित मदरसा मरकजी दारूल उलूम में अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमीन और मुहर्रम इंतेजामियां कमिटी के द्वारा निकाला गया. अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमीन के पलामू सदर मुस्तफा कमाल और मुहर्रम इंतेजामियां कमिटी के जेनरल खलीफा शहरेयार अली के नेतृत्व में निकाला गया। जुलूस पहाड़ी मुहल्ला के मदरसा मरकजी दारूल उलूम से निकला, जो शाह मुहल्ला, तेली पट्टी, मुस्लिमनगर, भट्टी मुहल्ला, बम-पटाखा मोड़, धोबी मुहल्ला, घांस पट्टी, कन्नी राम चौक, सत्तार सेठ चौक, विष्णु मंदिर रोड़, पंच मुहान, जिला स्कूल चौक होते हुए छह मुहान पहुंचा। जहां पर औलेमा-ए-कराम ने नबी सअव बारे में बयान किया। उसके बाद जुलूस छह मुहान से शहर थाना रोड होते हुए हॉस्पिटल चौक, सत्तार सेठ चौक, हनुमान मिल रोड़, कुंड मुहल्ला, कनीहाउस रोड़, मिल्लत मस्जिद, मदरसा गौसिया रिज्वीया होते हुए मदरसा मरकजी दारूल उलूम पहुंच कर फातेहाखानी और दुआखानी हुआ । जुलूस में अंजुमन इस्लाहुल मुसलेमीन के पूर्व पलामू सदर हाजी शमीम अहमद उर्फ ललन, मुहर्रम इंतेजामियां कमिटी के पूर्व जेनरल खलीफा जिशान खान, सन्नू सिद्दीकी, वसीम खान, नूरी मस्जिद के सदर मो. ग्यासुद्दीन, छोटी मस्जिद के सदर नेहाल अहमद खान, मुस्ताक शाह, सोनू शाह, मासूम अंसारी समेत कई लोग उपस्थित थे।

### नशीले पदार्थों का दुरुपयोग व उन्मूलन विषय पर जागरूकता शिविर

# नशे का प्रभाव व्यक्ति के साथ समाज पर भी पड़ता है : पीडीजे

## पलामू में आज से नशा मुक्ति केंद्र में होगी नशेड़ियों की काउंसलिंग

### नशा मुक्ति के लिए पलामू रॉल मॉडल बनेगा : सीएस

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के निर्देश पर पलामू में शुक्रवार से नशा मुक्ति केंद्र की स्थापना की जाएगी । इस आशय की जानकारी सिविल सर्जन डॉ .अनिल कुमार सिंह ने दी । उन्होंने शिविर में ही बताया कि केंद्र में मनो चिकित्सक डॉक्टर आशीष कुमार के अलावा काउंसलर रहेंगे जो नशेड़ियों की देखभाल व इलाज करेंगे । उन्होंने कहा कि नशा मुक्ति के लिए पलामू रॉल मॉडल बनेगा । इसके लिए हम सब मिलकर काम करेंगे ।ग्रामीणों ने पीडीजे के समक्ष क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री व नशेड़ियों से हो रहे समाज को नुकसान की भी जानकारी दी।

### खेती करने वाले अन्नदाता अगर जागरूक हो जायें तो नशीले पदार्थों की उपज नहीं हो पायेगी : पीडीजे

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** नशा का प्रभाव व्यक्ति पर ही नहीं बल्कि पूरे समाज पर पड़ता है। उक्त बातें पलामू के प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने कही। वे गुरुवार को सदर प्रखंड में जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आयोजित नशीले पदार्थों का दुरुपयोग व उन्मूलन विषय पर जागरूकता शिविर में बतौर मुख्य अतिथि बोल रहे थे । कार्यक्रम का उद्घाटन पीडीजे ने ग्रामीणों से द्वीप प्रज्वलित कर कराया। उन्होंने कहा कि खेती करने वाले अन्नदाता अगर जागरूक हो जायें तो नशीले पदार्थों की उपज नहीं हो पायेगी । जब नशीले पदार्थों की उपज नही होगी तो क्षेत्र स्वतः नशा मुक्त हो जाएगा। उन्होंने कहा कि यह बिडम्बना है कि आज अन्नदाता किसान नशीले पदार्थ के बीज दाता हो गये हैं । उन्होंने कहा कि क्षेत्र में पोस्ते की खेती को रोकने की जरूरत है। क्योंकि ड्रग्स उसी से बनता है। नशा मुक्त क्षेत्र हो यह सभी लोगों की जवाबदेही है । पोस्ता ,गांजा,अफीम आदि की खेती से समाज मे नशेड़ियों की संख्या बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि गांव से ही रॉ मेटेरियल मिलता है । उसी रॉ मेटेरियल से ड्रग्स तैयार किया जाता है। जब खेती रोक देंगे तो ड्रग्स नहीं बनेगा । उन्होंने कहा कि ड्रग्स बेचने वाला गिरोह गांव के गरीब ,नौनिहालों को पैसों का लालच देकर गलत काम कराता है।ऐसे लोगो से सावधान रहने की जरूरत है। इस मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने कहा कि नशेड़ियों की संख्या में बढ़ोतरी चिंता का विषय है। नशा खोरी से घर समाज की स्थिति बिगड़ जाती है। आर्थिक तंगी आता है और लोग क्रिमिनल बन जाते हैं । बच्चों को नशाखोरी से दूर करने के लिए महिलाओं को आगे आने की जरूरत है । ड्रग्स का लंबे समय तक उपयोग करने से मानसिक स्थिति बिगड़ जाती है। लोग कम आयु में ही जान गवा बैठते हैं। उन्होंने कहा कि किशोरावस्था में बच्चों पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। इस मौके पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव अर्पित श्रीवास्तव ने कहा कि नशा मुक्ति का सबसे बेहतर विकल्प नशीले पदार्थों का प्रोडक्शन को रोकना है। उन्होंने नशा करने वाले लोगों को नशा मुक्ति केंद्र पहुचाने की अपील की। इस मौके पर लीगल एड डिफेंस काउंसिल के डिप्टी चीफ संतोष कुमार पांडेय ने कहा कि आज के समय मे ड्रग्स बच्चों और महिलाओं के ऊपर भयानक शिकंजा कस लिया है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमिताभ भगत ने धन्यवाद ज्ञापन किया। मौके पर प्रमुख बसंती देवी, उप प्रमुख शीतल सिंह,सरजा मुखिया अलका कुमारी, कौड़िया मुखिया रंजना सिंह ,लहल्हे मुखिया पूनम देवी,झाबर मुखिया कविता देवी,सुआ मुखिया दुलारी देवी,जमुने मुखिया लालदेव राम, उपाध्याय सिंह ,आनंद कुमार, अजित सिंह, संगीता देवी, उर्मिला देवी, गीता देवी,अनिता देवी,मालती देवी, संगीता देवी, पूनम देवी, किरण देवी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे ।

### शहीदे आजम भगत सिंह की जयंती पर गोष्ठी आयोजित

# ग्रेजुएट बेरोजगारों को मिले दस हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता : रुचिर

### आज के समय में भगत सिंह के विचारों की प्रासंगिकता बढ़ी है : जीतेन्द्र

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के रेड़मा स्थित जिला कार्यालय में शहीदे आजम भगत सिंह की 166 वीं जयंती मनाई गई। मौके पर भगत सिंह और उनके सपनों के भारत पर विचार गोष्ठी किया गया। अध्यक्षता ललन कुमार सिन्हा ने की । इस दौरान पांकी के अंचल सचिव बद्रीनाथ सिंह एवं जिला कमेटी सदस्य अलाउद्दीन की पिछले दिनों हुई निधन पर दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया गया।इसके बाद भगत सिंह की तस्वीर पर पुष्प अर्पित किया गया। ? मौके पर पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि आज भगत सिंह की 116वीं जयंती पूरा देश मना रहा है।जिस प्रकार भगत सिंह ने असेंबली में बम फेंककर अंग्रेजों को जगाने का काम किया था और उसके बाद देश में इंकलाब आया देश आजाद हुआ ठीक उसी तरह भाजपा की केंद्र की मोदी की सरकार को जागने के लिए भगत सिंह के विचारों के रास्ते इंकलाब लाने की आवश्यकता है। मोदी सरकार ने भी खाद्य पदार्थों आटा, चावल व दूध पर टैक्स लगाकर अंग्रेजी सत्ता को चरितार्थ करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि देश के युवा बेरोजगार और हताश हैं। बेरोजगारी के चलते वह इधर-उधर भटककर अपराध कर रहे हैं। आत्महत्या कर रहे हैं।ऐसी स्थिति में भगत सिंह रोजगार गारंटी योजना के तहत शिक्षित ग्रेजुएट बेरोजगार नौजवानों को 10 हजार रुपए बेरोजगारी भत्ता देने की भाकपा मांग करती है। उन्होंने कहा कि आज के नौजवानों और छात्रों को फिल्मी सेलिब्रिटी रिल हिरो को छोड़कर भगत सिंह जैसे रियल हीरो को आइकॉन बनाना चाहिए और उनके विचारों और आदर्शों पर चलने का संकल्प लेना चाहिए। भाकपा के राज्य कार्यकारिणी सदस्य जितेंद्र सिंह ने कहा कि आज के समय में भगत सिंह के विचारों की प्रासंगिकता बढ़ गई है।जिसे देश की नौजवानों को अपनाने की आवश्यकता है। सभा को नगर सचिव सुरेश ठाकुर, उमेश सिंह चेरो, चंद्रशेखर तिवारी, अभय कुमार भूइंया ने संबोधित किया। सभा में मृत्युंजय तिवारी , ललन कुमार सिन्हा,सुमन देवी, आशा देवी, आलोक कुमार तिवारी श्रद्धानंद तिवारी, नसिम राइन , सोनू अहमद, लखन राम, गणेश राम, गनौरी भूइंया, विनय कुमार सिन्हा, देवानंद बढईक, अलख देव राम, सुनील कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे। इसके बाद सभी ने शहीद भगत सिंह चौक पर जाकर माल्यार्पण किया और इंकलाबी नारा लगाया।

# विश्व रेबीज दिवस पर एमएमसीएच में कार्यशाला का आयोजन

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** विश्व रेबीज दिवस के उपलक्ष में एमएमसीएच में एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला की अध्यक्षता पलामू के सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने की। विश्व रेबीज दिवस इस बात के लिए जागरूक करता है कि किसी भी जानवर जो या तो पालतू हो या आवारा उसके द्वारा मनुष्य के काटे जाने पर उपचार हर हाल में करना चाहिए। घरेलू पालतू जानवर जैसे कुत्ते , बिल्ली और खरगोश इत्यादि को रेबीज की सुई दिला देनी चाहिए। लेकिन सड़क या गलियों में घूम रहे आवारा कुत्ते , बिल्लियां, चूहा, यह सब खतरनाक साबित होते हैं। यदि किसी मनुष्य को यह काट ले। अगर ऐसी कोई काटने की घटना हो तो कटे हुए हिस्से को साबुन और पानी से खूब अच्छे से धो लेना चाहिए। सिविल सर्जन डॉक्टर अनिल कुमार ने कहा कि कटी हुई जगह को कई बार साबुन



से और रनिंग वाटर से धोना उचित होगा। सिविल सर्जन ने यह भी बताया कभी पट्टी नहीं बांधना चाहिए। यदि कुत्ते या बिल्ली ने रात के समय काटा है, तो दूसरे दिन बिना नागा किए हुए सरकारी अस्पताल में जाकर कुत्ते बिल्ली इत्यादि जानवरों के काटे जाने वाली जगह सूई अवश्य ले लेनी है। यह सुई बांह में पड़ती है। और चार बार भिन्न-भिन्न तिथियां में लेनी पड़ती है। सिविल सर्जन ने बताया कि यदि किसी परिस्थिति में जिस दिन इसकी सुई लेनी है। किसी कारणवश वह व्यक्ति नहीं ले पाया तो। उसे हर हाल में ठीक उसके दूसरे दिन लेनी होगी । ऐसा नहीं करने पर उसकी भयानक परिणाम होता है। पलामू टाइगर रिजर्व में जब भालू या तेंदुआ या कोई भी जानवर किसी पर हमला करता है तो वैसे व्यक्ति को हर हाल में तत्काल एंटी रेबीज इंजेक्शन दी जाती है। आज का यह कार्यशाला एक महत्वपूर्ण कार्यशाला थी।

## बिजली प्रवाहित तार की चपेट में आने से दूधारू भैंस की मौत

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज ।** थाना क्षेत्र के ढकचा गांव में गुरुवार को 11 हजार बिजली प्रवाहित तार के चपेट में आने से एक दुधारू भैंस की मौत हो गयी। समाजसेवी रामबली पाल, मुखिया पति बलराम भुईयां ने जानकारी देते हुए बताया कि केदार ठाकुर का दुधारू भैंस गांव के पास ही सड़क किनारे चारा चर रही थी। वही पर बिजली प्रवाहित तार गुजरा है। जो भैंस पर गिरने से यह घटना घटी। घटना की सूचना पर पंसस मंजू देवी ने कहा कि केदार ठाकुर अत्यंत ही गरीब व्यक्ति है। किसी तरह गुजर बसर करते है। एक भैंस रखे थे, वह बिजली विभाग की लापरवाही के कारण बिजली प्रवाहित तार के चपेट में आने से उसकी मौत हो गयी।

### पलामू में बजरंग दल की शौर्य जागरण रथ यात्रा कल से

**मेदिनीनगर ।** अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्री राम लल्ला का प्राण प्रतिष्ठा आगामी 24 जनवरी, 2024 को होना है। इसके पूर्व संपूर्ण हिंदू समाज को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित करने के साथ -साथ पूर्वजों और स्थानीय क्रांतिकारियों के शौर्य से नई पीढ़ी को परिचित कराने के लिए साधु संतों के आह्वान पर बजरंग दल द्वारा देश भर में शौर्य जागरण रथ यात्रा निकाली जा रही है। यात्रा के दौरान कई स्थानों पर धर्म सभा आयोजित की जा रही है। पलामू जिला में 10 धर्म सभाएं होंगी । यह जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री दामोदर मिश्रा एवं बजरंग दल के जिला संयोजक संदीप प्रसाद गुप्ता ने एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान संयुक्त रूप से दी है। दोनों ने बताया है कि झारखंड में यह यात्रा चार स्थानों से निकाली जाएगी। एक यात्रा 29 सितंबर को गढ़वा जिला स्थित बंशीधर नगर मंदिर से निकाली जाएगी। 30 सितंबर दिन शनिवार को इस यात्रा का प्रवेश पलामू के बिश्रामपुर प्रखंड में रेहला से होगी। जहां से आगे विश्रामपुर में 9:30 बजे से एक धर्म सभा आयोजित की जाएगी। उसके बाद यात्रा पांडु के लिए रवाना होगी। पांडू प्रखंड में भी एक धर्म सभा आयोजित की जाएगी। तत्पश्चात यात्रा उंटारी रोड और मोहम्मद गंज होते हुए, हैदरनगर पहुंचेगी।यहां देवी धाम के प्रांगण में विशाल धर्म सभा का आयोजन अपराह्न 3 बजे से की जाएगी। उसके बाद यात्रा जपला पहुंचेगी, जहां एक छोटी धर्म सभा 04.30 बजे आयोजित होगी। तत्पश्चात यात्रा छतरपुर पहुंचेगी, जहां 06.30 बजे धर्म सभा आयोजित की जाएगी और उसके बाद रात्रि विश्राम की योजना है। दूसरे दिन 01 अक्टूबर को यात्रा छतरपुर से नावा बाजार पहुंचेगी, वहां 08.00 बजे धर्म सभा होगी। उसके बाद पड़वा मोड पर धर्म सभा 09.30 बजे की जाएगी। वहां से यात्रा मेदनीनगर पहुंचेगी, जहां 11:30 बजे से तुलसी मानस मंदिर सुदना ( जो की गायत्री मंदिर के सामने है)के प्रांगण में धर्म सभा आयोजित की जाएगी। वहां से यात्रा भारत माता चौक, भगत सिंह चौक, राजेंद्र प्रसाद चौक, चंद्रशेखर आजाद चौक होते हुए नीलांबर- पीतांबर पुर के लिए रवाना होगी। नीलांबर पीतांबर पुर में 04.00 बजे धर्म सभा होगी, और उसके बाद वहां से यात्रा सतबरवा जायेगी, जहां शाम को 06.30 बजे धर्म सभा आयोजित की जाएगी। उसके बाद वहीं रात्रि विश्राम निर्धारित है। 02 अक्टूबर सोमवार को सुबह यात्रा लातेहार जिला के लिए प्रस्थान कर जाएगी। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष अजीत पाठक, जिला सह मंत्री अमित तिवारी अधिवक्ता, जिला विशेष संपर्क प्रमुख किशोर कुमार पाण्डेय, जिला समरसता प्रमुख पप्पू लाठ, जिला बलोपासना प्रमुख विकास कश्यप, प्रकाश विश्वकर्मा और लालू सिंह अधिवक्ता आदि उपस्थित थे ।

## आस्था

### पलामू में बन रहे परशुराम मंदिर में भंडारे का आयोजन

# छत ढलाई के साथ नये इतिहास की शुरूआत

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के झारखण्ड के पलामू ज़िले में चिरंजीवी भगवान परशुराम मंदिर का निर्माण विगत पांच माह से कराया जा रहा है। इस मंदिर में तीन गुम्बदों का निर्माण कराया जाना है। जिसकी लंबाई 71 फिट 21 फिट 15 फिट रखी जायेगी। गौरतलब है कि भार्गव सेना की ओर से समय-समय पर परशुराम मंदिर के निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी तस्वीरों के माध्यम से जारी की जाती रही है। पिछले कुछ समय से हर हफ्ते संगठन की ओर से मंदिर निर्माण से जुड़ी तस्वीरें जारी की जा रही हैं। इसके पीछे सोच यह है कि दुनियाभर में फैले परशुराम भक्त के असंख्य भक्तों को निर्माण कार्य की प्रगति को लेकर जानकारी मिलती रहे। विप्र समाज के साथ साथ पूरे सनातन समाज के लोग विश्व के पालनहार के घर को सजाने के लिए आज लालायित हैं। छत ढलाई के लिए मुख्य यजमान ज्ञानचंद पांडे मंटु तिवारी, कमलेश शुक्ला, अजय तिवारी, सुनील तिवारी, मुकेश तिवारी, के हाथों छत की ढलाई के लिए कार्य का शुभारंभ किया गया। मौके पर भव्य भंडारा एवं प्रसाद का आयोजन किया गया । जिसमें पलामू के सभी सनातनियों को आमंत्रित किया गया था। इस भंडारे में हजारों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर निर्माण करा रहे कमलेश शुक्ला, अजय तिवारी अकेला, मुकेश तिवारी, अमित तिवारी, परमेस तिवारी, बसंत तिवारी, अभिषेक तिवारी, आशुतोष तिवारी ब्राह्मण, राहुल पाठक, अरविंद पांडे, संजीत पांडे, अंकित पांडेय, की देख रेख में मंदिर का निर्माण कराया जा रहा है। इस मौके पर राष्ट्रीय परशुराम सेना भार्गव के संरक्षक कमलेश शुक्ला ने कहा कि पलामू में परशुराम मंदिर का निर्माण पलामू वासियों के लिये एक आस्था का केंद्र बना हुआ है । इससे मंदिर से अधिक से अधिक सनातनियों को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। संरक्षक अजय तिवारी अकेला ने मंदिर की जानकारी देते हुए बताया कि पांच माह के अंदर दो करोड़ की लागत से बनने वाले मंदिर का कार्य प्रगति पर है। मौके पर उपस्थित पलामू जिला के जिला अध्यक्ष मधुकर शुक्ला ने बताया कि आने वाले दिनों में मंदिर को लेकर पूरे पलामू जिलों में जनजागरण अभियान चलाया जाएगा। मौके पर अधिवक्ता विजय तिवारी, ज्ञानचंद पांडे, ज्योति पांडे, रवीन्द्र तिवारी धनंजय त्रिपाठी, रवि शर्मा, छोटन उपाध्याय, लव शुक्ला, धमार्चार्य रमेश पांडे, गोपाल मिश्रा, राजन पंडित, चंदन शुक्लासंतोष शुक्ला, सुधीर दुबे, नारायण तिवारी, मनिकांत उपाध्याय, संजय ओझा, दिलीप शुक्ला, दिलीप तिवारी, ज्ञांनन्द तिवारी, धीरज मिश्रा, अरुण शुक्ला, विवेका दुबे, गुड्डु दुबे, जय तिवारी, प्रेम तिवारी, निलकमल शुक्ला, राजीव दुबे, नवनीत शुक्ला, अभिषेक पांडे, रितिक चौबे, मनी तिवारी, अप्पू तिवारी सहित हजारों सनातनियों की रहीं उपस्थिति।

## गागर में सागर

### मुआवजा मिलने तक अपनी जमीन पर निर्माण कार्य नहीं होने देंगे : ग्रामीण

**श्री बंशीधर नगर।** एनएच 75 भू स्वामित्व संघर्ष समिति के तत्वावधान में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक बभनी पेट्रोल पंप के समीप बिरेंद्र प्रताप देव उर्फ बबन देव की अध्यक्षता हुई। इसमें बभनी, महदेईया, सरहस्ताल, जोरमा, हलीवन्ता खुर्द, हलीवन्ता कला, गंगटी,एवं बिलासपुर ग्राम के लोग शामिल हुए। बैठक में उपस्थित लोगों ने एक स्वर में कहा कि जब तक उचित मुवावजा नहीं मिलेगा तब तक हम अपनी जमीन पर निर्माण कार्य नहीं होने देंगे। ग्रामीण महेंद्र सिंह ने मुआवजा को लेकर सरकार की नीतियों को कोसते हुए कहा कि काफी दिनों से ग्रामीण संघर्ष कर रहे हैं। हमें लगता है कि ग्रामीणों को मुआवजा देने को लेकर सरकार गंभीर नहीं है। हमारी सीमा से सटे ग्राम नरखोरिया में कृषि योग्य भूमि का 2,76,080 रुपये के हिसाब से भुगतान किया गया है। ग्रामीण राजेश जायसवाल ने कहा कि सरकार द्वारा हमारी जमीन का जो मुआवजा लगाया गया है उससे हम सभी ग्रामीण काफी आहत है। सरकार दोहरा मापदंड अपना रही है। कृषि भूमि का अधिक मूल्य और व्यावसायिक भूमि का कम मुआवजा क्यों? सरकार ग्रामीणों को आंदोलन करने के लिए मजबूर कर रही है। मौके पर बिरेंद्र सिंह, ओमप्रकाश पांडेय, विजय सिंह, चंदन सिंह, विजय सिंह, पंकज सिंह, सुखविंदर राम, प्रशांत सिंह, नरेंद्र सिंह, चंद्रिका सिंह, रामप्रसाद ठाकुर, मुरलीधर ठाकुर, राजेश जायसवाल, रामप्यारी साह, मिठू जायसवाल, अनिल जायसवाल, ब्रजनाथ चौबे, तारकेश्वर प्रसाद आदि उपस्थित थे।

### मुखिया ने कलाकारों को बांटा अंग वस्त्र

**रमना।** सिलीदाग पंचायत के ग्राम मंगरा टोला- विवाटिकर में प्रकृति पर्व करम पूजा के अवसर पर बुधवार की शाम सिलीदाग पंचायत की मुखिया अनीता देवी ने झूमर नृत्य करने वाली महिलाओं को अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया। मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रखंड नाजीर रामानुज शुक्ल, कर्णपुरा मुखिया अजित कुमार पांडेय, गम्हरिया मुखिया पानपति देवी, रमना मुखिया प्रतिनिधि विरंची पासवान, जसवंत पासवान, राजिंद्र उरांव, वार्ड सदस्य दिलवा देवी, विनय ठाकुर, प्रदीप कुमार, शैलेंद्र सिंह, दीपक पासी, ग्रामीण मुन्ना राम, प्रदीप मेहता, जमुना उरांव, सरदार उरांव, सत्येंद्र पाल, कृष्ण पाल, शंभू उरांव, प्रदीप पाल, प्रदीप उरांव आदि मौजूद थे।

### सामुदायिक शौचालयों की सफाई की

**मझिआंव।** नगर विकास विभाग के निर्देशानुसार स्वच्छता हीं सेवा के तहत नगर पंचायत मझिआंव अंतर्गत सभी सामुदायिक शौचालयों का विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसमें बाजार समिति परिसर, डांक बंगला, रेफरल अस्पताल के सामने, विवाह भवन के पास अवस्थित शौचालयों की विशेष सफाई किया गया एवं आमजनों की सुविधा हेतु समुचित व्यवस्था की गई। मौके पर नगर प्रबंधक जीतेश कुमार, स्वच्छता प्रभारी राकेश कुमार सिन्हा, वार्ड जमादार अनिल कुमार, संत कुमार एवं अनुज कुमार के साथ सभी सफाई कर्मचारी उपस्थित थे।

### मुखिया प्रतिनिधि ने किया निरीक्षण

**केतार।** प्रखंड के बलिगढ़ पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि मनोरंजन प्रसाद गुप्ता ने मध्य विद्यालय चेचरीया का निरीक्षण किया। मुखिया प्रतिनिधि ने विद्यालय की साफ सफाई उपस्थिति पंजी और मध्याह्न भोजन की जांच की। जांच में पाया कि दो शिक्षकों की अनुपस्थित रहने के कारण विद्यालय के बच्चे कैंपस खेल रहे हैं। विद्यालय के बच्चों ने मुखिया प्रतिनिधि से शिकायत करते हुए कहा कि विद्यालय में सिर्फ दो से तीन विषय का ही पढ़ाई होता है। उन्होंने शिक्षकों को फटकार लगाते हुए कहा कि शिक्षा व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने शिक्षकों को गुणवता पूर्ण शिक्षा देने की बात कही।

### शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई

**मेराल।** पतंजलि योग समिति के मेराल इकाई द्वारा गुरुवार को शहीद ए आजम भगत सिंह की जयंती मनाई गई। पतंजलि योग समिति के प्रदेश सह प्रभारी रासबिहारी तिवारी, गढ़वा के जिला प्रभारी नागेंद्र तिवारी, प्रखंड प्रभारी बलराम शर्मा, बसपा नेता शिवकुमार विश्वकर्मा, डॉक्टर लालमोहन, मुखिया राम सागर महतो विजय प्रसाद आदि ने भगत सिंह की तस्वीर पर श्रद्धा सुमन अर्पित की। एसडी मेमोरियल के निदेशक बृजेश मिश्रा ने भी भगत सिंह को पुष्पांजलि अर्पित की। मौके पर डॉक्टर लालमोहन, मदन यादव, बीजेश्वर प्रजापति, विजय प्रसाद यासीन अंसारी, विवेकानंद चौबे,भरत भूषण तिवारी आदि उपस्थित थे।

### पंचकरमा गृह के फर्श की ढलाई पूरी

**भवनाथपुर।** प्रखंड के पंडरिया पंचायत अधौरा स्थित शक्तिपीठ मांडर महारानी मंदिर के पंचकरमा गृह के फर्श की ढलाई पंचायत के मुखिया गायत्री देवी एवं ग्रामीणों के श्रमदान से पूरी की गई। ढलाई की शुरुआत मुखिया गायत्री देवी ने की। ढलाई कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि भानु गुप्ता, मुखिया पति अनिल चौबे, शोभनाथ मेहता, महेंद्र पासवान, नागेंद्र यादव, महेंद्र सिंह सहित महिला पुरुष ने में भाग लिया।

# सुरेश मुसहर की मौत मामले में उच्चाधिकारियों ने की जांच

**नवीन मेल संवाददाता। डंडई**

प्रखंड के डंडई गांव में निवास कर रहे एक मुसहर की भोजन के अभाव में मौत होने के मामले में गुरुवार को जिले के उच्च अधिकारियों ने जांच पड़ताल की। उप विकास आयुक्त राजेश राय व अनुमंडल पदाधिकारी राजमहेश्वराम ने मृतक की पत्नी उर्मिला देवी के साथ-साथ उसके चार पुत्रों से भी पूछताछ की। पत्नी उर्मिला ने बताया कि भूखे प्यासे रहने के कारण उसके पति की मौत हो गई है। इसी तरह मृतक के पुत्रों ने भी अपने पिता की भूख से मौत होने की जानकारी उक्त अधिकारियों को दी।

इसके बाद जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ देने को लेकर उक्त लोगों से पदाधिकारियों ने बात की। इसके बाद परिजनों में किसी के द्वारा सत्तू खिलाने की बात बताई गई तो किसी के द्वारा इलाज करने की बात। वहीं दूसरी ओर बताया जा रहा है कि मुसहर की मौत भूखे प्यासे रहने के कारण ही हुई है। डीलर की दुकान से पिछले पांच महीना से राशन नहीं मिल रहा था। इससे पहले पीड़ित परिवारों के घर पहुंचे वीडियो सोमा उरांव व सीओ चोनाराम हेम्ब्रम को भी मृतक की पत्नी व उनके पुत्रों ने भूख से ही सुरेश मुसहर की मौत होने की बात कही थी। उन्होंने कहा कि घर में किसी भी तरह का खाने का सामान नहीं था, जिस कारण तीन-चार दिनों से वह भूखे थे। भूख के कारण ही सोमवार को उनकी तबीयत खराब हुई और चिकित्सकों के पास ले जाते तक उनकी मौत हो गई। उन्होंने उक्त अधिकारियों को बताया कि हम लोगों को ग्रीन कार्ड का लाभ मिलता था लेकिन पिछले 5-7 महीने से नहीं मिल रहा है। बार-बार डीलर की दुकान पर जा रहे हैं। बावजूद उनके द्वारा हम लोगों को छटाक भर भी राशन नहीं दिया जा रहा है। उधर मौत मामले की खबर छपते ही मृतक के परिजनों को घर बुला डीलर पारसनाथ के द्वारा आनन फानन में पांच किलो चावल का भरा पैकेट देना शुरू कर दिया गया। इस बीच उक्त लोगों के साथ डीलर के दुकान पर पहुंची मृतक की पत्नी उर्मिला कुंवर को गुरुवार को भी चावल नसीब नहीं हो सका। वह रोते विलखते अपने घर लौट आई। इससे पहले सदस्य आधारित आवंटित खाद्यान्न में आधा देने को लेकर डीलर के खिलाफ लाभुकों ने अधिकारियों के पास अपनी समस्या रखी। वहीं उनकी समस्या को अधिकारियों ने गंभीरता पूर्वक सुना और एक दो डीलरों को अपने पास बुला उनसे भी जानकारी हासिल की। इस बीच डीलर रामगुलाम साह का पुत्र आदित्य लाल उक्त स्थल पहुंच आधा कटौती कर लाभुकों के बीच खाद्यान्न वितरण करने की विस्तृत जानकारी दी। इसके बाद डीलर के कटौती खाद्यान्न को अविलंब पूर्ण कराने को लेकर प्रभारी एमओ चुनाराम हेंब्रम को निर्देश दिया गया। इससे पहले अनुमंडल पदाधिकारी राज महेश्वरम के द्वारा एमओ को फटकार लगाई गई।



### मंत्री ने कहा, गढ़वा गंगा-जमुनी तहजीब का सटीक उदाहरण

# हर्षोल्लास से मनाया गया ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

पैगंबर मुहम्मद की जयंती के उपलक्ष्य में मनाया जाने वाला त्योहार ईद-ए-मिलाद-उन-नबी गढ़वा में काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मौके पर गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर ने जश्न ए ईद-मिलाद-उन-नबी का आयोजन किया। इस दौरान शहर के रंका मोड़ पर स्टॉल लगाकर जुलूस-ए- मोहम्मदी का स्वागत किया गया। जुलूस में शामिल लोगों के लिए नाश्ता, शरबत, पानी की भी व्यवस्था की गई थी। शहर के सभी मुहल्लों से जुलूस निकालकर कर लोग मंझिआव मोड़ होते हुए रंका मोड़ पहुंचे। यहां आयोजित समारोह के बाद जुलूस कर्बला के मैदान में पहुंच कर समाप्त हो गई।

मौके पर मंत्री ने गढ़वा सहित समस्त प्रदेशवासियों को पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मुहम्मद साहब के जन्मदिन ईद-ए-मिलाद-उन-नबी की दिली मुबारकबाद दी। उन्होंने कहा कि ईद-ए-मिलाद-उन-नबी, जिसे ईद मिलाद-उन-नबी के नाम से भी जाना जाता है, पैगंबर मुहम्मद की जयंती के उपलक्ष्य में दुनिया भर में मुसलमानों द्वारा मनाया जाने वाला एक महत्वपूर्ण त्योहार है। यह अवसर इस्लामिक कैलेंडर के तीसरे महीने रबी-अल-अव्वल को पड़ता है। मंत्री ने कहा कि गढ़वा गंगा-जमुनी तहजीब का उदाहरण है। यहां सभी धर्म के लोग एक दूसरे का पर्व त्योहार बेहतर तरीके से आपस में मिलजुल कर मनाते हैं। होली, दशहरा, रामनवमी, ईद, मोहर्रम आदि सभी त्योहारों में दोनों समुदाय के लोग स्टॉल लगाकर शरबत, पानी आदि की व्यवस्था करते हैं। मंत्री ने कहा कि इसी तरह से आपसी एकता, भाईचारा एवं स्नेह हमेशा बनाए रखना हम सब का काम है। मौके पर मुख्य रूप से डीसी शेखर जमुआर, एसपी दीपक पांडेय, डॉ. यासीन अंसारी, 15 सूत्री अध्यक्ष मदनी खान, बिजली विभाग के प्रतिनिधि नसीम अख़्तर, केंद्रीय सदस्य अनीता दत्त, कंचन साहू, अल्पसंख्यक प्रतिनिधि मासूम खान, जिला अध्यक्ष तनवीर आलम, सचिव मनोज ठाकुर, क्रीड़ा मोर्चा सचिव सदाब खान, प्रतिनिधि नीलू खान, इमरान अख़्तर, शेरू खान, संतोष केशरी, सरकारी अधिवक्ता परेश तिवारी, डॉ. असजद अंसारी, नवीन तिवारी, आशुतोष पांडेय, दिलीप गुप्ता, अरमान सिद्दीकी, मिन्हाज अली आदि उपस्थित थे।





### ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर निकला जुलूस

**चिनिया।** प्रखंड मुख्यालय सहित विभिन्न पंचायत में गुरुवार को ईद-ए-मिलाद-उन-नबी हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस दौरान थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार पुलिस दल बल के साथ जुलूस कार्यक्रम में मौजूद रहे। जुलूस चिनिया मस्जिद व रानीचेरी मस्जिद से निकल कर विभिन्न चौक चौराहे होते हुए वापस अपने बैरक लौटा। जुलूस के दौरान बस स्टैंड ग्रामीण बैंक के पास समाज सेवी मोहम्मद फरीद के बड़े पुत्र भोला मंसूरी उर्फ आमिर राजा ने मीठा व पानी की व्यवस्था की। मौके पर समाज सेवी सुरेंद्र प्रसाद, नौशाद मंसूरी, इरफान अंसारी, अब्दुल मनान अंसारी उर्फ भोला, बिगू मंसूरी, तमजीत मंसूरी बेलाल मंसूरी आदि मौजूद थे।

### जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाया गया

**श्री बंशीधर नगर।** अनुमंडल मुख्यालय सहित आसपास के ग्रामीण इलाकों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के चेचारिया, नगर ऊंटरी, बरडीहा, कुशदण्ड, नरही, कधवन, कोलझिकी, सोनबरसा सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में जश्ने ईद मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया। नगर ऊंटरी में जुलूस चेचरिया स्थित कर्बला गोसिया मस्जिद से निकलकर मुख्य बाजार होते हुए भवनाथपुर मोड जंगीपुर तक पहुंचा। पुनः मुख्य पथ होते हुए लड़की स्कूल के समीप पहुंच कर सलातो सलाम पढ़ने के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। बरडीहा जमा मस्जिद से जुलूस निकाला गया। जश्ने ईद मिलादुन्नबी के जुलूस में झामुमो नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि हम सभी लोगों को मोहम्मद साहब के बताए हुए मार्गों पर चलने की जरूरत है। इस दौरान अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केसरी, इंस्पेक्टर रतन कुमार सिंह, थाना प्रभारी नीतीश कुमार सिंह भ्रमण करते नजर आए। मौके पर झामुमो अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, अमरनाथ पांडेय, अंजुमन कमेटी के सदर तौहिद खान सरपरस्त शमीम खान, प्रतिष्ठित व्यवसाय अमीन खान युवा समाजसेवी लालबाबू खान, तस्लीम खान सीनियर, शोएब आलम गुड्डू, इमरान आलम उर्फ गुड्डू, पप्पू खान, महमूद आलम सीनियर, मुराद खान, फुलटून खान, अंसार खान, हैदर खान, समसुल सिदिकी, नेपालि खान, तस्लीम खान, शकील अहमद, खुर्सीद खान, मौलाना अब्दुल कादिर, मौलाना पैगाम रजा, मौलाना एजाज अंजुम, मौलाना आबिद हुसैन, सलाहू खान, सद्दाम आलम, तुफैल आलम गब्बर, बाबू खान, दिलनवाज खान आदि मौजूद थे। बरडीहा जुलूस में मुश्ताक अहमद शेख, ताहीर हुसैन, राहत हुसैन, शमीम अख्तर, मसउवर अंसारी, अमीर हसन अंसारी, अफरोज आलम, हाफिज मनउवर, मौलाना नेमतुल्लाह, हाफिज सैफुल्लाह, कलाम अंसारी, मकबूल अहमद, वकील अहमद, नसीम अंसारी, रइस, दिलशाद, इंतजार, रासिब, अहमद, समसिर अजीजी, मकसूद रजा, परवेज आलम, अप्पू सुमंत आदि मौजूद थे।

### ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मनाया गया

**मेराल।** ईद मिलादुन्नबी का त्योहार मोहम्मदिया जुलूस निकालकर मनाया गया। हासनदाग, गेरुआ बना, खुटेलिया, तीसरटेटुका, चामा, दुलदुलवा, लोवादाग, दलेली, ओखरगाड़ा, पचपेड़ी आदि गांवों में जुलूस निकाला गया। जुलूस में समाजसेवी गुलबास अंसारी, मुबारक अंसारी शिक्षक ताहिर अंसारी, जन्नत अंसारी, सद्दाम अंसारी, एएच अख्तर, मंसूर अंसारी, हमीद अंसारी, महबूब अंसारी, रेहान अंसारी, मुदस्सिर अंसारी, अब्बास अंसारी, सिराज अंसारी, जसमुद्दीन अंसारी, अलमुद्दीन अंसारी, कौसर अंसारी, वाहिद अंसारी, कमाल अंसारी, सफात अंसारी, गफूर अंसारी, इरफान अंसारी, मुजाहिद अंसारी, शाहिद अंसारी, परवेज अंसारी, इमरान अंसारी, साजिद अंसारी, शमशेर अंसारी, शरीफ अंसारी, आदम अंसारी, मंसूर अंसारी, रिजवान अंसारी, मकसूद अंसारी आदि शामिल थे।

### बेलाबार-नावाडीह में निकाला गया जुलूस

**केतार।** केतार प्रखंड मुख्यालय सहित मुस्लिम गांवों में गुरुवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों ने हजरत मोहम्मद पैगंबर साहब के जन्म दिवस के अवसर पर ईद मिलाद-उन-नबी का पर्व धूमधाम से मनाया। प्रखंड के केतार, बेलाबार, नावाडीह, पाचाडुमर गांव में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने जूलूस निकाला। बेलाबार-नावाडीह गांव में कर्बला के पास से जुलूस निकाला गया और मस्जिद के पास पहुंचा। मस्जिद में फतेहा पढ़ने के बाद मिलाद कार्यक्रम किया गया। इस मौके पर रहमान अंसारी, हाकमुद्दीन अंसारी, मेराजुद्दीन अंसारी, इम्तियाज आलम, अली हुसैन अंसारी, रेयाज अंसारी,अल्ताफ अंसारी, फुजैल अंसारी, मुजाहिदीन अंसारी, साकीर अंसारी,जसीमुद्दीन अंसारी, इदरीश अंसारी ,उस्मान अंसारी उस्मान अंसारी, कमालुद्दीन अंसारी सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

### खरौंधी प्रखंड में मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

**खरौंधी।** ईद मिलादुन्नबी का त्योहार गुरुवार को प्रखंड में मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा मनाया गया। प्रखंड के मझिगावां, खरौंधी, करिवाडीह, चंदनी, सिसरी पंचायत में मुस्लिम समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को मुबारकबाद दी। मझिगावां में मुस्लिम धर्मावलंबियों ने मस्जिद से लेकर कर्बला तक जुलूस निकाला। मौके पर मझिगावां पंचायत के मुखिया पति सतीश राम, प्रखंड सदर समसुद्दीन अंसारी, रवि हुसैन, जाकिर हुसैन, मोहब्बत हुसैन, हिफाजत अंसारी, फिरोज अंसारी, अब्दुल अंसारी, मोजाहिम मियां, खुर्सीद आलम, खुर्सीद अंसारी, कुर्बान अंसारी, सुलतान अहमद फजीहत अंसारी, कलामुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

# मारपीट व लूट मामले का पुलिस ने किया खुलासा



**नवीन मेल संवाददाता। श्री बंशीधर नगर**

पुलिस ने विगत 22 सितंबर को भवनाथपुर थाना क्षेत्र के छमइलवा के पास सिंदुजा माइक्रो क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एबीएम के साथ हुई मारपीट व लूट का खुलासा कर दिया है। उक्त बातें अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रमोद कुमार केशरी ने अपने कार्यालय में प्रेस वार्ता के दौरान कही। उन्होंने बताया कि लूट की घटना में शामिल अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने कहा कि घटना विगत 22सितंबर को रात्रि लगभग आठ बजे की है जब बिहार निवासी वर्तमान में जंगीपुर निवासी सिंदुजा माइक्रो क्रेडिट प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के एबीएम दिवाकर कुमार सिंह के साथ मारपीट करते हुए 3500 रुपये लूट लिया गया था। दिवाकर सिंह के द्वारा विगत 23 सितंबर को भवनाथपुर थाना में दिये गये आवेदन के आधार पर कांड संख़्या 118/23 दर्ज करते हुये कांड का उद्‌भेदन करने के लिए पुलिस अधीक्षक दीपक पांडेय के निर्देश पर टीम का गठन किया गया था। थाना क्षेत्र के बुका ग्राम के लगड़ी टोला निवासी संजय कुमार राम के 18 वर्षीय पुत्र रोहित कुमार भारती, ग्राम मकरी के बसरिवालेवा टोला निवासी सतेंद्र राम के 20 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार रवि तथा छमइलवा ग्राम निवासी संजय राम के 21 वर्षीय पुत्र दिलीप कुमार चंद्रवंशी को उनके घर से ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है। अभियुक्तों के पास से लुटे गये दोनों मोबाइल फोन भी बरामद कर लिये गये हैं। छापेमारी टीम में भवनाथपुर अंचल के पुलिस निरीक्षक कृष्णा कुमार, भवनाथपुर थाना प्रभारी रामेश्वर उपाध्याय, पुअनि सहदेव कुमार साव के साथ सशस्त्र बल शामिल थे।

# दो दिन में फट गया पाइप सड़क पर बह रहा है पानी



**नवीन मेल संवाददाता। केतार**

प्रखंड क्षेत्र में जल-नल योजना लूट का अड्डा बन गई है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य ग्रामीणों क्षेत्रों में जलमीनार लगाकर दस- पंद्रह घरों में पानी पहुंचाना है, लेकिन संवेदक द्वारा जैसे-तैसे कार्य कराकर योजना पूर्ण कराई जा रही है। ग्रामीणों के घरों के बाहर लगाये गये नल में पानी नहीं पहुंच पा रहा है।

परसोडीह पंचायत के बीघा-चौरा टोला में 4.80 लाख रुपये की लागत से लगे जलमीनार से दस घरों में पानी पहुंचाने के लिए दो दिन पूर्व पाइप लगाया गया है, लेकिन पाइप को तीन फीट की जगह 6 इंच ही मिट्टी खोदकर बिछाया गया है। इससे पाइप कई जगह फट गया है, जिससे ग्रामीणों के घरों तक पानी न पहुंचकर सड़क पर ही बहने लगा है। इसको लेकर ग्रामीणों में संवेदक के प्रति आक्रोश देखा जा रहा है। गुरुवार को कांग्रेस प्रखंड राम भजन गुप्ता, ग्रामीण सुदर्शन राम, धर्मेंद्र पासवान, भरदुल पासवान, सुखाड़ी पासवान, राम जन्म पासवान, लालती देवी, सोनापती देवी ने कहा कि संवेदक बिना स्टीमेट के घटिया समाग्री लगाकर योजना को पूर्ण कर रहा है। इस वजह से इस योजना का लाभ हम लोगों को नहीं मिल पा रहा है।

प्रखंड अध्यक्ष राम भजन गुप्ता ने कहा कि ग्रामीणों की शिकायत पर निरीक्षण करने पहुंचे तो देखा कि संवेदक जैसे-तैसे कार्य कर रहा है और पाइप फट कर पानी सड़क पर बह रहा है। उन्होंने कहा कि ऐसा पूरे प्रखंड में हो रहा है। स्टीमेट से कार्य नहीं होने पर इसकी जांच कराई जाएगी। संवेदक शशि कुमार ने कहा कि एक- दो दिन के भीतर पाइप बदल दिया जायेगा। बीडीओ मुकेश मछुआ ने कहा कि जब तक संवेदक द्वारा कार्य पूर्ण नहीं कराया जायेगा, भुगतान पर रोक लगाने के लिए मुखिया को निर्देश दिया गया है।

### पहल | जिले में 32 सड़कों का निर्माण किया जा रहा : सांसद

# पीएम ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। रमना**

पलामू सांसद विष्णुदयाल राम एवं क्षेत्रीय विधायक भानु प्रताप शाही ने गुरुवार को 9 करोड़ 22 लाख रुपये की लागत से बनने वाली रमना-विशुनिया भाया बुलका पथ मरम्मतीकरण कार्य का शिलान्यास जमा दो हाई स्कूल बुलका के समीप संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर आयोजित जनसभा को सबोधित करते हुए सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत गढ़वा जिला में 32 सड़कों का निर्माण किया जा रहा है। इनमें 192 करोड़ की सड़कों का निर्माण केवल भवनाथपुर विधान सभा में किया जा रहा है। 2014 के बाद अब तक 18 हजार गावों में बिजली पहुंचाई जा चुकी है। विधायक भानु प्रताप शाही ने कहा कि बुलका के लिए आज का दिन काफी महत्वपूर्ण है। वर्षो से यहां के लोग सड़क निर्माण की मांग कर रहे थे। कार्यक्रम को प्रमुख करुणा सोनी, मुखिया अनिता देवी, भाजपा नेता भगत दयानंद यादव, उमेंद्र यादव, रूप नरायण यादव एवं मनोज सिंह ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष बलजीत सोनी एवं संचालन विधायक प्रतिनिधि पंकज सिंह ने किया। मौके पर भाजपा नेता विनय चौबे, अजय सिंह, बीडीओ ललित प्रसाद सिंह, सीओ बासुदेव राय, प्रधान सहायक रामानुज शुक्ल, पंचायत सचिव बिनोद राम, आलोक सिंह आदि मौजूद थे।



# दो की जगह एक महीने का ही राशन देने पर हंगामा

**कार्डधारियों की शिकायत पर बीडीओ ने की दुकानों की जांच**

**डीलरों को फटकार लगा दिया दोनों माह के वितरण का निर्देश**

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**

प्रखंड के सभी डीलरों को अगस्त एवं सितंबर माह का राशन आवंटन होने के बावजूद राशन कार्डधारियों से अवैध रूप राशन की कटौती की जा रही है। डीलर राशन कार्डधारियों से अगस्त एवं सितंबर माह का अंगूठा पॉश मशीन में लगवा रहे हैं, परंतु कार्डधारियों को एक माह का ही राशन वितरण कर रहे हैं।

इस संबंध में बीडीओ गणेश महतो ने राशन दुकानों पर जाकर जांच भी की। उनके द्वारा डीलर को कड़ी फटकार भी लगाई गई। फिर भी डीलर लाभुकों के राशान में कटौती कर अपनी हकमारी की आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। प्रखंड के मझिगावां में डीलर कुलदीप सिंह द्वारा 644 में से 280 राशन कार्डधारियों को अगस्त एवं सितंबर माह के राशन के लिए पॉश मशीन में कार्डधारियों का अंगूठा लगवाया गया, परंतु इन सभी को एक एक माह का ही राशन दिया गया। इस पर कार्डधारियों ने हंगामा किया। बीडीओ ने कहा कि सभी डीलरों को दोनों माह का राशन आवंटन किया गया है। बीडीओ के राशन की दूकान से निकलते ही पॉश मशीन का नेटवर्क फेल हो गया। डीलर द्वारा नेटवर्क फेल होने की बात कह कर कार्डधारियों को घंटों बैठाया गया। इसी बीच अरंगी पंचायत के तोरेलावा गांव में भी अनार महिला स्वयं सहायता समूह की डीलर द्वारा राशनकार्डधारियों से दो माह का अंगूठा लगाकर एक माह का राशन देने शिकायत आ गई। वहां पर कार्डधारियों में राजकुमार मेहता, रामनाथ सिंह, उमेश सिंह, सुनील कुमार, हरिहर मेहता, सरयू प्रसाद, मोती मेहता, लालबिहारी राम आदि ने डीलर की शिकायत बीडीओ से की तो बीडीओ ने दूकान पर पहुंच कर डीलर को फटकार लगाई। तब जाकर डीलर ने दोनों माह का राशन वितरण करना शुरू किया। इधर, करीवाडीह मुखिया मंशा देवी ने भी पंचायत में राशन वितरण में बरती जा रही अनियामता के बारे में डीलरों की शिकायत बीडीओ से की। शिकायत में कहा कि डीलरों के द्वारा दो माह की जगह डेढ़ माह का राशन दिया गया है।

इसके अलावा सूंडी पंचायत के डीलरों के द्वारा भी कार्डधारियों को दो माह की जगह डेढ़ महीना का राशन दिया गया है। इस संबंध में डीलरों का तर्क है कि उन्हे राशन का आवंटन कम मिला है, जबकि बीडीओ सह एमओ गणेश महतो ने बताया कि सभी डीलर को दोनों माह का पूरा आवंटन दिया गया है।

## गागर में सागर

### बरवाडीह में मनाई गई अनंत चतुर्दशी



**बरवाडीह।** प्रखंड क्षेत्र के पंचमुखी शिव मंदिर व पहाड़ी शिव मंदिर में गुरुवार को भगवान विष्णु को समर्पित पर्व अनंत चतुर्दशी धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर पुरोहित बल्लू मिश्रा व राकेश मिश्रा ने भक्तों को कथा सुनाई।

### महुआडांड़ में मनाई गई अनंत चतुर्दशी

**महुआडांड़।** अनंत चतुर्दशी का त्योहार गुरुवार को प्रखंड में पूरे धूमधाम के साथ मनाया गया। अनंत चतुर्दशी का त्योहार दुर्गा बाड़ी परिसर में, आवासीय विद्यालय समीप शिव मंदिर व बाजार टांड स्थित शिव मंदिर में, देवी मंडप आदि में पंडित सर्वेश पाठक, पंडित राजेश पाठक आदि द्वारा वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अनंत भगवान की पूजा कराई गई। चटकपुर शिव मंदिर परिसर में पंडित ओंकार पाठक द्वारा पूजा कराई गई।

### पूजा समिति के अध्यक्ष चुने गए रंजीत

**चंदवा।** शहर के पंचमुखी हनुमान मंदिर दुर्गा पूजा समिति की बैठक प्रेम शंकर भगत की अध्यक्षता मे बुधवार शाम को हुई। इसमें पुरानी कमेटी को ही यथावत रखते हुए सदस्यों को भागीदारी सौंपी गई। बैठक में समिति के अध्यक्ष रंजीत गुप्ता उर्फ छोटे गुप्ता व सचिव मनोज सिंह, राजेश चंद्र पांडेय, जयकिशोर साहू, भोला साहू, अमोद प्रसाद, अनिल सिंह, मनु गुप्ता, विवेक गुप्ता, मोहिनीश कुमार, कृष्णा चौधरी, हलखोरी साहू, गुड्डू सिंह, राकेश सिंह, मनोज कुमार, रवि रंजन, अजय जडेजा, जयेश वरु आदि मौजूद थे।

### शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई गई

**बरवाडीह।** प्रखंड के शहीद भगत सिंह चौक पर गुरुवार को आंबेडकर विचार मंच द्वारा शहीदे अंजाम भगत सिंह का 116वीं जयंती मनाई गई। कार्यक्रम में आंबेडकर विचार मंच के मुख्य संरक्षक कॉम बिरजू राम, रवींद्र राम, शिक्षक नंदकिशोर राय, भुनेश्वर राम, विष्णु प्रसाद, आंबेडकर मंच श्रीराम, बादशाह, अवधेश मेहरा, कमलेश सिंह, नंददेव सिंह, अनिल राम, सूरज कुमार, धीरज कुमार, कमलेश कुमार आदि मौजूद रहे।

### उग्रवादी के घर चिपकाया गया इश्तेहार

**बारियातु।** पुलिस ने प्राथमिकी अभियुक्त पलामू जिला अंतर्गत मनातु थाना के केदल ग्राम निवासी टीएसपीसी संगठन के उग्रवादी शशिकांत जी उर्फ आरिफ जी उर्फ उदय सिंह के घर पर इश्तेहार चिपकाया। थाना प्रभारी मुकेश चौधरी ने बताया कि न्यायालय द्वारा उक्त अभियुक्त का इश्तेहार निर्गत किया गया था। बुधवार को पुलिस अवर निरिक्षक बिंदेश्वर महतो, सहायक पुलिस अवर निरिक्षक नीरज दुबे एवं शस्त्र बल द्वारा केदल पहुंच कर स्थानीय थाना के सहयोग से इश्तेहार तमिल किया गया।

### सड़क की मरम्मत का कार्य हुआ शुरू

**बालूमाथ।** बालूमाथ-पांकी मुख्य मार्ग पर बने गड्ढे को लातेहार जिला परिषद उपाध्यक्ष अनीता देवी क्की पहल पर पथ विभाग ने सड़क मरम्मत का कार्य शुरू कर दिया है। बता दें कि जिप उपाध्यक्ष को ग्रामीणों ने सड़क में बने बड़े-बड़े गड्ढों की शिकायत की थी। उपाध्यक्ष ने अभियंता उमेश कुमार एवं आरसीडी के कार्यपालक अभियंता अरविंद कुमार वर्मा से इस पर बात की थी।

### मासियातु में फुटबॉल टूर्नामेंट का आगाज

**लातेहार।** जिले के मासियातु गांव में आजाद क्लब द्वारा आयोजित फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन गुरुवार को पूर्व विधायक प्रकाश राम ने किया। उद्घाटन मैच सुपर सोनाली क्लब बरियातु और सरना क्लब गनियारी चंदवा के बीच खेला गया। पेनाल्टी शूट-आउट में बरियातु ने चंदवा को 1-0 से हरा कर अगले चक्र में प्रवेश किया। टूर्नामेंट में कुल 32 टीमें भाग ले रही है। मौके पर राजकुमार पाठक, शैलेश सिंह, अब्दुल कबीर, मुखिया पति प्रकाश गंझू, उदय नाथ यादव, राजेंद्र उरांव, अब्दुल रहीश, मो नौशाद, लालजी उरांव, अशोक साव आदि मौजूद थे।

### सीसीएल के कांटा बाबू की हादसे में मौत

**बालूमाथ।** मगध संघमित्रा एरिया में कांटा बाबू के पद पर कार्यरत 35 वर्षीय इंद्रजीत पांडे ड्यूटी के दौरान सड़क हादसे का शिकार हो गए। दुर्घटना मगध कोलवरी के तिलैया ताड़ के नजदीक हुई है। ढाई घंटे तक इंद्रजीत को अस्पताल नहीं पहुंचाया जा सका। इसके कारण इंद्रजीत पांडे जिंदगी की जंग हार गये।

### वज्रपात की चपेट में आने से गाय की मौत

**गिद्धौर।** थाना क्षेत्र के रूपिन गाव में गुरुवार को वज्रपात से एक दुधारू गाय की मौत हो गई। रूपिन गांव निवासी पोखन यादव ने बताया कि गाय घर के बगल स्थित जामुन के पेड़ के नीचे बांधी हुई थी। इसी बीच दोपहर बाद हुई बारिश के दौरान वज्रपात हुई और गाय उसकी चपेट में आ गई। किसान ने प्रशासन से मुआवजे की मांग की है।

### सड़क निर्माण के विरुद्ध की गई बैठक

**टंडवा।** थाना क्षेत्र अंतर्गत मिश्रोल में गुरुवार को ग्रामीणों की बैठक करम मोड़ होते हुए हांडू कोल वाशरी तक ट्रांस्पोर्टिंग सड़क निर्माण को लेकर हुई। बैठक में लोगों ने एक स्वर में ट्रांस्पोटिंग सड़क का विरोध करते हुए कहा कि गांव होकर ट्रांस्पोटिंग सड़क गुजरने से दुर्घटना व प्रदूषण में वृद्धि होगा।

## मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर सभी प्रखंडों में आयोजित किए गए कार्यक्रम

# लातेहार में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी पर धूमधाम से निकाले गए जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**

जिले में पूरी अकीदत एवं हर्षोल्लास के साथ जश्न - ए - ईद मिलादुन्नबी मनाया गया। मदरसा कादरिया नूर ए इसलाम के बैनर तले गुरुवार को लातेहार सदर प्रखंड के सासंग पंचायत से मोहम्मदी जुलूस निकाला गया, जो पूरा इलाका भ्रमण कर वापस मदरसा पहुंचा। यहां ईद मिलादुन्नबी का आगाज कुरआन की तिलावत से की। मो. इदरीश रजा ने मोहम्मद साहब के जीवन पर प्रकाश डाला। मौके पर बड़ी मस्जिद के सदर डब्लू खान, छोटी मस्जिद के सदर हदीस अंसारी, उप मुखिया असगर हजाम, पंचायत समिति नसबुलेन आलम, रूस्तम अंसारी, इम्तियाज अंसारी, इश्तहार अंसारी, जाहिद अंसारी, अफसर खान, महबूब हसन, समीर अंसारी, शाहिद अंसारी, अफसर खान, जागीर अंसारी आदि मौजूद थे।

### ईद-ए-मिलाद-उन-नबी हर्षोल्लास से मनाया गया

**बरवाडीह।** प्रखंड मुख्यालय एवं आसपास के क्षेत्र में गुरुवार को पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्म दिवस के अवसर पर मनाया जाने वाला ईद ए मिलाद उन नबी का पर्व पूरे हर्षोल्लास से मनाया गया। इस मौके पर मदरसा कादरिया अब्दलिया गुलजार बाग, मदरसा फिरदोसिया लुहुर, कदरी नगर अहिरपुरवा से जुलूसे मोहमदी निकाला गया, जो रेलवे कॉलोनी से मस्जिद मोहल्ला के रास्ते बस स्टैंड अंबेडकर चौक होते हुए मुख्य बाजार में आकर जमा हुआ। यहां आयोजित कार्यक्रम में दाऊदनगर के पीर बाबा के साहेब जादा सैयद साबिद कादरी व पीर बाबा के भगिना के सैयद शानू रहमान कादरी को इंतेजामिया अमन कमेटी के सदर फिरोज अहमद मुन्ना, सेक्टरेट्री हसीब अंसारी आदि ने सम्मानित किया। कार्यक्रम उपरांत जुलूस अपने-अपने स्थान पर वापस लौट गया। मौके पर शानू रहमान कादरी, फिरोज अहमद मुन्ना, मौलाना खुस्तार जमी, शमीउजामा, हाफिज इंतेशाम, हाफिज रहमत अली, हाजी नासिर खां, हाफिज बसीर, शमीम अहमद मुन्ना, फिरोज खान, शरवार अली, हामिद अंसारी, इस्माइल अंसारी, टिंकू खान, पिंटू खान, इम्तियाज अली, मजहर हुसैन, आबिद हुसैन, साबिर हुसैन, साजिद अली, इम्तियाज अहमद, फैज अहमद, शौकत खलीफा आदि मौजूद थे।



### हर्षोल्लास से निकला ईद मिलाद-उन-नबी का जुलूस

**महुआडांड़।** जामा मस्जिद से जुलूसे मोहम्मदी का आगाज बृहस्पतिवार सुबह 7:30 बजे किया गया। यह जूलूस अम्वाटोली गुरुगुटोली, पोस्ट ऑफिस रोड, मुख्य बाजार शास्त्री चौक, डिपाटोली बिरसा मुंडा चौक, फुलवार बगीचा, रामपुर, डिपाटोली होते हुए जामा मस्जिद पहुंच कर समाप्त हुआ। वहीं गौसिया मस्जिद, जामा मस्जिद तलबा व अन्य लोगों के द्वारा हजरत मोहम्मद की शान में नात बड़े ही खूबसूरत अंदाज में पढ़ी जा रही थी। वहीं गौसिया मस्जिद के कारी मुन्नवर साहब के द्वारा गुरुगुटोली, जामा मस्जिद के मुफ्ती मोहम्मद शब्बर जया कादरी के द्वारा अम्वाटोली व जामा मस्जिद के मोहतमिम मुफ्ती मोहम्मद शब्बीर सहर कादरी व गोसिया के मोहतमिम गुलाम सरवर फैजी ने मुख्य बाजार स्थित शास्त्री चौक पर लोगों को इस त्योहार के बारे में बताया। कई स्थानों पर लंगर व पानी का इंतजाम किया गया था। इस दौरान सुरक्षा के लिए पुलिस बल की तैनाती की गई थी।



### धूमधाम के साथ मनाया गया ईद मिलादुन्नबी

**बारियातु।** प्रखंड क्षेत्र में गुरुवार को जश्ने ईद मिलादुन्नबी का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। सदर पंचायत की अहले कमेटी बठेट बरछिया द्वारा अंजुमन के सदर हदिस अंसारी व मस्जिद के इमाम हाफिज महताब आलम फैजी की अगुवाई में मोहम्मदिया जुलूस निकाला गया। जुलूस बठेठ जामा मस्जिद से निकलकर पूरे मुहल्ला का भ्रमण करते हुए मुख्य पथ स्थित बरछीया स्थानीय कर्बला पहुंचा, जहां इमाम फैजी ने कुरान पाक की तिलावत कर आगाज किया। ठीक इसके बाद मकतब के बच्चों एवं बच्चियों ने मुहम्मद के सिरत पर नात पाक पढ़ कर लोगों को मुहम्मद के रास्ते पर चलने का संदेश दिया। इसके पश्चात इमाम फैजी ने मोहम्मद साहब की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान सहायक पुलिस अवर निरिक्षक मिथलेश सिंह, निरज दुबे आदि पुलिस के जवान मुस्तैद रहे। जुलुस में मो बशीर, मुम्ताज, तय्यब जाफरी, साजिद हुसैन, मो जैनुल, मो नसिम, मो अली, खलिल, रियाज, असलम, हाशि, कलाम, युनुस आदि शामिल थे।

### मोहम्मद साहब के यौमे पैदाइश पर निकला जुलूस

**चंदवा।** पैगंबर मोहम्मद रसुलल्लाह सलल्लाह अलैह व सल्लम के जन्मदिन पर शुक्रबजार, कामता, बेलवाही, परसाही से जुलूस निकाला गया, जो कामता चेकनाका, हरैया मोड़, सुभाष चौंक, मुख्य शहर इंदिरा गांधी चौंक होते हुए बस स्टैंड पहुंचा। यहां मिलादुन्नबी का आयोजन किया गया, इसका आगाज मौलाना मोहम्मद ज्याउल रिजवी ने किया। हाफिज शेर मोहम्मद, मौलाना अताउल रहमान, मुफ्ती अब्दुल मन्नान कलामी, हाफिज वसीम मिस्बाही, मोहम्मद इजहारूल बारी नईमी ने पैगंबर शिक्षाओं प्रकाश डाला। अंत में फातेहा पढ़कर मुल्क की हिफाजत तरक्की और सभी की हिफाजत की दुआ मांगी गई। मौके पर हाफिज शेर मोहम्मद, शुक्रबजार सदर असगर खान, ग्यास खान, अयुब खान, सदीक अंसारी, बाबर खान, रौशन टेलर, रमजान साई चिष्ती, रियाज टेलर, सफीक मियां, सरफुद्दीन राईन, अफरोज आलम, सदुल खान, नसरूदीन राईन आदि मौजूद थे।

## चतरा जिले में जश्ने ईद-ए-मिलाद-उन-नबी अदब-व-अहतराम के साथ मना

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा/ टंडवा/ प्रतापपुर**



जिले टंडवा, सिमरिया, हंटरगंज, प्रतापपुर, पत्थलगड़ा आदि प्रखंडों में गुरुवार को मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा ईद-ए-मिलाद-उन-नबी का त्योहार बड़े अदब-व-अहतराम के साथ मनाया गया। टंडवा प्रखंड अंतर्गत कसियाडीह, कमता, बडगांव आदि में मुश्लिम बहुल क्षेत्रों में विलादते नबी, पैगम्बर मुहम्मद का जन्म दिवस बड़े अदब-व-एहतराम के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मुस्लिम धर्मावलंबियों द्वारा गांव में जुलूसे मुहम्मदी निकालने के पश्चात क्षेत्र की अमन शांति की दूवा मांगी गई ' वहीं बीते शाम को सीसीएल की मगध कोल परियोजना के 10 नंबर कांटा के समीप हुवे सड़क दुर्घटना में राहम निवासी इंद्रजीत पांडेय की मृत्यु की सूचना के बाद राहम अंजुमन के सदर व सिक्रेट्री के द्वारा इस त्यौहार में जुलूस एवं नातिया मुशायरा नहीं मनाने का निर्णय लिए गया था। मदरसा दारुलउलूम गैसिया के सदर मो. सनाउल्लाह ने बताया की जुलूसे मुहम्मदी के बाद मिलादे पाक हुवी जिसमे मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों के बिच नातिया मुशायरा का इनामी मुकाबला का आयोजन कर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया।

मौके पर मदरसा के सदर के साथ कासियाडीह अंजुमन सदर मो. साहबान हाफिज तबारक, मो. मंजूर आदि शामिल थे। कमता जुलूसे मुहम्मदी में जियाउल हक, अब्दुल सुभान, शाहबाज अंसारी, रौशन अंसारी, गुलाम मुस्तफा, अजीज अंसारी, तस्दीक अंसारी, अमानत हुसैन, मोहिब अंसारी, मनीर अंसारी, डॉ. असलम आदि शामिल थे। वहीं ईद मिलादुन्नबी के जुलूस का नेतृत्व अशरफ व रजा जामा मस्जिद प्रतापपुर के इमाम मुफ्ती साजिद अली मरकजी ने किया। जुलूसे मोहम्मदी रामपुर जामा मस्जिद के प्रांगण में पहुंचकर जलसा में तबदील हो गया। जलसे को संबोधित करते हुए मुफ्ती साजिद अली मरकजी ने कहा कि हजरत मुहम्मद सल्लल्लाहू अलैहे व सल्लम सारी दुनिया के लिए रहमत बनाकर भेजे गए हैं। उन्होंने कहा कि आज से 1450 सौ पहले अल्लाह ताला ने मक्का (अरब) की सर जमीन पर इमामुल अंबिया मुहम्मद को आज ही के दिन यानी इस्लामी महीना के 12रबी उल अव्वल शरीफ को भेजा था।

मुफ्ती साजिद ने कहा कि उस वक्त महिलाओं और लड़कियों पर बेइंतहा जुर्म किए जा रहे थे, लेकिन सरकार की आमद के सदके में औरतों को सम्मान मिलने लगा। इमाम मुफ्ती ने कहा कि इस्लाम धर्म मुहब्बत और शांति का पैगाम देता है। जलसे को रबदा शरीफ मस्जिद के इमाम मौलाना तौसीफ रजा, रामपुर मस्जिद के इमाम मौलाना शहादत हुसैन, नीमा मस्जिद के इमाम मौलाना गुफरान, दारुल उलूम फैजाने गरीब नवाज के कारी गुलाम मुर्तजा, हाफिज गुलाम यासीन ने भी संबोधित किया।

## गिद्धौर के 13वें थानेदार के रूप में गुलाम सरवर ने दिया योगदान

**नवीन मेल संवाददाता। गिद्धौर**

गिद्धौर थाना के 13वें थानेदार के रूप में गुरुवार को पुलिस अवर निरीक्षक गुलाम सरवर ने गुरुवार को योगदान दिया। सरवर ने निवर्तमान थाना प्रभारी कन्हैया कुमार यादव से प्रभार लेने के बाद कहा कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था बहाल करना व अवैध कार्यों पर रोक लगाना प्राथमिकता होगी। साथ ही पुलिस व पब्लिक के बीच संबंध को बेहतर बनाने का प्रयास किया जाएगा।

## खोंजा जंगल में मिला मानव कंकाल, क्षेत्र में सनसनी

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड**

मयूरहंड थाना क्षेत्र के करमा पंचायत अंतर्गत खोंजा जंगल में गुरुवार को मानव कंकाल मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मिली जानकारी के अनुसार चरवाहों को नर कंकाल बिखरा दिखा तो इसकी सूचना स्थानीय मुखिया रामनाथ यादव एवं समाजसेवी रामसेवक यादव उर्फ सेवा यादव को दिया। उसके बाद मुखिया अन्य ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचकर मानव कंकाल को देखा। जहां माथा व शरिर के अन्य हड्डी के अलावा सडा व फटा फुल पैंट, गमछा, सर्ट बिखरा था। वहीं सूचना पाकर थाना प्रभारी संजय कुमार सिंह दल बल के साथ घटना स्थल पर पहुंच मानव कंकाल का अवलोकन किया। थाना प्रभारी ने बताया की घटना स्थल पर मिले हड्डी के



अवशेष देखने से मानव कंकाल प्रतित हो रहा है। पर लगभग पांच वर्ष पूर्व तक थाना क्षेत्र से कोई गुमशुदगी की प्राथमिकि दर्ज नहीं की गई है। हलांकि मानव कंकाल का अवशेष थाना लाया गया है जिसे विधि विज्ञान प्रयोगशाला रांची जांच के लिए भेजा जाएगा। जांच के बाद ही आगे कुछ कहा जा सकता है। वहीं जंगल में मानव कंकाल मिलने के बाद क्षेत्र में तरह तरह की चचाएं हो रही है।

## दुधमुहे बच्चे को जलाने जा रहे मां-बेटे गिरफ्तार

**पत्थलगड़ा(चतरा)।** जिले के पत्थलगड़ा थाना क्षेत्र अंतर्गत खैरा में एक दुधमुंहे बच्चे को जिंदा जलाकर मारने का प्रयास करने वाले मां-बेटे को पुलिस ने गुरुवार को गिरफ्तार कर जेल भेजा दिया। गायत्री देवी उर्फ कबूतरी देवी ने बताया है कि वह अपने बेटे को घर के अंदर खाट पर सुलाकर घर के काम में व्यस्त थी। इसी दौरान मेरे पति हेमराज साव व सास मनवा देवी चुपके से दो माह के बच्चे को उठाकर पुराने घर पर ले गए व बच्चे के ऊपर मिट्टी का तेल डाल भी दिए थे कि एक महिला की नजर पड़ गई और वह हल्ला करने लगी तो ग्रामीण जमा हो गए। इसके बाद दोनों मां-बेटे को धरदबोचा और पुलिस को सूचना दी। सूचना पर त्वरित संज्ञान लेते हुए एएसआई रविंदर सिंह दलबल के साथ मौके पर पहुंच कर दोनों को हिरासत में ले लिया। मौके से बच्चे का कपड़ा, चादर, केरोसिन तेल का डब्बा भी बरामद किया गया है। पुलिस ने गुरुवार को पूछताछ के बाद आरोपी मां-बेटे को न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद जेल भेज दिया। ज्ञात हो कि इसके पूर्व भी दोनों मां बेटे ने मिल कर एक बच्ची की गला दबाकर हत्या कर दी थी। उसमें जेल भी जा चुके हैं। घटना के बाद बच्चे की मां काफी डरी व सहमी हुई है।

## अतिरिक्त प्रभार से हटाए गए बीईईओ कानन पात्रा

**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज वन, कानन पात्रा को कुंदा एवं प्रतापपुर प्रखंड के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त कर दिया गया है। यह कारवाई एकीकृत सहायक अध्यापक संघर्ष मोर्चा के द्वारा श्री पात्रा के विरोध में किए गए एकदिवसीय धरना प्रदर्शन के बाद किया गया है। मोर्चा ने कानन पात्रा पर विद्यालय जांच के नाम पर सहायक अध्यापक, अध्यापिकाओं को डरा धमकाकर उनसे अवैध वसूली करने का आरोप लगाया था। शिक्षकों ने यह भी आरोप लगाया कि इनके द्वारा सहायक अध्यापको का प्रतिनियोजन अन्यत्र विद्यालयों में नियम विरुद्ध न सिर्फ किया जाता है बल्कि मोटी रकम लेकर उनका प्रतिनियोजन तोड़ भी दिया जाता है।

### संतोष सिंह को मिला कुंदा व प्रतापपुर प्रखंड का अतिरिक्त प्रभार

संघर्ष मोर्चा के मांगों पर विचार करते हुवे जिला शिक्षा अधीक्षक सह अनुमंडल शिक्षा पदाधिकारी ने पत्र जारी करते हुवे उन्हें प्रभार मुक्त कर दिया है। वहीं प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी सिमरिया संतोष कुमार सिंह को कुंदा एवं प्रतापपुर प्रखंड में संचालित प्रार्थमिक, उत्क्रमित मध्य एवं मध्य विद्यालय के सरकारी शिक्षकों का वेतन भुगतान हेतु निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया गया है। इसकी सूचना प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी हंटरगंज वन, बीइओ सिमरिया एवं क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी चतरा व सिमरिया के साथ कोषागार पदाधिकारी को भी दे दी गई है।

## प्रतिभागी इंटर स्टेट लूडो प्रतियोगिता के लिए छत्तीसगढ़ रवाना

**बरवाडीह।** प्रखंड के रेलवे क्लब में आयोजित लूडो प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागी इंटर स्टेट लूडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए गुरुवार को रायगढ़ (छत्तीसगढ़) के लिए रवाना हुए। कांग्रेस के स्टेट कोऑर्डिनेटर विजय बहादुर सिंह ने सभी को बरवाडीह स्टेशन से आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुई विदा किया। लूडो प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए बरवाडीह से 9 खिलाड़ी को लेकर राज्य स्तरीय रेफरी असफाक अहमद मुन्ना रांची होते रायगढ़ पहुंचेंगे। चयनित लूडो खिलाड़ियों में राकेश कुमार, परमेश्वर कुमार, विवेक कुमार, अंकित कुमार, रोहित कुमार, पूनम कुमारी, मनीषा कुमारी, शीला कुमारी शामिल हैं। इस मौके पर रेलवे क्लब के महा सचिव रंजित सिंह राणा, पूर्व उप मुखिया काजमी अनवर, प्रेम कुमार अधूरा आदि भी मौजूद थे।

**पहल** | खासकर नेतरहाट में पर्यटन स्थलों पर सरकार की ओर से सुविधाएं बहाल की जा रहीं

# पर्यटन के क्षेत्र में शुमार हो रहा है लातेहार का भी नाम

**अजय सिन्हा। लातेहार**

कहना गलत नहीं होगा कि लातेहार जिला को प्रकृति ने फुर्सत से सजाया है। हरी-भरी वादियां, ऊंचे-नीचे पर्वत, कलकल बहती नदियां और जंगलों में महुआ व पलास की खुशबू, यह एक छोटा सा परिचय है लातेहार जिला का। जिले में नेतरहाट व बेतला नेशनल पार्क जैसे ख्याति प्राप्त पर्यटन स्थल हैं। नेतरहाट की मनोहारी वादियां और दिलकश आबोहवा पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती हैं तो बेतला नेशनल पार्क के खुले में घूमते जंगली जानवरों को देखना किसी रोमांच से कम नहीं होता है। हाल के दिनों में सरकार की ओर से लातेहार के पर्यटन स्थलों को विकसित करने की दिशा में पहल की जा रही है।



खासकर नेतरहाट में पर्यटन स्थलों पर सुविधाएं बहाल की जा रही हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन भी नेतरहाट में पर्यटन सुविधाएं बहाल करने की दिशा में गंभीर हैं। उन्होंने बीते दिनों प्रस्तावित नेतरहाट इको रिट्रीट-2023 के आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की है। इस दौरान उन्होंने नेतरहाट पर्यटन स्थल के आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में बने हुए निजी घरों को सुसज्जित करने, रोड कनेक्टिविटी को दुरुस्त करने और विद्युत के लिए सौर ऊर्जा के माध्यम से भी लाइट्स लगाने का निर्देश दिया है। उन्होंने वन विभाग के अधिकारियों को नेतरहाट पर्यटन क्षेत्र में चिन्हित रिक्त भूमि पर मिशन मोड में वृक्षारोपण का कार्य करने का भी निर्देश दिया है, ताकि नेतरहाट में हमेशा हरियाली रहे और यहां की आबोहवा सालोभर खुशगवार रहे।

### नेतरहाट डैम में बोटिंग की सुविधा हुई बहाल

नेतरहाट मुखिया रामविशुन नगेशिया ने कहा कि वोटिंग शुरू होने से यहां पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। काफी दिनों से नेतरहाट डैम में वोटिंग की मांग की जा रही थी। बता दें कि नेतरहाट डैम के पास ही एक पार्क का निर्माण कराया गया है। पर्यटक इसे भी पंसद करेंगे। यह तफहीह के लिए एक अच्छी जगह है। इसी तरह नेतरहाट के सनसेट प्वाइंट का सुंदरीकरण किया जा रहा है। यहां प्रतिदिन हजारों पर्यटक आते हैं। पर्यटकों के लिए शौचालय व पानी के अलावा बैठक की व्यवस्था की जा रही है। बता दें कि तत्कालीन उपायुक्त अराधना पटनाटक ने पहली बार सनसेट प्वाईंट का विकसित किया था।

### नेतरहाट में पर्यटक बढ़े हैं : गोविंद पाठक

टूरिज्म रिर्सोस पर्सन गोविंद पाठक ने बताया कि बीते चार-पांच वर्षों में नेतरहाट में पर्यटकों की संख्या में काफी इजाफा हुआ है। उन्होंने बताया कि दुर्गा पूजा से लेकर नये साल तक नेतरहाट के सभी होटल अभी से ही बुक हो गये हैं। हाल के दिनों में नेतरहाट में सरकार द्वारा पर्यटन सुविधाएं बहाल करने की दिशा में कई कार्य किये गये हैं। इस कारण भी नेतरहाट में पर्यटकों की संख्या बढ़ी है। हालांकि नेतरहाट में अभी भी कई ऐसे स्थल हैं, जिसको विकसित किया जाना बाकी है।

## राकेश अग्रवाल दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड मुख्यालय के बाजार पीपल गाछ दुर्गा पूजा मनाने के लिए दुकानदारों की बैठक दुर्गा मंडप में हुई। इसमें सर्वसम्मति से नई कमेटी का गठन किया गया, जिसमें राकेश कुमार अग्रवाल को अध्यक्ष चुना गया। वहीं शैलेंद्र सिंह (सिंपी) सचिव, मोहित कुमार मिट्ठू उपाध्यक्ष, मुकेश कुमार अग्रवाल कोषाध्यक्ष, रवि माली सहकोषाध्यक्ष, उत्तम कुमार, अवनीश कुमार सहउपाध्यक्ष, अंकित वर्मा, अमित कुमार अग्रवाल( बिट्टू) सहसचिव, राकेश रंजन अग्रवाल पूजा प्रभारी, राहुल अग्रवाल, जगनारायण माली सह पूजा प्रभारी, वीरेंद्र ठाकुर, राजकुमार जायसवाल लेखपाल, विशाल कुमार अग्रवाल ( पिक्कू) चंदा प्रभारी बनाए गए। विसर्जन प्रभारी गौतम कुमार, सत्यनारायण सत्ते को बनाया गया। पुटून कुमार, अभय नाथ को पंडाल प्रभारी बनाया गया। मुख्य संरक्षक महेंद्र सिंह, विष्णु लाल सहाय, जगदंबा प्रसाद, दीपक राज को बनाया गया।

### दुर्गा पुजा समिति के अध्यक्ष बने बब्बन

**बारियातु।** डाढ़ा ग्राम स्थित दुर्गा मंदिर परिसर में गुरुवार को दुर्गा पूजा को लेकर समाज सेवी दिलेश्वर प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में हुई। इसमें कमेटी का गठन किया गया, जिसमें अध्यक्ष बबन कुमार सिंह, उपाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह व उमेश सिंह, महा सचिव सुजित कुमार सिंह, उपसचिव लव प्रसाद सिंह, कोषाध्यक्ष धिरंजन कुमार सिंह, उप कोषाध्यक्ष वृंदा कुमार सिंह, संरक्षक बामदेव सिंह व निरंजन कुमार सिंह को बनाया गया।

## गागर में सागर

### फ्यूचर ऑफ नैनोटेक्नोलॉजी विषय पर पत्र वाचन में शशि कच्छप स्टेट टॉपर

**लोहरदगा।** मनोहर लाल अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज लोहरदगा में कक्षा 12वीं विज्ञान की छात्रा शशि कच्छप ने सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, कुम्हार टोली, हजारीबाग में विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा आयोजित प्रांतीय गणित एवं विज्ञान मेला में जीत का परचम लहराया है। गुमला विभाग का प्रतिनिधित्व करते हुए तरुण वर्ग में विज्ञान पत्र वाचन में फ्यूचर आफ नैनोटेक्नोलॉजी विषय पर अपना पत्र प्रस्तुत करते हुए उसने पूरे प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही उसने क्षेत्र स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने की पात्रता हासिल कर ली। प्रतियोगिता में भाग लेने साथ गई मार्गदर्शन शिक्षिका ऋद्धि मिश्रा ने बताया कि छात्रा ने प्रतियोगिता में अपनी शानदार प्रस्तुति दी और निर्णायक मंडली की प्रशंसाप्रशंसा भी बटोरी। महाविद्यालय के प्राचार्य उत्तम मुखर्जी ने बताया कि शशि ने विभाग स्तर पर भी अपनी प्रतिभा का लोहा मानवाते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया था। उसने विद्यालय के साथ-साथ पूरे गुमला विभाग का भी प्रांत स्तर पर मान बढ़ाया है। सफलता पर विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, शशिधर लाल अग्रवाल, अजय प्रसाद, विनोद राय, अश्विनी कुमार, कृष्णा प्रसाद, डॉ शशि गुप्ता, शीला अग्रवाल, शोभा देवी, जीतराम बड़ाइक, पुष्कर महतो, प्रदीप कुमार और विद्यालय की शिक्षक शिक्षिकाएं एवं कर्मी भी शामिल हैं।

### श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन

**लोहरदगा।** लोहरदगा में 56वां श्री श्याम महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस दौरान श्याम जी का अलौकिक श्रृंगार किया गया। रांची से आए श्याम मंडल के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के द्वारा एक से बढ़कर एक मनमोहक भजन गाए गए जिससे सारा वातावरण भक्ति मय हो उठा। महोत्सव में संदीप कुमार पोद्दार, दीपक सर्राफ, शिवप्रसाद राजगढ़िया, किशोर बंका, राकेश शर्मा, डब्बू सर्राफ, राम प्रकाश मोदी, विमल बंका, जय प्रकाश शर्मा, निशांत सराफ, ममता बंका, अनीता पोद्दार, अंजलि सर्राफ, दीपा पोद्दार आदि उपस्थित थे।

### मां अंबे दुर्गा पूजा समिति का विस्तार

**कैरो।** प्रखंड मुख्यालय में मां अंबे दुर्गा पूजा समिति की बैठक हुई। इस दौरान पुरानी कमिटी को भंग करते हुए नई कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से अध्यक्ष शरत कुमार विद्यार्थी, महासचिव शंभू सोनी, कोषाध्यक्ष बजरंग प्रसाद, सह सचिव रिंकू प्रसाद, सह कोषाध्यक्ष राज साहू, उपाध्यक्ष रवि प्रजापति, पप्पू गुप्ता, संदीप लोहरा, पूजा प्रभारी भोला प्रसाद, ओम साहू, ललेश पांडे, कमलेश प्रसाद, पंडाल प्रभारी गौतम साहू, मनोज पांडे, अंकित साहू, सलाहकार समिति सुरजमोहन साहू, बुधवा उरांव, राजेश सोनी (उतका), विवेक प्रजापति, विपिन सिंह, रावण निर्माण समिति अनिल पांडे, संजय महतो, पंकज गुप्ता, संजय साहू, सुरेश साहू, राजेश साहू, दिनेश साहू मांडिया प्रभारी रामप्रसाद पाल व विनोद रविदास को बनाया गया।

### दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष बने संतोष

**लोहरदगा।** केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति की बैठक संतोष लकड़ा की अध्यक्षता में की गई। बैठक का मुख्य विषय पूर्व की समिति को भंग कर नयी समिति का गठन करना था। बैठक में मुख्य रुप से संरक्षक ओमप्रकाश सिंह, मोहन दुबे, चंद्रशेखर अग्रवाल, अजय मित्तल आदि उपस्थित थे। बैठक में पुनः संतोष लकड़ा को केंद्रीय दुर्गा पूजा समिति का अध्यक्ष बनाया गया। मौके पर मोहन दुबे, राजेंद्र खत्री,कमल केसरी, सूरज अग्रवाल, अजय मित्तल, देवाशीष कर,मनीर उरांव, राजकिशोर महतो, चंद्रशेखर अग्रवाल, कमलजीत सिंह,मनोज कुमार गुप्ता, लालमोहन केसरी, रोहित साहू,सुमित राय, तापस राय,अजय पंकज,विनोद सिंह, बलबीर देव, रामचंद्र गिरी,सुरेश ठाकुर,अशोक पांडे,रितेश साहू, बिचु मुंडा,राजीव रंजन,आनंद पांडे,प्रवीण ठाकुर,मनोज साहू, उमेश सिंह सहित सैकड़ो माता रानी के भक्तगण उपस्थित थे।

### श्रद्धा के साथ मनाई गई अनंत चतुर्दशी

**लोहरदगा।** जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धालुओं ने आस्था व श्रद्धा के साथ अनंत चतुर्दशी व्रत किया। सुख की प्राप्ति व दुःखों से मुक्ति की कामना से भाद्र शुक्ल पक्ष चतुर्दशी के दिन श्रद्धालुओं ने अनंत चतुर्दशी का व्रत रखा। श्रद्धालुओं ने घरों व मंदिरों में भी सामूहिक रूप से पूजा-अर्चना की। श्रद्धालुओं ने उपवास रख केले के पत्ते का मंडप बनाकर कुश के अनंत देवता का फल व गुलाबी व पीले फूलों से पूजन किया गया। खास मनोकामनाएं की पूर्ति के लिए भृंगराज के पत्ते, शमी के पत्ते, तुलसी के पत्ते, बेलपत्र से भक्तिभाव से पूजा की। चौदह गांठ से बने धागे को खीरे में लपेटकर दूध-दही से बने क्षीरसमुद्र में मंथन किया। अनंत भगवान को ढूंढा। सिर पर मंथन किये मिश्रण को लगाया। पंडितों से कथा का श्रवण किया। इसके बाद आरती की गयी। धागे को बांह में धारण किया। इसके बाद खीर, पूरी व फल ग्रहण किया।

## लोहरदगा में 16 साल बाद शुरू हुआ जादूगर गोगिया सरकार का शो, कहा-दृष्टि भ्रम पर आधारित कला है जादू

# लोगों को चिंता और हताशा से मुक्ति दिलाने में सक्षम कला है जादू

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोहरदगा के नगर भवन में 28 सितंबर की संध्या से लगभग 16 साल बाद जादूगर गोगिया सरकार का शो शुरू हो गया। इस दौरान जादू के विभिन्न कलाओं का प्रदर्शन किया गया। जादू का शो का उदघाटन डीडीसी जयच्चेति सामंता ने किया।

आनंद कुमार गोयल उर्फ जादूगर गोगिया सरकार ने बताया कि प्रतिदिन नए-नए जादू का खेल दिखाया जाएगा, जिसे अभी तक कही न देखा गया है और न सुना गया है। इन चमत्कारों में दर्शकों के कल्पना के पार एक से बढ़कर एक खतरनाक व दिल दहला देनेवाली खेलो को भारतीय जादू जगत में पहली बार प्रयोग करेंगे। एक आरा मशीन से लड़के को दो टुकड़ा में बांट देना और तुरंत जोड़ देना, दर्शकों के बीच से आई लड़की हवा में तैरने लगेगी। जादूगर गोगिया सरकार ने बताया कि दरअसल जादू लगातार अभ्यास और चतुराई के बाद प्रस्तुत करने वाली एक मनोरंजक और ज्ञानपोट कला है। जादू निष्कपट मनोरंजन के लिए प्रकृति के नियमों को तोड़ती से प्रतीत होती है लेकिन यह जादू मनोविज्ञान के दृष्टि भ्रम पर आधारित कला है। बताया कि समाज में आज भी

अंधविश्वास व्याप्त है और जादू के माध्यम से तरह-तरह के कलाओं को प्रदर्शित कर अंधविश्वास को समाज से दूर करना ही हमारा मुख्य उद्देश्य है। अंधविश्वास तंत्र मंत्र से परे वैज्ञानिक सिद्धांतों और संघर्षमय, मनोवैज्ञानिक दायरे में बांधकर जादू लोगों का स्वस्थ मनोरंजन करते हुए दर्शकों को उनकी चिंताओं, हताशाओं से मुक्ति दिलाने में सक्षम कला है। जादू विज्ञान और योग पर आधारित कला है। जादू एक कला है, जो 90 प्रतिशत विज्ञान और 10 प्रतिशत सम्मोहन पर आधारित खेल है। जादू कला इन दिनों यह कला अपने देश में ही विलुप्त हो रही है। इसलिये इस कला को सिखर तक पहुंचाना और टीम से जुड़े लोगों की उन्नति उनका उद्देश्य बन गया है।

उन्होंने बताया कि अमेरिका जापान जर्मनी और इंग्लैंड जैसे विकसित देशों में भी भारतीय जादूगरों को बेहद पसंद किया जाता है क्योंकि जादू एक प्रकार का बौद्धिक व्यायाम है जो आज के तनाव भरे जीवन में बेहद आवश्यक है। भारतीय अध्यात्म से यह पूरी तरह संयोजित कला है। उन्होंने बताया कि सरकार वेद महाभारत रामायण कालीन पौराणिक इस कला को बचाए रखने के लिए अन्य कलाकारों की भाँति जादू कला के कलाकारों को पुरस्कृत करें तभी यह कला जीवंत रह सकती है अन्यथा यह कला प्रोत्साहन के अभाव में विलुप्ति के कगार पर आ गई है।

## मोहम्मद साहब के जन्मदिवस पर लोहरदगा जिले में आयोजित किए गए कार्यक्रम

# भंडरा में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूस के दौरान दो गुटों में झड़प

**नवीन मेल संवाददाता। भंडरा**

भंडरा थाना क्षेत्र अंतर्गत तेतरपोका गांव में ईद-ए-मिलाद-उन-नबी के जुलूस निकले जाने के दौरान में एक ही समुदाय के दो गुट आपस में उलझ गए। इस क्रम में दोनों पक्ष से धक्का-मुक्की एवं मारपीट हुई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों पक्ष के द्वारा लाठी-डंडे निकालने की भी बात कही जा रही है। मौके पर कार्यपालक दंडाधिकारी मनोज कुमार एवं पुलिस बल के द्वारा एवं स्थानीय लोगों के द्वारा दोनों पक्षों को विवाद से हटाया गया। इसके कारण तेतरपोका गांव का ईद उल मिलादुन्नबी का जुलूस स्थगित कर दिया गया। घटना की सूचना मिलने के बाद डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, सीओ दिनेश कुमार गुप्ता,थाना प्रभारी गौतम कुमार, जेएमएप्म प्रखंड अध्यक्ष परवेज अंसारी पुलिस बल के साथ गांव पहुंचे। दोनों पक्ष से बात कर दोनों पक्ष की बैठक करा कर सुलह कराया गया। तेतरपोका गांव में मुस्लिम समुदाय दो गुटों में बांटा हुआ है। दोनों गुटों के द्वारा अलग-अलग ईद उल मिलादुन्नबी का जुलूस निकाला गया था। एक गुट द्वारा तोरणद्वार बना कर बैनर लगाया गया था। इसी क्रम में दूसरे गुट का जुलूस का झंडा बैनर में फंसा गया, जिसके कारण विवाद हो गया। प्रशासन के द्वारा विवादित तोरण द्वारा एवं बैनर को हटा दिया गया है। बैठक में उप मुखिया सुहेल अमीन, राउफ मिरदाहा, आफताब आलम, तस्लीम मिरदाहा, मजबूला मिरदाह, मोजेबुल हक सहित अन्य ग्रामीण उपस्थित थे। इस मामले पर बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा ने कहा कि गांव में विवाद का निपटारा कर दिया गया है। थाना प्रभारी गौतम कुमार ने बताया कि दोनों ग्रुप के विवाद का निपटारा कर लिया गया है। इसके बावजूद गांव में दंडधिकारी के उपस्थिति में पुलिस बल रखा गया है। स्थिति पर नजर रखी जा रही है।

### डीएसपी, दंडाधिकारी ने दोनों गुटों में कराई सुलह, जुलूस के दौरान तोरणद्वार पर झंडा फंसने से हुआ था विवाद

### कुडू प्रखंड क्षेत्र में निकला जुलूस- ए- मोहम्मदी

**कुडू।** इस्लामधर्म के संस्थापक हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहो अलैही वस्सल्लम के जन्मदिन के शुभ अवसर पर कुडू शहर सहित प्रखंड के सुंदरू, ननतिली, जोंजरो, बारडीह, टाकू आदि गांव में रविवार को अकीकतमंदों द्वारा जुलूस - ए- मोहम्मदी निकाला गया। कुडू में जुलूस रहमत नगर बटन मुहल्ला से शुरू होकर ब्लॉक मोड़ पहुंचा जहां से मुख्य मार्ग से होते हुए, मस्जिद चौक, इंद्रा गांधी चौक, नीचे स्टैंड होते हुए वापस रहमत नगर पहुंचा। वहां फातेहा खवानी की गई जिसमे क्षेत्र और मुल्क में अमन व भाईचारे की दुआएं मांगी गई तथा शीरनी वितरण के बाद जुलूस समाप्त हुआ। जुलूस में सलीम अमीर, उप प्रमुख एनुल अंसारी, नावेज खान, हाफिज अब्दुल रहमान, मौलाना अहमद रजा मिस्बाही, हाफीज अखसर हुसैन, हाफीज अख्तर रजा, फजल खान, शहबान अंसारी, कमरुद्दीन खान आदि शामिल हुए। इस दौरान पुलिस प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर विशेष इंतजामत किए थे। सुबह से ही अलग-अलग चौक चौराहों पर मजिस्ट्रेट के अलावा पुलिस बल तैनात रहा। इसके अलावा इंस्पेक्टर मंटु कुमार, थाना प्रभारी विश्वजीत सिंह, और विशेष दस्ता भी क्षेत्र का भर्मण करता दिखा। वहीं जुलूस शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए प्रशासन ड्रोन कैमरे से भी नजर बनाये रहा।

### हर्षोल्लास से मना बारह रबीउल अव्वल त्योहार

**सेन्हा।** प्रखंड क्षेत्र में बारह रबीउल अव्वल का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु, अरु, बांधटोली, कलेपाटसेन्हा, झखरा, मुर्की तोड़ार, भंगाडी, उगरा, चितरी डांडु, भड़गांव आदि गांवों में अंजुमन इस्लामियां के सदर सेक्रेटरी के नेतृत्व में जुलूस ए मोहम्मदी निकाला गया। जुलूस के बाद भड़गांव मेला मैदान में क्षेत्र के मौलाना और मौलवियों के द्वारा फातिहा खवानी करने के बाद अपने अमन दुआ पढ़ी गई। अरु बांधटोली में नौजवान कमेटी के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया। सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सभी जगहों पर मजिस्ट्रेट के साथ एसआई कुलदीप राम, पंकज यादव, एएसआई विरेंद्र बाखला, रामचंद्र मांझी, राजेश राम लोहरा, अल्विना लकड़ा के साथ पुलिस बल तैनात किया गया था। थाना प्रभारी अभिनव कुमार क्षेत्र का जायजा लेते नजर आये। जुलूस में मौलाना गुलाम सरवर, समसुद्दीन के अलावे सदर शकील अंसारी, सेक्रेट्री वुनुस अंसारी, शौकत अन्सारी, शाहिद अन्सारी, मोख्तार अंसारी, जैनुल अंसारी, सज्जाद अंसारी, कयामुद्दीन अंसारी, एनुल अंसारी, मुतुर्जा अंसारी, जहीरुद्दीन अंसारी, हुसैन अंसारी, जैनुल आबेदीन, फिरोज अंसारी आदि शामिल थे।

### पैगंबर की आमद की खुशी में जुलूस निकाला

**भंडरा।** पैगंबर हजरत मोहम्मद सल्लल्लाहु अलेही वस्सल्लम के अहमद या जन्म के अवसर पर भंडरा में मोहम्मद के अनुयावियों के द्वारा जुलूस निकाला गया। इस दौरान विधि व्यवस्था को लेकर सीओ दिनेश कुमार गुप्ता, बीडीओ रंजीत कुमार सिन्हा, थाना प्रभारी गौतम कुमार, मुख्य रूप से उपस्थित थे। गांव गांव में एवं चौक चौराहा में दंडाधिकारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। जुलूस का आयोजन भंडरा कमेटी द्वारा किया गया था। जुलूस में भंडरा, उदरंगी, भैयागांव, भवरो नदी टोली, सोरंडा, वलसोता, बांध टोली पलमी, सरनाटोली के लोग शामिल हुए। जुलूस नवडीहा चौक से शुरू होकर छोटी मस्जिद तक गया, जहां कुरानखानी की गई।

### कैरो में हर्षोल्लास से मना जुलूस-ए-मोहम्मदी

**कैरो।** पैगंबर-ए-इस्लाम हजरत मोहम्मद साहब का जन्मदिवस जश्ने आमदे रसूल ईद मिलादुन्नबी का त्योहार हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। गुरुवार को जगह-जगह जुलूस निकालने के साथ सीरते नबवी की महफिलें सजाई गई। मौके पर चरिमा, अम्बवा, नरौली, गाराडीह, गजनी सहित कई गांवों का जुलूस नागजुआ मदरसा के पास पहुंचा। इसके बाद वहा जलसा का आयोजन किया गया। देश में अमन चैन की दुआ मांगी गई। मौके पर नेसार खान, मकसूद खान, महबूब अंसारी, नसीम अंसारी, निजामुद्दीन अंसारी, नासिर अंसारी, अवरार अंसारी, संजीव खान, साजिद खान, मजूल अंसारी, सुल्तान अंसारी, मजीद अंसारी, कुर्बान अंसारी, जाबिर अंसारी, मोहसिन रिजवी, वुनुस अंसारी, हुमायूं अंसारी, हैदर खान आलम अंसारी सज्जाद खान आदि ग्रामीण मौजूद थे।

### कैमो महुआ टोली में मना ईद-ए-मिलाद-उन-नबी

**लोहरदगा।** कैमो महुआ टोली में हर्षोउल्लास के साथ जुलूस ए मोहम्मदी ईद मिलादुन्नबी मनाई गई। इस मौके पर गली मोहल्ले के साथ-साथ लोहरदगा चांपी मेन रोड में जुलूस निकाला गया। महुआ टोली इमाम हुसैन चौक पर पहुंचकर सलातो सलाम पढ़ी गई और सबकी सलामती के लिए दुआ मांगी गई। जुलूस को कामयाब बनाने में खास तौर से सदर मुमताज अंसारी सेक्रेटरी इकरामुल अंसारी के अलावे हाजी निजामुद्दीन साहब, मुंतज़िर अंसारी, खलील रोजाउद्दीन, रुस्तम जैनुल, महफूज अंसारी, महबूब मुशर्फ, तौहीद हाफिज, अफरोज आलम, मास्टर समीम सलिल, समसुल अंसारी का खास योगदान रहा।

## नदी में डूबा बच्चा, तलाश में जुटी एनडीआरएफ की टीम

**अभिषेक केशरी। चैनपुर (गुमला)**

प्रखंड के शंख नदी में बुधवार को दोस्तों के साथ नहाने के दौरान एक 9 वर्षीय बालक नदी में डूब गया। बालक का गुरुवार दोपहर तक कोई पता नहीं चल पाया था। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस एवं ग्रामीणों के द्वारा नदी में जगह-जगह बच्चे को रात 2:00 बजे तक ढूंढा गया मगर उसका कहीं कोई पता नहीं चला। इसके बाद घटना की सूचना एनडीआरएफ की टीम को दी गई। एनडीआरएफ की टीम गुरुवार सुबह से बालक को ढूंढने में जुटी है। लापता बालक चैनपुर के प्रेम नगर निवासी जागेश्वर रौतिया का पुत्र अभिनव रौतिया है। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि वह अपने चार दोस्तों के साथ दिन के लगभग 2:00 बजे शंख नदी नहाने चला गया था। इसकी जानकारी घरवालों को भी नहीं थी। उसके दोस्तों ने उसके डूबने की जानकारी घर लौटकर परिजनों को भी नहीं दी। शाम 6:00 बजे पूछताछ में बताया कि वह नदी में डूब गया है। घटना की जानकारी के बाद शंख नदी पर बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ जमा

### बच्चों के डूबने की खबर के बाद देर रात तक चैनपुर पुलिस व ग्रामीण बच्चों को ढूंढने में लग रहे

हो गई जो देर रात लगभग 2:00 बजे तक बच्चे को ढूंढते रहे। गुरुवार सुबह से प्रशासनिक स्तर पर लापता बच्चों की तलाश के लिए एनडीआरएफ की टीम तलाश में लगी है। परिजनों ने बताया कि वह कभी नदी नहाने नहीं जाता था मगर बुधवार को उसके दोस्त नहाने ले गए थे। वहीं एनडीआरफ टीम कमांडर राहुल सिंह ने कहा कि बच्चों के डूबने की जानकारी मिलने के बाद रांची से 15 सदस्य टीम पहुंची है। साथ में गए दोस्तों से पूछताछ कर गोताखोरों के द्वारा बच्चों की तलाश की जा रही है। एनडीआरएफ की टीम नदी में 12 किलोमीटर तक लापता बच्चों की तलाश में जुटी रही पर अब तक बच्चे का कोई सुराग नहीं मिल पाया है। इस दुखद घटना से परिजन के साथ-साथ पूरे चैनपुर के लोग आहत हैं। चैनपुर के ग्रामीण अपने स्तर से बच्चे को ढूंढने का पूरा प्रयास कर रहे हैं।

## लोहरदगा में बीस घंटे से ब्लैक आउट की स्थिति

### खराबी दूर कर विद्युत आपूर्ति शीघ्र होगी बहाल : एइ आईजू कच्छप



**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लगातार 20 घंटे से शहरी क्षेत्र कई हिस्से में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बंद होने से आम दिनचर्या पर प्रतिकूल पड़ा है। शहरी क्षेत्र के महादेव टोली, गिरजा चौक, कृषि बाजार, उपर बाजार समेत कई इलाके में लगभग 20 घंटे से ब्लैक आउट की स्थिति है।

मिली जानकारी के अनुसार बुधवार शाम को हवा के दबाव में आकर कृषि बाजार क्षेत्र में 11000 वोल्ट के दो विद्युत तार आपस में सट गए। उच्च क्षमता के दो विद्युत तार के आपस में सटने से विद्युत आपूर्ति सिस्टम फेल हो गया। पतरा टोली स्थित विद्युत सप्लाई स्टेशन में लगा विद्युत डीसी व्यवस्था पूरी तरह जलकर फेल हो गया। इससे पूरे शहर की विद्युत आपूर्ति पूरी तरह फेल हो गई। इस संदर्भ में विद्युत विभाग के सहायक अभियंता आइज् कच्छप ने बताया कि विद्युत आपूर्ति व्यवस्था में लगे संवंत्र जलकर फेल हो गया है। कर्मी और विद्युत अभियंता खराबी को दुरुस्त करने में लगे हैं। व्यवस्था दुरुस्त होने के बाद गुरुवार रात से शहर में अलग- अलग फेज में विद्युत आपूर्ति बहाल कर दी जाएगी।

## पहल हमारा प्रयास है कि अच्छी तरह से हो सड़कों का निर्माण : भगत

# सांसद ने 3 सड़क योजना का किया शिलान्यास

**नवीन मेल संवाददाता। लोहरदगा**

लोकसभा सांसद सुदर्शन भगत ने गुरुवार को प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत तीन प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना का शिलान्यास किया। मौके पर जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी, जिला अध्यक्ष मनीर उरांव, पूर्व विधायक रमेश उरांव, ओमप्रकाश सिंह, श्रीचंद प्रजापति आदि मौजूद थे।

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना अंतर्गत पीएमजीएसवाई-3, बैच - 2 मद से स्वीकृत पाठ जोगना मोड़ से गगेया तक पथ की लंबाई (8.05 किलोमीटर, सेरेंगहातु से पीडब्ल्यूडी रोड बक्सीडिपा तक पथ (लम्बाई-5:20 किमी), स्वीकृत पथ पीडब्ल्यूडी रोड बरही से कोरामबे भाया जामुनडिपा, गगेया, घाटा तक पथ की (लम्बाई 13.00 किमी) शामिल है। सांसद ने कहा कि प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना का उद्देश्य गरीबों के उत्थान, पहुंच, कृषक के उपज को उचित स्थल तक पहुंचाने के लिए किया था। आज प्रधानमंत्री मोदी लगातार ग्रामीण क्षेत्रों के विकास के लिए तत्परता से योजनाओं में राशि बढ़ोतरी कर नवनिर्माण और सुदृढ़ीकरण कर रहे हैं। हमारे क्षेत्रों में लगातार पीएमजीएसवाई सड़कें बन रही हैं। बहुत से और भी सड़कें हैं जिसकी राशि राज्य को मिल गई है। वह तकनीकी कारणों से राज्य में फंसी है। हमारा प्रयास रहा है कि ग्रामीणों की समस्या का हल जल्द हो। इसी माह टांगीनाथ वाली लंबी सड़क का भी शिलान्यास हो गया।

मौके पर सांसद प्रतिनिधि चंद्रशेखर अग्रवाल, बालकृष्ण सिंह, हर्षनाथ साहू, पशुपति नाथ पारस, प्रखंड अध्यक्ष नवीन कुमार साहू, मंडल महामंत्री रजनीश सिंह, दिनेश साहू प्रखंड उपाध्यक्ष प्रदीप सिंह, मनीरतन उरांव, महावीर साहू, नरेश महतो, अरु पंचायत संयोजक रतन साहू, सहसंयोजक संतोष राम, योद्धा साहू, अशोक साहू अमित गोप, आनंद साहू, संजय साहू, राम नंदन साहू आदि उपस्थित थे।

## प्रतियोगिताओं के विजेता हुए सम्मानित

**नवीन मेल संवाददाता। गुमला**

केंद्रीय संचार ब्यूरो, गुमला की ओर से जिला के रायडीह प्रखंड स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में 'राष्ट्रीय पोषण माह', 'स्वच्छता ही सेवा', 'मेरी माटी-मेरा देश', 'पीएम विश्वकर्मा योजना', 'हिंदी पखवाड़ा' आदि विषयों पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस मौके पर जागरूकता रैली, सेमिनार, सांस्कृतिक गीत एवं नृत्य, स्वच्छता शपथ आदि का आयोजन हुआ। साथ ही रंगोली, चित्रांकन आदि प्रतियोगिताओं विजेताओं को सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि क्रिस्टोफर किड़ो, सर्कल इंस्पेक्टर, अंचल कार्यालय, रायडीह, वार्डन सह शिक्षिका सुनामी कुमारी एवं क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी महविश रहमान ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम स्थल पर रंगोली एवं चित्रांकन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत किया

गया। रंगोली प्रतियोगिता में ईशा मिंज, शीतला कुमारी, अनीशा टोप्पो, दयामनी कुजूर, अनिंदिता कुमारी और पालकी कुमारी विजई रहे और पेंटिंग प्रतियोगिता में रितिका सिंह, सुमंती किंडो, सुहैला परवीन और रिया खखा को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में दर्शक दीर्घा के रूप में करीब 500 ग्रामीणजन एवं बच्चे शामिल हुए। कार्यक्रम में चंद्रशेखर राम, संध्या कुमारी, रोज कांता एक्का, प्रमिला कुंडू , राधिका कच्छप, मो. जाकिर खान और अन्य शिक्षक-शिक्षिकाओं, समाजसेवी, ग्रामीण जन एवं अन्य प्रबुद्ध नागरिक के साथ केंद्रीय संचार ब्यूरो गुमला के कर्मचारीगण भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन क्षेत्रीय प्रचार सहायक अंजनी मिश्रा ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ श्री अतुल्यम रत्न तिर्की, श्री संजय साहू की महती भूमिका रही।

## गागर में सागर

### यूटीआई म्यूचुअल फंड देवघर में आज खोलेगा नया वित्तीय केंद्र

**रांची/देवघर।** देश के सबसे बड़े एसेट मैनेजमेंट में से एक यूटीआई एसेट मैनेजमेंट कंपनी (यूटीआई एएमसी) 29 नए वित्तीय केंद्रों के लॉन्च करने की घोषणा की है। झारखंड के देवघर में एक नया यूटीआई फाइनेंशियल सेंटर (युएफसी) खुलेगा। नया सेंटर नया यूएफसी दुर्गा टावर वीआईपी, चौककोर्ट रोड में खुल रहा है। इन कार्यालयों का उद्घाटन शुक्रवार, 29 सितंबर 2023 को सभी स्थानों पर एक ही समय पर किया जाएगा। यह रणनीतिक कदम निवेशकों को बेहतर वित्तीय सेवाएं और पहुंच प्रदान करने की यूटीआई एएमसी की प्रतिबद्धता को दशार्ता है, जिससे पूरे भारत में वित्तीय उद्योग में हमारी उपस्थिति और मजबूत होगी। यूटीआई के एमडी और सीईओ इम्तियाजुर रहमान ने कहा कि हम अपने निवेशकों के करीब रहने और निर्वाध रूप से अपनी व्यापक पेशकश प्रदान करने के उद्देश्य से देश भर में अपने नेटवर्क को लगातार बढ़ा रहे हैं। आने वाले गैर मेट्रो शहरों में विकास की अपार संभावनाएं है जहां लोग निवेश करने के इच्छुक है। हम म्यूचुअल फंड निवेश पर उनकी समझ विकसित करने और इन शहरों में अपने उत्पादों तक बेहतर पहुंच प्रदान करने का प्रयास करते हैं। इन 29 नए कार्यालयों के साथ हमारे वित्तीय केंद्रों का विस्तार वित्तीय सेवाओं को सरल बनाने और उन्हें सभी के लिए सुलभ बनाने के हमारे दृष्टिकोण के अनुरूप है। यूटीआई म्यूचुअल फंड हमेशा अपने वितरण नेटवर्क के माध्यम से अपने निवेशकों तक पहुंचने का प्रयास करता है, जिसमें वित्तीय केंद्र (यूएफसी), बिजनेस डेवलपमेंट एसोसिएट्स, म्यूचुअल फंड डिस्ट्रीब्यूटर्स (एमएफडी) और बैंकों के साथ गठजोड़ शामिल हैं।

### 58 हजार के नीचे आया सोना, चांदी भी 70 हजार के करीब आई

**नई दिल्ली।** गुरुवार को सरार्फा बाजार में सोने-चांदी की कीमतों में लगातार तीसरे दिन गिरावट देखने को मिली है। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन की वेबसाइट के मुताबिक, आज सरार्फा बाजार में 24 कैरेट सोने के दाम 529 रुपए गिरकर 57,925 रुपए प्रति 10 ग्राम पर आ गए हैं। वहीं 18 कैरेट सोने की कीमत 43,444 रुपए रह गई है। सोना 6 महीने के निचले स्तर पर आ गया है। आईसीआईसीआई सिक्योरिटीज के हेड (कमोडिटी एंड करेंसी) अनुज गुप्ता के अनुसार आने वाले दिनों में इसकी कीमतों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। IBJA की वेबसाइट के अनुसार आज चांदी की कीमत से 600 रुपए ज्यादा की गिरावट देखने को मिली है। ये 630 रुपए फिसलकर 70,300 रुपए प्रति किलोग्राम पर आ गई है। इससे पहले सोमवार को ये 71,557 रुपए पर थी। इस महीने की शुरूआत यानी 1 सितंबर को सोना 59,312 रुपए प्रति 10 ग्राम पर था, जो अब 57,925 रुपए पर आ गया है। यानी इसकी कीमत में इस महीने अब तक 1,387 रुपए की गिरावट देखने को मिली है।

### सिग्नेचर ग्लोबल का शेयर पहले दिन 19% की बढ़त के साथ बंद

**नई दिल्ली।** रियल्टी कंपनी सिग्नेचर ग्लोबल (इंडिया) का शेयर बुधवार को अपने निर्गम मूल्य 385 रुपए पर 19 प्रतिशत के उछाल के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी के शेयर ने निर्गम मूल्य से 15.58 प्रतिशत चढ़कर 445 रुपए पर शुरूआत की। दिन में कारोबार के दौरान यह 22.97 प्रतिशत के उछाल के साथ 473.45 रुपए पर पहुंच गया। अंत में यह 19.06 प्रतिशत चढ़कर 458.40 रुपए पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 15.32 प्रतिशत के उछाल के साथ 444 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ। अंत में यह 18.58 प्रतिशत चढ़कर 456.55 रुपए पर बंद हुआ। कंपनी का बाजार मूल्यांकन 6,441.01 करोड़ रुपए रहा।

### एमरॉन बैटरी बनाने वाली कंपनी ने नाम बदला

**मुंबई।** एमरॉन के ब्रांड नेम से बैटरी बेचनी वाली कंपनी 'अमारा राजा बैटरीज' ने गुरुवार को अपना नाम बदलकर 'अमारा राजा एनर्जी एंड मोबिलिटी लिमिटेड' कर लिया। यह कंपनी इंडस्ट्रियल और ऑटोमोटिव बैटरी बनाती है। कंपनी अपने आप को बैटरी से लेकर एनर्जी और मोबिलिटी सेक्टर्स में एक्सपेंड कर रही है। कंपनी का एक्सपेंशन उसके नाम में भी रिफ्लेक्ट हो, इसी मकसद से नाम को बदला गया है। पिछले दो वर्षों में, अफ्ए&ट ने रणनीतिक रूप से अपने पोर्टफोलियो का एक्सपेंशन किया है और प्रोडक्ट की एक लंबी रेंज ऑफर की है। इनमें ऑटोमोटिव बैटरी, इंडस्ट्रियल बैटरी, बैटरी स्टोरेज सॉल्यूशन्स, लिथियम-आयन सेल मैन्युफैक्चरिंग, इलेक्ट्रिक व्हीकल चार्जर्स, लिथियम-आयन बैटरी पैक असेंबली, रिन्यूएबल एनर्जी स्टोरेज सॉल्यूशन्स, बैटरी मैनेजमेंट सिस्टम्स और ल्यूब्रिकेंट्स शामिल हैं।

# भारत से मोबाइल फोन का निर्यात 45,000 करोड़ रुपये के पार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

'मेक इन इंडिया' पहल को बढ़ावा देते हुए, भारत ने चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-अगस्त की अवधि के बीच 5.5 बिलियन डॉलर (45,000 करोड़ रुपये से अधिक) के मोबाइल फोन निर्यात किए। आईएएनएस को मिले वाणिज्य विभाग और इंडिया सेल्युलर एंड इलेक्ट्रॉनिक्स एसोसिएशन के अनुमान के अनुसार, अप्रैल-अगस्त की अवधि में 5.5 अरब डॉलर के मोबाइल फोन निर्यात हुए, जबकि वित्त वर्ष 22-23 की समान अवधि में 3 अरब डॉलर का निर्यात हुआ था। उद्योग सूत्रों के अनुसार अप्रैल-अगस्त की अवधि में भारत निर्मित फोन निर्यात में एप्पल सबसे आगे रहा और पहली बार कुल अनुमानित आंकड़े के 50 प्रतिशत से अधिक को पार कर सैमसंग दूसरे स्थान पर रहा। सूत्रों ने आईएएनएस को बताया कि जून तिमाही में, एप्पल ने देश के कुल 12 मिलियन स्मार्टफोन शिपमेंट में से लगभग 50 प्रतिशत निर्यात किया, जबकि सैमसंग ने 45 प्रतिशत निर्यात किया। यह पहली बार है जब एप्पल ने देश से स्मार्टफोन निर्यात मात्रा में अपने दक्षिण कोरियाई समकक्ष सैमसंग को पीछे छोड़ दिया है, क्योंकि इसमें आईफोन 15 सीरीज की मजबूत बिक्री और मांग देखी गई जो पिछले साल की तुलना में 100 प्रतिशत (या 2 गुना) से अधिक थी। भारत चालू वित्त वर्ष में मोबाइल फोन निर्यात में 1,20,000 करोड़ रुपये को पार करने के लिए तैयार है, जिसमें एप्पल वित्त वर्ष 24 में 50 प्रतिशत से अधिक के साथ बाजार में अग्रणी रहेगा। नवीनतम आंकड़ों के अनुसार घरेलू विनिर्माण से प्रेरित, एप्पल आईफोन इस साल एंड्रॉइड-प्रभुत्व वाले स्मार्टफोन बाजार में 7 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल करने के लिए भी तैयार है। देश में इस साल की पहली छमाही में एप्पल आईफोन शिपमेंट में 68 प्रतिशत (साल-दर-साल) की वृद्धि हुई। मार्केट रिसर्च फर्म साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) के अनुसार, पहली छमाही में एप्पल ने भारतीय स्मार्टफोन बाजार में 6 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी हासिल की और 63 प्रतिशत की मजबूत बाजार हिस्सेदारी के साथ सुपर-प्रीमियम स्मार्टफोन सेगमेंट (50,000 रुपये से 100,000 रुपये के बीच) पर अपना दबदबा बनाया। पहली बार एप्पल ने अपनी वैश्विक बिक्री के पहले दिन भारत निर्मित आईफोन 15 और 15 प्लस बेचे, साथ ही उन इकाइयों को कुछ अन्य बाजारों में भी निर्यात किया। ऐसा अनुमान है कि लॉन्च तिमाही में आईफोन 15 की शिपमेंट, जो भारत में बड़े पैमाने पर त्योहारी सीजन की शुरूआत करती है, 'मेक इन इंडिया' पहल में वृद्धि के कारण लगभग 65 प्रतिशत रहेगी।

## अमेरिकी कच्चे तेल के स्टॉक में भारी गिरावट से 3% कीमत में हुई बढ़ोत्तरी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

अमेरिकी कच्चे तेल के भंडार में उम्मीद से अधिक गिरावट के बाद बुधवार को तेल की कीमतों में लगभग 3% की वृद्धि हुई, जिससे ओपेक+ के उत्पादन में कटौती के बीच आपूर्ति में कमी की चिंता बढ़ गई। ब्रेंट क्रूड वायदा $97 प्रति बैरल के स्तर को पार कर गया, और सुबह 11:40 बजे ईटी (1540 जीएमटी) तक $2.55 से $96.51 प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। यूएस वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट क्रूड वायदा (डब्ल्यूटीआई) $3.16 चढ़कर $93.54 हो गया। दोनों बेंचमार्क इस साल के इंट्राडे ट्रेडिंग में अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए। सरकारी आंकड़ों से पता चलता है कि पिछले हफ्ते 2.2 मिलियन बैरल बढ़कर 416.3 मिलियन बैरल हो गया, जबकि रॉयटर्स पोल में विश्लेषकों ने 320,000 बैरल की गिरावट की उम्मीद जताई थी। आंकड़ों से पता चलता है कि प्रमुख कुशिंग, ओक्लाहोमा, भंडारण केंद्र और अमेरिकी कच्चे वायदा के वितरण बिंदु पर कच्चे स्टॉक सप्ताह में 943,000 बैरल गिरकर 22 मिलियन बैरल से कम हो गए, जो जुलाई 2022 के बाद सबसे कम है।वरिष्ठ उपाध्यक्ष डेनिस किसलर ने आगाह किया, ''बाजार में बहुत ज्यादा खरीदारी है और निश्चित रूप से सुधार की जरूरत है।

## लुलु ग्रुप ने हैदराबाद में खोला मॉल 3,500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना

**एजेंसी। हैदराबाद**

संयुक्त अरब अमीरात स्थित रिटेलर लुलु ग्रुप ने बुधवार को हैदराबाद में अपना पहला मॉल खोलकर तेलंगाना में प्रवेश किया। समूह ने अगले तीन वर्षों में राज्य में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश करने की अपनी प्रतिबद्धता भी दोहराई। तेलंगाना के उद्योग मंत्री केटी रामा राव ने 5,00,000 वर्ग फुट में फैले मॉल का उद्घाटन किया। लुलु समूह के अध्यक्ष यूसुफ अली ने कहा कि वे तेलंगाना में अगले तीन वर्षों में 3,500 करोड़ रुपये का निवेश करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। 100 प्रतिशत निर्यात की सुविधा के लिए निवेश एक गंतव्य शॉपिंग मॉल, मिनी मॉल और कृषि सोर्सिंग, लॉजिस्टिक्स और प्रोसेसिंग हब में होगा। उन्होंने कहा कि दूसरी परियोजना हैदराबाद में मांस प्रसंस्करण सहित नियार्तोन्मुख अत्याधुनिक खाद्य प्रसंस्करण केंद्र होगी। उन्होंने कहा, स्थानीय मछुआरा समुदाय का समर्थन करने के लिए हम मंत्री के निर्वाचन क्षेत्र (सिरसिला) में समुद्री खाद्य खरीद और प्रसंस्करण केंद्र की योजना बना रहे हैं। केटी रामा राव ने कहा कि मॉल पहला कदम था। लुलु समूह ने सुपरमार्केट, मॉल, खाद्य प्रसंस्करण,



जलीय और मछली प्रसंस्करण सहित संबद्ध क्षेत्रों में 3,500 करोड़ रुपये के निवेश का वादा किया था। उन्होंने कहा कि इससे न केवल तेलंगाना में युवाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा होंगे बल्कि मछली और पोल्ट्री किसानों को भी लाभ होगा। यह मॉल कुकटपल्ली क्षेत्र में बना है। 300 करोड़ रुपये की परियोजना हैदराबाद और इसके आसपास के लोगों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारी का अनुभव प्रदान करेगी। मॉल 75 से अधिक स्थानीय और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडों के साथ एक मेगा लुलु हाइपरमार्केट, 1,400 लोगों की बैठने की क्षमता वाला एक पांच-स्क्रीन सिनेमा, एक बहु-व्यंजन फूड कोर्ट और बच्चों के मनोरंजन केंद्र आदि की मेजबानी करता है।

### छह ढांचागत परियोजनाओं को मंजूरी देने की सिफारिश

**नई दिल्ली।** पीएम गति शक्ति पहल के तहत 52 हजार करोड़ रुपये की सड़क और रेलवे की 6 बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को मंजूरी देने की सिफारिश की गई है। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने यह जानकारी दी है। वाणिज्य मंत्रालय ने गुरुवार को जारी बयान में बताया कि पीएम गति शक्ति के तहत सड़क और रेलवे की छह बुनियादी ढांचागत परियोजनाओं को मंजूरी देने की सिफारिश की गई है। इन छह परियोजनाओं का मूल्यांकन 27 सितंबर को 56वीं नेटवर्क प्लानिंग ग्रुप (एनपीजी) की बैठक में किया गया। मंत्रालय के मुताबिक समूह की बैठक में जिन छह परियोजना प्रस्तावों का मूल्यांकन किया गया, उनमें सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय की चार परियोजनाएं और रेल मंत्रालय की दो परियोजनाएं शामिल हैं।

## वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी से शेयर बाजार में मचा हाहाकार



**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को बड़ी गिरावट दर्द की गई है। बाजार में आई इस मंदी के तीन बड़े कारण थे। पहला- वैश्विक शेयर बाजारों में कमजोरी, दूसरा- क्रूड ऑयल की कीमतों में उछाल और तीसरा- विदेशी संस्थागत निवेशकों यानी एफआईआई की बिकवाली। बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स गुरुवार को 0.92 फीसदी या 610.37 अंक की गिरावट के साथ 65,508.32 पर बंद हुआ। वहीं एनएसई निफ्टी 0.93 फीसदी या 182 अंक की गिरावट के साथ 19,533 पर बंद हुआ। सेंसेक्स पैक के शेयरों की बात करें, तो सबसे अधिक गिरावट टेक महिंद्रा में 4.59 फीसदी, एशियन पेंट में 3.97 फीसदी, विप्रो में 2.36 फीसदी और महिंद्रा एंड महिंद्रा में 2.10 फीसदी दर्ज हुई। वहीं, सबसे अधिक तेजी लार्सन एंड टुब्रो में 1.69 फीसदी, भारती एयरटेल में 1.34 फीसदी और पावरग्रिड में 0.73 फीसदी दर्ज हुई। निफ्टी-50 में गुरुवार को 6 शेयर हरे निशान पर और 44 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। निफ्टी-50 पैक के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट टेक महिंद्रा में 4.32 फीसदी, एशियन पेंट में 3.77 फीसदी, एलटीआईएम में 2.95 फीसदी, डिविस लैब में 2.68 फीसदी और विप्रो में 2.48 फीसदी दर्ज हुई। वहीं, सबसे अधिक तेजी लार्सन एंड टुब्रो में 1.38 फीसदी, पावरग्रिड में 1.05 फीसदी, एक्सिस बैंक में 0.74 फीसदी, भारती एयरटेल में 0.64 फीसदी दर्ज हुई। गुरुवार को सारे सेक्टोरल सूचकांक लाल निशान पर बंद हुए। सबसे अधिक गिरावट निफ्टी आईटी में 2.19 फीसदी, निफ्टी एफएमसीजी में 1.91 फीसदी, निफ्टी ऑटो में 1.17 फीसदी और निफ्टी मीडिया में 1.40 फीसदी दर्ज हुई। इसके अलावा निफ्टी मेटल में 0.96 फीसदी, निफ्टी फार्मा में 0.90 फीसदी और निफ्टी रियल्टी में 0.97 फीसदी की गिरावट दर्ज हुई।

## विदेश

## पाकिस्तान में 3 और अहमदिया मस्जिदों में तोड़फोड़, टीएलपी पर लगाया आरोप



**एजेंसी। इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में अल्पसंख्यकों पर अत्याचार थमने का नाम नहीं ले रहे हैं। यहां हिंदू-सिख, इसाई ही नहीं बल्कि अहमदिया समुदाय को भी लगातार निशाना बनाया जा रहा है। अहमदिया समुदाय भयग्रस्त है क्योंकि पाकिस्तान में इस साल जनवरी से अब तक पुलिस या इस्लामी चरमपंथियों द्वारा अहमदियों के धार्मिक स्थलों को अपवित्र करने या मिनारों और मेहराबों को गिराने की 34 घटनाएं हुई हैं जिनमें से ज्यादातर घटनाओं का संबंध पंजाब से है। ताजा मामला लाहौर के शेखपुरा जिले का जहां बुधवार को अहमदिया समुदाय के तीन मस्जिदों को तोड़ दिया गया। समुदाय के लोगों ने आरोप लगाया है कि कट्टरपंथी संगठन तहरीक-ए-लब्बैक पाकिस्तान (टीएलपी) के दवाब पर पुलिस मस्जिदों में तोड़फोड़ कर रही है। डॉन की रिपोर्ट के अनुसार, पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में एक पुलिस की एक टीम ने मस्जिद की मीनारों के ऊपरी हिस्से को ध्वस्त कर दिया। साथ ही उन्होंने इन हिस्सों को ढकने का भी आदेश दिया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि अहमदिया समुदाय ने पाकिस्तानी कानून के खिलाफ जाकर पूजा स्थलों की मीनारों का निर्माण किया। इससे पहले उन्हें इन मीनारों को हटाने का आदेश दिया गया था। इससे पहले भी शेखपुरा जिले में तीन मस्जिदों को नुकसान पहुंचाने की घटना हो चुकी है। इन तीनों मस्जिदों की मीनार तोड़ दी गई थीं। पिछले कुछ दिनों के दौरान शेखपुरा, बहावलनगर और बहावलपुर जिलों में अहमदिया के मस्जिदों की मीनारों को मुस्लिम मस्जिद जैसा बताते हुए टीएलपी के कार्यकर्ताओं ने घुसकर तोड़ दिया। उल्लेखनीय है कि, लाहौर हाई कोर्ट ने 1984 से पहले अहमदिया समुदाय के मस्जिदों के खिलाफ इस तरह के हमलों पर रोक लगा दी थी।

### पाकिस्तान में रूस के एलपीजी पर बवाल

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान और रूस एलपीजी की डिलिवरी पर अब आमने सामने हैं। राजधानी इस्लामाबाद में रूस के दूतावास की तरफ से मंगलवार को बताया गया है कि एलपीजी की पहली खेप हासिल हो गई है। रूस की तरफ पाकिस्तान को मिली यह दूसरी एनर्जी सप्लाई है। एलपीजी की रूस से पहले ईरान पहुंची और फिर पाकिस्तान आई है। लेकिन अब इसी विषय पर दोनों देश आमने-सामने हैं। पाकिस्तान को रूस से एक लाख मीट्रिक टन गैस की सप्लाई हुई है। रिपोर्ट के मुताबिक इस साल की शुरूआत में दोनों देशों के बीच हुए समझौते के तहत पाकिस्तान को कच्चे तेल की पहली डिलीवरी के बाद गैस की सप्लाई की गई है। रूस के दूतावास ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा कि रूस ने ईरान के सरख्स स्पेशल इकोनॉमिक जोन से पाकिस्तान को गैस की आपूर्ति की है।

## रूस का आरोप- यूक्रेन ने हमारे नौसैनिक अड्डे पर किया हमला



**एजेंसी। मास्को**

रूस ने बुधवार को आरोप लगाया कि देश में मिलाए गए क्रीमिया प्रायद्वीप स्थित काला सागर बेड़े के उसके मुख्यालय पर पिछले सप्ताह मिसाइलों से किए गए हमले की योजना यूक्रेन के पश्चिमी सहयोगियों ने बनाई थी और उसे अंजाम देने में सहयोग किया था। रूस के रक्षा मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जाखारोव ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, इसमें कोई संदेह नहीं है कि हमले की योजना पश्चिमी खुफिया एजेंसियों, नाटो के उपग्रहों से ली गई तस्वीरों और टोही विमानों का उपयोग करके पहले से बनाई गई थी और इसे अमेरिकी और ब्रिटिश सुरक्षा एजेंसियों की सलाह पर और उनके समन्वय में अंजाम दिया गया। मॉस्को ने लगातार आरोप लगा रहा है कि अमेरिका और उसके नाटो सहयोगी यूक्रेन को हथियारों की आपूर्ति करके और उसे खुफिया जानकारी प्रदान करके रूसी प्रतिष्ठानों पर हमले की योजना में मदद कर रहे हैं और वे प्रभावी ढंग से संघर्ष में शामिल हैं।

## राजनीति

### खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या पर जयशंकर ने कहा

# यह भारत सरकार की नीति नहीं, विचार के लिए तैयार है

**एजेंसी। न्यूयॉर्क**

एक खालिस्तानी अलगाववादी की हत्या में भारत की संभावित'' संलिप्तता के कनाडा के आरोपों के बाद विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा कि नयी दिल्ली ओटावा को बता चुका है कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है तथा वह मामले में विशिष्ट'' और प्रासंगिक'' सूचना पर विचार करने के लिए तैयार है। जयशंकर ने संयुक्त राष्ट्र महासभा सत्र को संबोधित करने के बाद मंगलवार को न्यूयॉर्क में विदेश संबंध परिषद में बातचीत के दौरान ये टिप्पणियां कीं।

कनाडा में 18 जून को खालिस्तानी अलगाववादी हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारत सरकार के एजेंटों'' की संलिप्तता के कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो के आरोपों पर जब जयशंकर से सवाल किया गया कि क्या उन्हें इस पर कुछ कहना है तो उन्होंने कहा, हां, मुझे



कहना है। हमने कनाडा से जो कहा, उसे मैं आपके साथ बहुत स्पष्टता से साझा करूंगा।'' उन्होंने भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत केनेथ जस्टर के साथ बातचीत के दौरान मुद्दे पर अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा, पहली बात तो ये कि हमने कनाडाई अधिकारियों को बताया कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है। दूसरा, हमने कनाडाई लोगों से कहा कि देखिए, अगर आपके पास कोई खास सूचना है, अगर आपके पास कुछ प्रासंगिक जानकारी है तो हमें बताइए। हम इस पर विचार करने के लिए तैयार हैं। जयशंकर ने कहा कि आपको संदर्भ भी समझना होगा क्योंकि इसके संदर्भ के बिना तस्वीर स्पष्ट नहीं

> **भारत में अमेरिका के पूर्व राजदूत केनेथ जस्टर के साथ बातचीत के दौरान मुद्दे पर अपनी पहली सार्वजनिक टिप्पणी में कहा, पहली बात तो ये कि हमने कनाडाई अधिकारियों को बताया कि यह भारत सरकार की नीति नहीं है**

है।'' उन्होंने कहा, आपको यह भी समझना पड़ेगा कि पिछले कुछ वर्ष में कनाडा में अलगाववादी ताकतों, संगठित अपराध, हिंसा, चरमपंथ से जुड़े काफी संगठित अपराध देखे गए हैं। इनका आपस में बहुत गहरा संबंध है।'' उन्होंने कहा कि भारत विशिष्ट जानकारियों और सूचनाओं'' के बारे में बात कर रहा है। विदेश मंत्री ने कहा, हम वास्तव में कनाडाई अधिकारियों से कार्रवाई करने के लिए लगातार कहते रहे हैं, हमने उन्हें कनाडा से संचालित संगठित अपराध के सरगना के बारे में काफी सूचना दी है। बड़ी संख्या में प्रत्यर्पण के अनुरोध किए गए। आतंकवादी नेताओं की पहचान की गयी।'' उन्होंने कहा कि आपको समझना होगा कि वहां एक तरह का माहौल है। जयशंकर ने कहा, अगर आपको यह समझना है कि वहां क्या चल रहा है तो इसे ध्यान में रखना महत्वपूर्ण है। हमारी चिंता यह है कि राजनीतिक कारणों से इसकी अनदेखी की गयी है। हमारी स्थिति यह है कि हमारे राजनयिकों को धमकाया जाता है, हमारे वाणिज्य दूतावासों पर हमला किया गया और अक्सर टिप्पणियां की जाती है कि हमारी राजनीति में हस्तक्षेप'' है। इसमें से बहुत कुछ को यह कहकर उचित ठहराया जाता है कि लोकतंत्र इसी तरह काम करता है।

### चीन ने ताइवान गए ऑस्ट्रेलियाई सांसदों की लगाई क्लास, कहा-

## आपका इस्तेमाल कर रहे अलगाववादी

**एजेंसी। कैनबरा**

ऑस्ट्रेलिया के लिए चीन के राजदूत ने ताइवान जाने वाले आस्ट्रेलियाई नेताओं की बृहस्पतिवार को आलोचना की और जमकर क्लास लगाई। राजदूत शिआओ किआन ने कहा कि स्वशासित द्वीप के अलगाववादी उनका इस्तेमाल कर रहे हैं। राजदूत शिआओ किआन ने यह बात इस सप्ताह ताइवान गए ऑस्ट्रेलियाई संसदीय प्रतिनिधिमंडल के संदर्भ में सिडनी में कही। इस यात्रा के अलावा एक पूर्व प्रधानमंत्री की अगले माह ताइपे में भाषण देने की भी योजना है। चीन ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है। शिआओ ने कहा कि ताइवान जाने वाले ऑस्ट्रेलियाई सांसद तथा पूर्व प्रधानमंत्री का राजनीतिक महत्व है। चीनी राजदूत ने कहा, ताइवान में राजनीतिक शक्तियां अपने अलगाववादी अंदोलन के लिए



इसका आसानी से इस्तेमाल कर लेंगी और मैं नहीं चाहता कि ऐसा हो।'' उन्होंने कहा, मैं उम्मीद करता हूं कि वे एक चीन नीति को मानेंगे और ताइवान के साथ किसी भी तरीके से कामकाज करने से दूरी बनाएंगे ताकि वे राजनीतिक उद्देश्य रखने वाले द्वीप के लोगों द्वारा राजनीतिक तौर पर इस्तेमाल नहीं हों। एक चीन नीति' के अनुसार कम्युनिस्ट पार्टी चीन की सरकार है और ताइवान देश का हिस्सा है। चीन की सरकार ने ताइवान की सत्तारुढ़ पार्टी पर बुधवार को स्वतंत्रता हासिल करने की कोशिश का आरोप लगाया था। इससे एक दिन पहले राष्ट्रपति त्साई इंग-वेन ने दौरे पर आए छह ऑस्ट्रेलियाई सांसदों के साथ बैठक में एक क्षेत्रीय व्यापार समझौते में शामिल होने के लिए ऑस्ट्रेलिया के समर्थन की पैरवी की थी। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व प्रधानमंत्री स्कॉट मॉरिसन की 11 और 12 अक्टूबर को ताइपे में युशान फोरम को संबोधित करने की योजना है।

# मांग व सरकार

**झारखंड** समेत देश के विभिन्न राज्यों में लंबे समय से जनगणना में आदिवासियों के लिए अलग से सरना धर्म कोड की मांग की जा रही है। सीएम हेमंत सोरेन इस मामले को गंभीरता से लेने के मूड में दिखाई पड़ रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इससे पहले झारखंड विधानसभा से भी सरना धर्म कोड को लेकर एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित हो चुका है। अभी सरना धर्म कोड को लेकर एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है। हेमंत सोरेन का कहना है कि आदिवासी समाज के लोग प्राचीन परंपराओं और प्रकृति के उपासक है। पेड़ों, पहाड़ों की पूजा और जंगलों को संरक्षण देने को ही अपना धर्म मानते हैं। उन्होंने कहा कि वर्ष 2011 की जनगणना के आंकड़ों के अनुसार देश में लगभग 12 करोड़ आदिवासी निवास करते हैं। झारखंड भी आदिवासी बाहुल्य राज्य हैं, जहां इनकी संख्या एक करोड़ से भी अधिक है। राज्य की एक बड़ी आबादी सरना धर्म को मानने वाली है। इस प्राचीनतम सरना धर्म का जीता-जागता ग्रंथ स्वयं जल, जंगल, जमीन और प्रकृति है। सरना धर्म की संस्कृति, पूजा पद्धति, आदर्श और मान्यताएं प्रचलित सभी धर्मों से अलग है। अपनी पहचान को बचाये रखने के लिए सरना धर्म कोड जरूरी है। बहरहाल झारखंड ही नहीं, बल्कि पूरे देश का आदिवासी समुदाय पिछले कई वर्षों से अपने धार्मिक अस्तित्व की रक्षा के लिए जनगणना कोड में प्रकृति पूजक आदिवासी-सरना धर्मावलंबियों को शामिल करने की मांग को लेकर संघर्षरत है। प्रकृति पर आधारित आदिवासियों के पारंपरिक धार्मिक अस्तित्व के रक्षा की चिंता निश्चित तौर पर एक गंभीर सवाल है। आज सरना धर्म कोड की मांग इसलिए उठ रही है ताकि प्रकृति का उपासक यह आदिवासी अपनी पहचान के प्रति आश्वस्त हो सके। कई आदिवासी समूह विलुप्त होने के कगार पर हैं। आदिवासी समुदाय में भी कई ऐसे समूह है, जो विलुप्ति के कगार पर हैं। सामाजिक न्याय के सिद्धांत पर इन्हें संरक्षण नहीं दिया गया, तो इनकी भाषा, संस्कृति के साथ-साथ इनका अस्तित्व भी समाप्त हो जायेगा। वहीं आदिवासियों की संख्या में भी लगातार कमी आ रही है। झारखंड में आदिवासियों की जनसंख्या आठ दशकों में 38 प्रतिशत से घटकर 26 प्रतिशत ही रह गई है। ऐसे में एक आदिवासी मुख्यमंत्री होने के नाते हेमंत सोरेन की यह मांग जायज है। आज पूरा विश्व बढ़ते प्रदूषण और पर्यावरण की रक्षा को लेकर चिंतित है, ऐसे समय में जिस धर्म की आत्मा ही प्रकृति और पर्यावरण की रक्षा है,उसको मान्यता मिलने से भारत ही नहीं पूरे विश्व प्रकृति प्रेम का संदेश फैलेगा। ऐसे में यह मांग समय की जरूरत है। इसके लिए सबको आगे आने की जरूरत है।

**सीएम हेमंत सोरेन इस मामले को गंभीरता से लेने के मूड में दिखाई पड़ रहे हैं। यही कारण है कि उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखा है। इससे पहले झारखंड विधानसभा से भी सरना धर्म कोड को लेकर एक सर्वसम्मत प्रस्ताव पारित हो चुका है। अभी सरना धर्म कोड को लेकर एक बार फिर से सियासत तेज हो गई है।**

# भारत की अमृत यात्रा : महिला नेतृत्व वाली यात्रा

**जैसे** ही ऐतिहासिक नारीशक्ति वंदन अधिनियम संसद में पेश किया गया, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसके पारित होने को सांसदों के लिए अग्निपरीक्षा कहा। यह वास्तव में अग्निपरीक्षा है: समानता और संतुलन के आधार पर भारत के पारंपरिक गौरव को बहाल करने की अग्नि परीक्षा। अग्निपरीक्षा उस सर्वोच्च स्थान को पुनः प्राप्त करने की जिसका लाभ प्राचीनकाल से महिलाओं को मिलता आया है और राजनीतिक गलतफहमियों से ऊपर उठकर नारी शक्ति के लिए एक साथ खड़े होने की अग्निपरीक्षा। आधुनिक लोकतांत्रिक भारत के मंदिर, संसद को अर्धनारीश्वर की भावना का प्रतीक होना चाहिए, जो महिलाओं के लिए समानता और पूर्ण संतुलन का परिचायक है। लैंगिक असमानता और अन्याय से जूझ रही दुनिया में, भारत महिलाओं के प्रति ऐतिहासिक श्रद्धा के प्रतीक के रूप में स्थित है। सदियों से, भारतीय संस्कृति ने महिलाओं को शक्ति के अवतार का रूप दिया है तथा विदुषियों, वीरांगनाओं, रानियों और नेताओं के रूप में उनकी अपार क्षमता को पहचाना है। आध्यात्मिक क्षेत्र में भी महिलाओं को शक्ति, ज्ञान और समृद्धि प्रकट करने वाली त्रिदेवी के रूप में सम्मानित किया जाता है। चाहे विदुषियों द्वारा रचित मंत्रों/ श्लोकों सहित वेदों एवं उपनिषदों जैसे प्राचीन ग्रंथों की रचना हो या प्रारंभिक सभ्यताएं हों या चाहे वीरांगना रानियों द्वारा अपने राज्यों को जीत और समृद्धि की ओर अग्रसर करना हो, महिलाओं ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। प्राचीन भारत में महिलाएं न केवल शिक्षित थीं बल्कि दार्शनिक चर्चाओं और धार्मिक समारोहों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। भारत ने गार्गी, लोपामुद्रा और मैत्रेयी जैसी प्रसिद्ध दार्शनिकों और विदुषियों, वीरांगना रानी पद्मिनी, रानी दुर्गावती, रानी रुद्रमादेवी, रानी अहिल्याबाई होल्कर और ऐसी कई महान महिलाओं का मान बढ़ाया है। आधुनिक दुनिया ने सदियों पहले ही उन्हें मतदान का अधिकार भी दे दिया था। रामायण और महाभारत में सीता माता, द्रौपदी और कुंती जैसी दृढ़ प्रतिज्ञ व प्रभावशाली महिलाओं को दर्शाया गया है, जिन्होंने इन महाकाव्यों की गाथाओं और घटनाओं को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। महिलाओं के प्रतिसम्मान पारिवारिक परिवेश में उनकी भूमिकाओं तक भी फैला हुआ है। वह 'सह धर्मचारिणी' है, जिसका अर्थ है कि वह गृहस्थ धर्म में एक समान भागीदार है, जहां वे अपने पति के साथ, घर का नेतृत्व करती रही हैं, सभ्यता को धर्म के मार्ग पर ले जाती हैं। यह अनोखी बात है कि सनातन धर्म में शक्ति की परंपरा के तहत दिव्यस्त्री के प्रति विशेष आस्था मिलती है, जिसे शक्ति या दिव्य मां के रूप में दर्शाया गया है। इन सांस्कृतिक मूल्यों को प्रतिध्वनित करते हुए, एक संस्कृत उद्धरण में महिलाओं की भूमिका को समाज के वास्तुकार के रूप में सुंदरता से व्यक्त किया गया है: 'नारीसमाजस्य कुशलवास्तुकार:' उल्लेखनीय है कि भारतीय समाज में नारी का बहुत श्रद्धा और सम्मान का स्थान रहा है। यह ऐसी परंपरा है, जो अनगिनत पीढ़ियों से चली आ रही है। हालांकि, पिछले कुछ वर्षों में, बार-बार होने वाले हमलों ने हमारे सांस्कृतिक मूल्यों और परंपराओं में निहित इस स्त्री महत्व को खत्म कर दिया है। नतीजतन, आधुनिक भारत में, राजनीतिक प्रतिबद्धता और पहल की कमी के कारण विधायिकाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व स्पष्ट रूप से पिछड़ गया है। 2014 के बाद से मोदी ने भारत की लैंगिक समानता को फिर से व्यवस्थित करने का बीड़ा उठाया है। इसकी शुरूआत महिला विकास को महिला-नेतृत्व वाले विकास के मिशन में बदलने के साथ हुई। भारत की विकास यात्रा के मूल में 'नारी शक्ति' को रखा गया है। चाहे महिलाओं को उनके सशक्तीकरण में सामाजिक-आर्थिक बाधाओं को दूर करने में सहायता करना हो या यह सुनिश्चित करना हो कि वे मजबूती से आगे बढ़ें, इसके लिए एक ऐसी ईको-प्रणाली विकसित की जा रही है, जहां भारत की 50 प्रतिशत

**प्राचीन भारत में महिलाएं न केवल शिक्षित थीं बल्कि दार्शनिक चर्चाओं और धार्मिक समारोहों में भी सक्रिय रूप से भाग लेती थीं। भारत ने गार्गी, लोपामुद्रा और मैत्रेयी जैसी प्रसिद्ध दार्शनिकों और विदुषियों, वीरांगना रानी पद्मिनी, रुद्रमादेवी, रानी अहिल्याबाई होल्कर ऐसी कई महान महिलाओं का मान बढ़ाया है।**

इन दिनों

आबादी वानी महिलाओं को अपनी क्षमता को पूरी तरह से प्रकट करने के समान अवसर मिलते हैं। खंड-खंड में कल्याणकारी उपायों वाले पिछले व्यवहारों के विपरीत,सरकार ने, 2014 के बाद, एक महिला के जीवनचक्र और जरूरतों के कई चरणों में नीतिगत हस्तक्षेप द्वारा एक रणनीतिक जीवनचक्र दृष्टिकोण अपनाया। उनमें से सबसे बुनियादी बात यह सुनिश्चित करना है कि महिलाएं सम्मान और सुरक्षा का जीवन जिएं। उज्ज्वला योजना के तहत 9.6 करोड़ धुआं-मुक्त रसोई की रचना की गई, जिसने न केवल लाखों महिलाओं को जीवनयापन में आसानी प्रदान की है, बल्कि उन्हें सांस की बीमारियों से भी बचाया है। इसके अलावा स्वच्छ भारत योजना के तहत 12 करोड़ शौचालय बनाये गये, जिसने महिलाओं को अपने घरों में शौचालयों तक सुरक्षित और सम्मानजनक पहुंच प्रदान की, सुरक्षा के बारे में चिंताओं को दूर किया और उनकी गरिमा को संरक्षित किया। इसी तरह जलजीवन मिशन के तहत 12 करोड़ कनेक्शनों द्वारा नल से जल उपलब्ध कराया गया। इन सभी उपायों ने महिलाओं को कठिन परिश्रम और दुष्कर जीवनसे छुटकारा दिलाया है। तस्वीर का दूसरा पहलू यह है कि दशकों से अनदेखा सामाजिक परिवर्तन लाने के लिए सदियों पुरानी सामाजिक बेड़ियों को तोड़ दिया गया। चाहे वह महिलाओं की विवाह योग्य आयु को 18 वर्ष से बढ़ाकर 21 वर्ष करना हो, मातृत्व अवकाश की अवधि को 12 सप्ताह से बढ़ाकर 26 सप्ताह करना हो, या तीन तलाक की अनुचित प्रथा पर प्रतिबंध लगाना हो। इसी तरह, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ मिशन पूरे जोर-शोर से चलाया गया। लड़कियों के विरुद्ध घृणित सामाजिक प्रथाओं के खिलाफ अभियान, और परिणामस्वरूप, एनएफएचएस-5 द्वारा 1,020 महिलाओं (प्रति 1000पुरुषों) के सकारात्मक लिंग अनुपात की जानकारी इसकी एक बानगी है। वास्तव में, मोदी नारी शक्ति के साथ खड़े रहे हैं, क्योंकि यह शक्ति के अवतार के रूप में अपनी श्रेष्ठता दोबारा पाने करने के लिए दृढ़ है। जैसा कि स्पष्ट है, मोदी के महिला सशक्तिकरण के दृष्टिकोण के तहत महिलाओं को जन्म से ही मिलने वाली चुनौतियों के समाधान को रखा गया है। इसके लिए एक बहु-आयामी दृष्टिकोण के रूप में अपनाया गया है: पोषण, स्वास्थ्य, स्कूली शिक्षा, करियर और रोजगार, पारिवारिक और मातृ जीवन, राष्ट्र की सेवा और नेतृत्व की भूमिका निभाना। महिला आरक्षण विधेयक उन इरादों पर दी गई शक्ति की मुहर है, एक शंखनाद है कि शक्ति जाग उठी है और हमारे महान राष्ट्र की बागडोर संभालने के लिए तैयार है। महिला आरक्षण विधेयक एक आधुनिक समय के प्रतीक के रूप में उभरा है, जो इस सभ्यता में महिलाओं को दिये गये प्राचीन सम्मान और समानता को दर्शाता है। मोदी के नेतृत्व में इस संशोधन विधेयक और कई अन्य पहलों के साथ, हम ऐतिहासिक दिशा में सुधार कर रहे हैं, एक ऐसी यात्रा जो भारत के मूल गौरव की ओर हमारे कदमों को सही मार्ग पर ले जा रही है- एक ऐसी भूमि जहां महिलाओं की आवाज सुनी जाती थी, उनकी भूमिकाओं का मान किया जाता था और उनके योगदान को महत्व दिया जाता था। गणेश चतुर्थी के शुभ अवसर पर मोदी द्वारा पेश महिला आरक्षण विधेयक को लगभग सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस तरह 22 साल की अड़चनों को दूर करना एक तरह से स्वर्ग विध्नहर्ता का आशीर्वाद ही है, जिन्होंने माता पार्वती को उन्हें बनाने, उनका पोषण करने और उनकी रक्षा करने के लिए शत-शत प्रणाम किया था। इसके साथ, प्रधानमंत्री मोदी ने लैंगिक समानता और मां भारती को सशक्त बनाने की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाया और 150 करोड़ भारतीयों की लोकप्रिय भावना 'मोदी है तो मुमकिन है' मेरे मन में फिर से गूंज उठी!

**(लेखक, केंद्रीय उत्तर-पूर्वी क्षेत्र विकास, पर्यटन और संस्कृति मंत्री हैं।)**

जी किशन रेड्डी

## बोधि वृक्ष

***आइये सुनें धर्मराज व चित्रगुप्त की वास्तविक कहानी***

***हालांकि*** शुरू में स्वामी जी को कबीर परमेश्वर के ज्ञान पर विश्वास नहीं हुआ। भगवान ने स्वामी जी से कहा कि आपकी पूजा आपको काल के जाल से मुक्त नहीं कर सकती। स्वामी जी का मानना ? था कि स्वर्ग जाने का अर्थ है मोक्ष की प्राप्ति। भगवान कबीर जी ने रामानंद जी से उन मंत्रों का जाप करने के लिए कहा जो वह नित प्रतिदिन करते थे और कहा कि देखते हैं कि आप अपने मंत्रों के जाप से कहां तक पहुंच सकते हैं। स्वामी जी हठयोग ध्यान के अभ्यस्त थे अतः तुरंत समाधिस्थ होकर अपनी सिद्धि से त्रिवेणी पर पहुंच गए। लेकिन वहीं फंस कर रह गए और आगे नहीं जा सके। सुक्ष्मवेद में इस संदर्भ में कहा गया है

**योग युक्त प्राणायाम कर जीता सकल शरीर त्रिवेणी के घाट**
**में वो अटक रहे बलवीर**

त्रिवेणी से आगे जाने के तीन मार्ग बने हैं। 5 वर्षीय बालक रूप में भगवान कबीर साहेब जी रामानंद जी के साथ त्रिवेणी पर मौजूद थे। उन्होंने स्वामी जी से कहा कि आप अपने मंत्र जाप से इससे आगे नहीं जा सकते। जब आप मरेंगे तो इसी रास्ते से आवेंगे। बाँया रास्ता धर्मराज, ब्रह्मा, विष्णु, शिव और स्वर्ग लोकों की ओर जाता है। दाँया रास्ता अठासी हजार ऋषियों की ओर जाता है। सामने वाला रास्ता ब्रह्म लोक को जाता है जिसे ब्रह्मरंद्र भी कहते हैं। आपकी साधना भगवान विष्णु की है, आप बाँई ओर से जाकर विष्णु लोक में चले जाएंगे। वहाँ जाने से पहले आपको ब्रह्म काल के मुख्य न्यायाधीश धर्मराज (यम) के पास जाना होगा जो तय करेगा कि आपके कितने पुण्य हैं और कितने पाप हैं।

*(क्रमशः)*

# पूर्वजों को याद कर उन्हें नमन करने का पर्व है श्राद्ध

***प्रतिवर्ष*** भाद्रपद पूर्णिमा से पितृपक्ष प्रारंभ हो जाता है, जो आश्विन अमावस्या तक अर्थात 16 दिनों तक चलता है। इस साल पितृ पक्ष की शुरूआत 29 सितंबर से हो रही है और श्राद्ध पक्ष का समापन 14 अक्टूबर को होगा। श्राद्ध पक्ष की अवधि में पूर्वजों के निमित्त पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध कर्म किये जाते हैं। ऐसा करने से पितरों की आत्मा को शांति मिलती है, जिससे पूर्वज प्रसन्न होते हैं। कहा जाता है कि पितरों के प्रसन्न होने से वंशजों का भी कल्याण होता है। जो लोग पूरे श्राद्धपक्ष में अपने पूर्वजों का तर्पण, पिंडदान न कर पाये हों वह सर्वपितृ अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध कर सकते हैं। इस दिन बिहार के गयाजी में पिंडदान करने का सबसे ज्यादा महत्व है।

इस साल आश्विन माह की सर्वपितृ अमावस्या के दिन साल का दूसरा और आखिरी सूर्यग्रहण भी लगा रहा है। सर्वपितृ अमावस्या पर सूर्य ग्रहण रात 08.34 मिनट से अगले दिन प्रातः 02.25 मिनट तक रहेगा। यह वलयाकार सूर्य ग्रहण होगा, जो भारत में दिखाई नहीं देगा, इसलिए इसका सूतक काल भी नहीं रहेगा।

**सर्वपितृ श्राद्ध का महत्व**

सर्वपितृ अमावस्या को महालया अमावस्या और पितृ विसर्जनी अमावस्या भी कहते हैं। पितृ पक्ष में पूर्वज धरती पर अपने परिवार के बीच आते हैं और उन्हें आशीर्वाद देते हैं, ऐसी धार्मिक मान्यता है। सर्वपितृ अमावस्या पर पितरों को सम्मानपूर्वक श्राद्ध, पिंडदान और पूजा करते हुए विदाई दी जाती है। कहते हैं सर्वपितृ अमावस्या तिथि पर किया गया श्राद्ध, परिवार के सभी पूर्वजों की आत्माओं को प्रसन्न करने के लिये पर्याप्त है। सर्वपितृ अमावस्या पर परिवार के उन मृतक सदस्यों का श्राद्ध किया जाता है जिनकी मृत्यु अमावस्या तिथि, पूर्णिमा तिथि तथा चतुर्दशी तिथि को हुई हो। अगर किसी कारणवश मृत्यु तिथि पर श्राद्ध करने में सक्षम न हों, तो वो मात्र अमावस्या तिथि पर श्राद्ध कर सकता है। जिन पूर्वजों की पुण्यतिथि ज्ञात नहीं है, उनका श्राद्ध भी अमावस्या तिथि पर किया जा सकता है, इसीलिये अमावस्या श्राद्ध को सर्वपितृ मोक्ष अमावस्या के नाम से भी जाना जाता है। श्राद्ध पक्ष के दिनों में- ।। **ॐ नमो भगवते वासुदेवाय।। -मन्त्र का वाचन करना चाहिए।** जिस दिन श्राद्ध हो उस दिन श्राद्ध की शुरूआत और समापन में- ।। **देवताभ्य: पितृभ्श्च महायोगिभ्यन एव च। नम: स्वाहाये स्व धाये नित्यमेव भवन्युव त।। -मंत्र का वाचन करें।**

पितृ दो प्रकार के होते हैं। एक दिव्य पितर और दूसरे पूर्वज पितर। दिव्य पितर ब्रह्मा के पुत्र मनु से उत्पन्न हुए ऋषि हैं। पितरों में सबसे प्रमुख अर्यमा हैं, जिनके बारे में गीता में श्रीकृष्ण ने कहा है कि पितरों में प्रधान अर्यमा वे स्वयं हैं। दूसरे प्रकार के पितृ पूर्वज होते हैं। पितृपक्ष में अपने इन्हीं पितरों को लोग याद करते हैं और इनके नाम से पिंडदान, श्राद्ध और ब्राह्मण भोजन करवाते हैं। कठोपनिषद्, गरुड़ पुराण, मार्कण्डेय पुराण के अनुसार पितृ अपने परिजनों के पास पितृ पक्ष श्राद्ध के समय आते हैं और अन्न जल एवं आदर की अपेक्षा करते हैं। जिन परिवार के लोग पितृ पक्ष के दौरान पितरों के नाम से अन्न जल दान नहीं करते, श्राद्ध कर्म नहीं करते हैं, उनके पितर भूखे-प्यासे धरती से लौट जाते हैं। इससे परिवार के लोगों को पितृ दोष लगता है। इसे पितृ शाप भी कहते हैं। इससे संतान प्राप्ति में बाधा आती है। परिवार में रोग और कष्ट बढ़ जाता है।

डॉ. गोपाल नारसन

**जो लोग पूरे श्राद्धपक्ष में अपने पूर्वजों का तर्पण, पिंडदान न कर पाये हों वह सर्वपितृ अमावस्या के दिन पितरों के निमित्त श्राद्ध कर सकते हैं। इस दिन बिहार के गयाजी में पिंडदान करने का सबसे ज्यादा महत्व है।**

श्राद्ध

**कैसे करें श्राद्ध?**

पितृ पक्ष में जिन तिथियों में पूर्वज यानी पिता, दादा, परिवार के लोगों की मृत्यु हुई होती है उस तिथि को उनका श्राद्ध किया जाता है। श्राद्ध का नियम है कि दिन के समय पितरों के नाम से श्राद्ध और ब्राह्मण भोजन करवाना चाहिए। देवताओं की पूजा सुबह में और पितरों की दोपहर में होती है। तर्पण विधि - सर्वप्रथम अपने पास शुद्ध जल, बैठने का आसन (कुशा का हो), बड़ी थाली या ताम्रण (तांबे की प्लेट), कच्चा दूध, गुलाब के फूल, फूल-माला, कुशा, सुपारी, जौ, काली तिल, जनेऊ आदि पास में रखे।

## फोटो की दुनिया

## फेसबुक वॉल से

# टूडो की कारस्तानी फिस्स, भारत का प्रतिकार कारगर रहा

**टूडो** पर विपदा आसन्न है। पतन दिख रहा है। भारत से यारी संजोये अथवा अपनी अल्पमत वाली सरकार बचाये? कनाडा के इस 23वें प्रधानमंत्री जस्टिन जेम्स पाएरे ट्रूडो के समक्ष तीसरा विकल्प नहीं है। संसद के 338 सदस्यों में उनकी लिबरल पार्टी के 158 सांसद हैं। समर्थक सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के 25 हैं। कनाडियन सिख खालिस्तान के हमदर्द हैं। तो यही है भारत-कनाडा झंझट का सार। सिखों की पार्टी की भूमिका वैसी ही है जो तमिलनाडु की द्रविड़ पार्टियों की थी। अप्रैल 1999 में जयललिता ने अपनी अन्ना-द्रमुक पार्टी का समर्थन खींच लिया था। अटल बिहारी वाजपेयी की सरकार अल्पमत में आ गई। ठीक वही दुर्दशा सरदार मनमोहन सिंह की संप्रग सरकार के द्रमुक नेता एमके करुणानिधि ने कर दी थी 19 मार्च 2013 को। तब श्रीलंका के तमिल विद्रोहियों (लिट्टे के प्रभाकरन) के दोनों तमिल दल हमजोली रहे। न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी उसी तमिल दलों की भूमिका में है। अगले वर्ष भारत की भांति कनाडा में भी संसदीय निर्वाचन होना है। तब श्रीलंका में तमिल वामियों (लिबरेशन टाइगर्स हे तमिल ईलम: लिट्टे) की चुनौती थी दिल्ली पर। ठीक वैसी ही सिखों की ओटावा पर है। भारत बनाम कनाडा विवाद पर बेहतरीन विश्लेषण आया है बौद्ध श्रीलंका के मुस्लिम विदेश मंत्री मियां मोहम्मद अली साबरी साहब का। खालिस्तानी टाइगर फोर्स के अगुवा आतंकी हरदीप सिंह निज्जर की मौत पर ट्रूडो ने भारत सरकार को दोषी करार दिया है। इस पर श्रीलंकाई राजनेता ने करारा जवाब दिया है। मोहम्मद अली साबरी ने कहा कि 'कनाडा ने इससे पहले श्रीलंका के भीतर नरसंहार का ऐसा बेबुनियाद आरोप लगाया था।' उधर सोनिया-कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि 'कांग्रेस का हमेशा से मानना रहा है कि आतंकवाद के खिलाफ हमारे देश की लड़ाई में किसी भी तरह का कोई समझौता नहीं होना चाहिए। देश के हितों और चिंताओं को सर्वोपरि रखा जाना चाहिए।' ट्रूडो ने बात का बतंगड़ बनाया जब वे बोले कि 'खालिस्तान समर्थक हरदीप सिंह निज्जर की हत्या के पीछे भारत सरकार का हाथ है। कनाडा की सुरक्षा एजेंसियां इस बात की जांच कर रही हैं।' वहीं कनाडा ने भारतीय राजनयिक को निष्कासित भी कर दिया। निज्जर का हमराही जसपाल सिंह अटवाल जो फगवाड़ा (पंजाब) का रहने वाला था, उसने खालिस्तान आंदोलन के प्रबल विरोधी उज्जल सिंह दोसांझ को मारा था। अटवाल को ट्रूडो ने दिल्ली में अपनी दावत में आमंत्रित किया था। इसे लेकर मोदी सरकार ने आपत्ति दर्ज कराई थी। राष्ट्रमंडल के दो मित्र-सदस्यों भारत तथा कनाडा के बीच दुश्मनी का सबब बना सरदार हरदीप सिंह निज्जर था कौन? 18 जून 2023 को सर्रे (कनाडा-अमेरिका सीमावर्ती शहर) के नानक गुरुद्वारे के निकट उसकी हत्या कर दी गई थी। अब कनाडा सरकार ने भारतीय गुप्तचर एजेंसी पर आरोप लगाया है। हालांकि अबतक सबूत नहीं दे पाये। भारतीय पुलिस इजराइल की गुप्तचर संस्था मोसाद के स्तर की तरह सक्षम तो नहीं है। मोसाद की शोहरत है कि वह अरब देशों में घुसकर यहूदी-विरोधियों का काम तमाम कर डालती है। आतंकी निज्जर की भारतीय सुरक्षा स्टाफ द्वारा हत्या पर कनाडा ने केवल राजधानी ओटावा में भारतीय उच्चायुक्त को प्राप्त संदेशों के आधार पर दोष लगाया है। यदि वह सच है तो कनाडा जघन्य वैश्विक अपराध का दोषी है क्योंकि कूटनीतिक संधि की धाराओं के अनुसार विदेशी दूतावासों की जासूसी करना गंभीर गुनाह है। मगर निज्जर के बारे में कनाडा सरकार का आपराधिक दायित्व इससे पता चल जाता है कि वह खालिस्तानी टाइगर फोर्स का सरगना है जो कनाडा की भूमि में पनाह पाये है, वहीं से पंजाब में लूट, हत्या, आतंक फैलता है।

के. विक्रम राव

**संसद के 338 सदस्यों में उनकी लिबरल पार्टी के 158 सांसद हैं। समर्थक सिखों की न्यू डेमोक्रेटिक पार्टी के 25 हैं। कनाडियन सिख खालिस्तान के हमदर्द हैं। तो यही है भारत-कनाडा झंझट का सार।**

ट्रूडो

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. की ओर से इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा प्रकाशित एवं पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. C/O शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड, नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, स्थानीय संपादक : ओम प्रकाश अमरेन्द्र*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 07759972937, 06562-240042/ 222539, फैक्स नम्बर : 06562-241176/231257, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची-83001, फोन नं.- 0651-2283384/ फैक्स : 0651-2283386, दिल्ली कार्यालय : 25-एलएफ, तानसेन मार्ग, नई दिल्ली-1, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लातेहार कार्यालय : रमेश सेनेटरी, मेन रोड, लातेहार -829206, फोन : 9128656020, 7763034341, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट । - फोन : 7903891779, 8271983099, ई-मेल : rnm_hb@yahoo.co.in, rnm.hvb@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# श्राद्ध पक्ष के दौरान भूलकर भी न करें यह गलतियां, पितर होते हैं नाराज

29 सितम्बर से पितृपक्ष शुरू हो रहा है जो 16 दिन अर्थात 14 अक्टूबर, 2023 तक चलेगा। पितृपक्ष के 16 दिनों में श्राद्ध कर्म किए जाते हैं और पूर्वजों के निमित पिंडदान, तर्पण, दान, ब्राह्मण भोजन और पंचबलि कर्म किया जाता है। मान्यता है कि पितृपक्ष में पितृ गण देवलोक से पृथ्वी लोक पर आते हैं और अपनी संतानों को सुखी और संपन्न रहने का आशीर्वाद देते हैं। ऐसे में पितृपक्ष के इन दिनों में पूरे करना चाहिए।

**श्राद्ध का समय :** श्राद्ध के लिए सबसे श्रेष्ठ समय दोपहर का कुतुप काल और रोहिणी काल होता है। कुतप काल में किए गए दान का

## पितृ पक्ष आज से प्रारंभ

अक्षय फल मिलता है। प्रातः काल और रात्रि में श्राद्ध करने से पितृ नाराज हो जाते हैं। कभी भी रात में श्राद्ध न करें, क्योंकि रात्रि राक्षसी का समय है। दोनों संध्याओं के इससे सेहत पर भी प्रतिकूल असर पड़ता है।

**भोजन परोसने के नियम :** पितृपक्ष में ऐसी मान्यता है कि श्राद्ध कर्म के वक्त ब्राह्मण को भोजन करवाते समय परोसने के बर्तन दोनों हाथों से पकड़ कर लाने चाहिए, एक हाथ से लाए गए पात्र से परोसा हुआ भोजन राक्षसों को जाता है।

**चांदी के बर्तन में भोजन :** शास्त्रों



नियमों के साथ श्राद्ध कर्म किए जाते हैं। इन दिनों में आपको किसी भी प्रकार की गलती से बचना चाहिए ताकि पितर नाराज ना हो। जी हां, पितृपक्ष के दौरान ऐसे कई काम बताए गए हैं जिन्हें नहीं किया जाना चाहिए।

**श्राद्ध करने के नियम :** पिता का श्राद्ध पुत्र करता है। पुत्र के न होने पर, पत्नी को श्राद्ध करना चाहिए। पत्नी न होने पर, सगा भाई श्राद्ध कर सकता है। एक से ज्यादा पुत्र होने पर, बड़े पुत्र को श्राद्ध करना चाहिए। उक्त नियम से श्राद्ध न करने पर पितृ नाराज हो जाते हैं। कई घरों में बड़ा पुत्र है फिर भी छोटा पुत्र श्राद्ध करता है। छोटा पुत्र यदि अलग रह रहा है तब भी सभी को एक जगह एकत्रित होकर श्राद्ध समय भी श्राद्धकर्म नहीं किया जाता।

**श्राद्ध में इनको जरूर बुलाएं :** शास्त्रों में श्राद्ध कर्म को लेकर ये नियम भी बताए गए हैं कि जो लोग पूर्वजों के श्राद्ध में ब्राह्मणों के अलावा एक ही शहर में रहने वाली अपनी बहन, दामाद और भांजे को नहीं बुलाता, उसके द्वारा किए गए श्राद्ध का अन्न पितर ग्रहण नहीं करते।

**श्राद्ध का अन्न :** श्राद्ध में मिर्च वाला, मांसाहार, बैंगन, प्याज, लहसुन, बासी भोजन, सफेद तील, मूली, लौकी, काला नमक, सत्तू, जीरा, मसूर की दाल, सरसो का साग, चना आदि वर्जित माना गया है। कोई यदि इनका उपयोग करता है तो पितर नाराज हो जाते हैं।

में बताया गया है कि पितृपक्ष में अपनी क्षमता के अनुसार चांदी के बर्तनों प्रयोग जरूर करना चाहिए। अगर आपके पास सभी बर्तन न हों तो कम से कम चांदी के गिलास में पानी जरूर देना चाहिए। ऐसी मान्यता है कि पितृपक्ष में चांदी के बर्तन में पानी देने से पितरों को अक्षय तृप्ति प्राप्त होती है। भोजन के बर्तन भी चांदी के हों तो और भी श्रेष्ठ माना जाता है।

**नास्तिकता और साधुओं का अपमान ना करें :** जो व्यक्ति नास्तिक है और धर्म एवं साधुओं का अपमान करता है, मजाक उड़ाता है उनके पितृ नाराज हो जाते हैं। यदि आप नास्तिक हैं या श्राद्ध कर्म को नहीं मानते हैं तो अपने तक ही सीमित रहें, किसी का अपमान न करें।

**दूसरे की भूमि पर न करें श्राद्ध :** पितृपक्ष में अपने पूर्वजों का श्राद्ध सदैव अपने ही घर में या फिर अपनी ही भूमि में करना चाहिए। दूसरे की भूमि पर श्राद्ध नहीं करना चाहिए। वन, पर्वत, तीर्थस्थान एवं मंदिर दूसरे की भूमि नहीं माने जाते क्योंकि इन पर किसी का स्वामित्व नहीं माना गया है। अतः इन स्थानों पर श्राद्ध किया जा सकता है।

**इन बातों का भी रखें ध्यान :** श्राद्ध के दौरान शराब पीना या मांसाहार भोजन करना वर्जित माना गया है। लहसुन-प्याज को तामसिक भोजन में गिना चाहता है। इसलिए पितृपक्ष के दौरान लहसुन-प्याज के सेवन से बचना चाहिए। झूठ बोलना और ब्याज का धंधा करने से भी पितृ नाराज हो जाता हैं। यह कर्म भूलकर भी न करें। श्राद्ध में गृह कलह, स्त्रियों का अपमान करना, संतान को कष्ट देने से पितृ नाराज होकर चले जाते हैं। श्राद्ध के दौरान मांगलिक कार्य नहीं किए जाते हैं। जैसे विवाह, सगाई, गृहप्रवेश, शुभ शुभारंभ आदि। मान्यताओं के अनुसार 16 श्राद्ध में बाल और नाखून भी नहीं काटने चाहिए। ऐसा करने से हमारे पूर्वज हमसे रुष्ट हो सकते हैं।

## पितरों के निमित्त श्राद्ध करते समय क्यों धारण की जाती है कुशा



पितरों की आत्मा की शांति के लिए पितृ पक्ष में पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध किया जाता है। पितृ पक्ष की शुरूआत 29 सितंबर 2023, दिन शुक्रवार से हो रही है। पितृ पक्ष का समापन 14 अक्टूबर 2023, दिन शनिवार को हो रहा है। पितृ पक्ष में मृत पूर्वज अपनी संतान के आस-पास मौजूद रहते हैं, इस दौरान पितरों को प्रसन्न करना बहुत जरूरी है। यदि वे नाराज हो जाते हैं तो घर में पितृ दोष लग सकता है। पितरों के निमित्त श्राद्ध करते समय आपने देखा होगा जातक अपनी तीसरी उंगली में कुशा धारण करते हैं। क्या है इसके पीछे की वजह? क्यों धारण किया जाता है कुशा? धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, पितृ पक्ष के 15 दिन जो संतान अपने पितरों के निमित्त पिंडदान, तर्पण और श्राद्ध करते हैं, उससे उनके पूर्वज प्रसन्न होते हैं और सदा खुशहाली, सुख-शांति और समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। ऐसा नहीं करने पर वे नाराज हो जाते हैं, जिससे पितृ दोष लगने की संभावना बढ़ जाती है। श्राद्ध पक्ष में जब तर्पण किया जाता है तो सीधे हाथ की तीसरी उंगली में कुशा की अंगूठी बनाकर पहनी जाती है। यह अंगूठी पवित्री कहलाती है। तर्पण करते समय इस अंगूठी को धारण करना बेहद खास माना जाता है। कुशा एक पवित्र घास होती है जो शीतलता प्रदान करती है। पितरों के तर्पण के समय इसे धारण करने से पवित्रता बनी रहती है और पूर्वजों द्वारा तर्पण को पूरी तरह से स्वीकार किया जाता है। कुशा घास अत्यंत पवित्र और प्यूरीफिकेशन के गुण के साथ प्रकृति में पाई जाती है। यह घास जहां मौजूद होती है वहां का वातावरण शुद्ध और पवित्र हो जाता है, यह जिस जगह पर होती है वहां पर बैक्टीरिया स्वतः ही नष्ट हो जाते हैं। इसके अलावा यह एक बहुत अच्छे प्रिसर्वेटिव के रूप में भी जानी जाती है।

# शास्त्रों में है पूजा के भी कुछ नियम...



कई बार लोगों से यह कहते हुए सुना है कि भगवान की पूजा तो किसी भी समय की जा सकती है। भगवान यह नहीं कहता है कि मुझे फलां वक्त पर मत पूजो। यह सही है कि भगवान हमें यह नहीं कहता है कि मुझे फलां समय पर पूजा या मत पूजो। लेकिन शास्त्रों में पूजा के लिए भी कुछ नियम कायदे बनाए गए हैं। साथ ही देवी देवताओं की पूजा करते समय कुछ सावधानी बरतने को भी कहा गया है। हमें इन्हीं नियमों को ध्यान में रखकर ही देवी देवताओं की पूजा करनी चाहिए। असमय की गई पूजा का शुभ फल प्राप्त नहीं होता है। पूजा देवी देवताओं से जुड़ने का माध्यम है और यह भगवान के प्रति विश्वास, श्रद्धा और आस्था को दशार्ता है। पूजा के समय ईश्वर के प्रति पूरी तरह समर्पित हो जाते हैं और मन में सकारात्मक ऊर्जा का आभास करते हैं। इससे मन में शांति और सद्भावना का अहसास होता है।

**स्नान किये बिना नहीं करनी चाहिए पूजा :** साफ और स्वच्छ तरीके से की गई पूजा का फल भी शुभ मिलता है। पूजा में अगर स्वच्छता का ध्यान नहीं रखेंगे तो देवी देवता नाराज हो जाते हैं और जीवन में कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। साफ और स्वच्छ तरीके से तात्पर्य यह है कि हमें पूजा करने से पहले शौच व स्नान आदि से निवृत होना चाहिए। इसके बाद स्वच्छ कपड़ों को धारण करके ईश्वर की आराधना करनी चाहिए।

**आरती के समय नहीं करनी चाहिए पूजा :** जब आरती चल रही हो उस समय पूजा नहीं करना चाहिए। पूजा के समय पूजा और आरती के समय आरती करनी चाहिए। ऐसा नहीं करना चाहिए, जब आप आरती कर रहे हों, उसी समय पूजा की सामग्री भगवान को अर्पित करें, ऐसा करना गलत है। आरती पूजा में शामिल नहीं है क्योंकि आरती ईश्वर की वंदना और भजन में शामिल है।

**दोपहर के समय नहीं करनी चाहिए पूजा :** पूजा के नियमों में से एक यह भी है कि दोपहर के समय देवी देवताओं की पूजा नहीं करना चाहिए। इस समय की गई पूजा स्वीकार्य नहीं होती है। ज्योतिष के नियमों की मानें तो दोपहर 12 बजे से लेकर चार बजे तक देवी देवताओं के आराम का समय माना जाता है इसलिए इस समय की गई पूजा का पूर्ण फल मिलता है और उनके आराम में भी विघ्न पड़ता है, जिससे वे नाराज भी हो सकते हैं।

**सायंकाल की आरती के बाद नहीं करनी चाहिए पूजा :** सायंकाल की आरती के बाद पूजा करना वर्जित बताया गया है। रात्रि के समय सभी तरह के धार्मिक कर्म वेदों द्वारा निषेध माने गए हैं। हालांकि कुछ विशेष दिन जैसे दिवाली, होली, करवा चौथ आदि त्योहार पर पूजा कर सकते हैं लेकिन बाकी दिन सायंकाल की आरती के बाद पूजा नहीं करना चाहिए। आरती के बाद देवी देवता विश्राम करने चले जाते हैं और उस समय पूजा करने से उनके विश्राम में विघ्न पड़ता है इसलिए इस समय पूजा नहीं करना चाहिए।

**माहवारी के दौरान नहीं करनी चाहिए पूजा :** धार्मिक मान्यताओं के अनुसार महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान पूजा नहीं करनी चाहिए। इस समय उपवास रख सकते हैं लेकिन मूर्ति का स्पर्श नहीं करना चाहिए। इस समय किसी को दान दक्षिणा भी नहीं देनी चाहिए। पुराणों में बताया गया है कि इस समय शरीर की शुद्धि की प्रक्रिया चल रही होती है इसलिए महिलाओं को इस समय सांसारिक कार्यों और देवी-देवताओं के कार्यों से मुक्त किया गया है। इस समय महिलाओं को अपनी सेहत का ध्यान रखना चाहिए और आराम करना चाहिए। मासिक धर्म के दौरान मानसिक जप करना शरीर और मन दोनों के लिए फायदेमंद बताया गया है।

**जन्म व मृत्यु के समय सूतक में नहीं करनी चाहिए पूजा :** हिन्दू धर्म की मान्यता के अनुसार जब घर में किसी का जन्म या मृत्यु होती है तब सूतक लग जाता है, ऐसे समय देवी देवताओं की पूजा करना शास्त्रों में वर्जित बताया गया है। सूतक के समाप्त होने के बाद ही पूजा पाठ और भगवान का पूजन स्पर्श करना चाहिए। सूतक के समय जितने भी खून के रिश्ते के बंधु बांधव होते हैं, उन सभी घरों में सूतक लग जाता है इसलिए इस समय पूजा अर्चना सही नहीं माना जाता है।

# पितृ पक्ष में महिलाओं को जरूर करना चाहिए इन चीजों का दान

ऐसी मान्यता है कि पितरों का ऋण श्राद्ध द्वारा चुकाया जाता है। वर्ष के किसी भी मास तथा तिथि में स्वर्गवासी हुए पितरों के लिए पितृपक्ष की उसी तिथि को श्राद्ध किया जाता है। पूर्णिमा पर देहांत होने से भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा को श्राद्ध करने का विधान है। श्राद्ध प्राचीन भारतीय संस्कृति का अंग है। श्राद्ध यानी श्रद्धा से किया गया कार्य। पितरों के लिए श्रद्धा से किए गए मुक्ति कर्म को श्राद्ध कहते हैं तथा तृप्त करने की क्रिया और देवताओं, ऋषियों या पितरों को तंडुल या तिल मिश्रित जल अर्पित करने की क्रिया को तर्पण कहते हैं। तर्पण करना ही पिंडदान करना है। राजा दशरथ के निधन का समाचार मिलने पर भगवान राम ने वनवास में रहते हुए भी पिता का श्राद्ध किया था। श्राद्ध के सोलह दिनों में लोग अपने पितरों को जल देते हैं तथा उनकी मृत्युतिथि पर श्राद्ध करते हैं। ऐसी मान्यता है कि पितरों का ऋण श्राद्ध द्वारा चुकाया जाता है। वर्ष के किसी भी मास तथा तिथि में स्वर्गवासी हुए पितरों के लिए पितृपक्ष की उसी तिथि को श्राद्ध किया जाता है। पूर्णिमा पर देहांत होने से भाद्रपद शुक्ल पूर्णिमा को श्राद्ध करने का विधान है। इसी दिन से महालय (श्राद्ध) का प्रारंभ भी माना जाता है। श्राद्ध का अर्थ है श्रद्धा से जो कुछ दिया जाए। पितृपक्ष में श्राद्ध करने से पितृगण वर्षभर तक प्रसन्न रहते हैं। धर्म शास्त्रों में कहा गया है कि पितरों का पिण्ड दान करने वाला गृहस्थ दीघार्यु, पुत्र-पौत्रादि, यश, स्वर्ग, पुष्टि, बल, लक्ष्मी, पशु, सुख-साधन तथा धन-धान्य आदि की प्राप्ति करता है।

### पितृ पक्ष 2023 : दान की 5 महत्वपूर्ण वस्तुएं

पितृ पक्ष में पितरों को तृप्त करने के लिए घर की महिलाओं को 5 वस्तुओं केला, दही, सफेद मिठाई, लगा हुआ पान और दक्षिणा देना चाहिए। यहां जानते हैं इन वस्तुओं के दान का महत्व।



**केला :** पितरों को खुश करने के लिए पितृ पक्ष में पके हुए केले का दान करना चाहिए। केला एक सदाबहार फल है और वह भगवान विष्णु को प्रिय है। विष्णु कृपा प्राप्ति के लिए केले के पौधे की पूजा भी होती है। भगवान विष्णु वैकुंठ धाम के मालिक हैं और मोक्ष प्रदान करने वाले हैं। पितर केले का दान पाकर प्रसन्न हो उठते हैं और आशीर्वाद देकर अपने वंश को धन्य करते हैं।

**दही :** पितरों की तृप्ति के लिए आप दही का दान जरूर करें। पितृ पक्ष में दूध से ज्यादा दही का महत्व होता है। दूध कच्चा होता है, जबकि दही पके दूध से बनाते हैं और वह जमा हुआ होता है। पितरों को दही प्रिय है। दही स्थिर और जमा होता है। पितरों को इसलिए दही दान करते हैं ताकि हमारे जीवन में स्थिरता आए।

**सफेद मिठाई :** पितृ पक्ष में सफेद मिठाई का दान पाकर पितर खुश हो जाते हैं। प्रेत मंजरी में लिखा है कि मृत्यु के बाद व्यक्ति प्रेत भाव में होता है और वह अंधकार में रहता है। इस भाव में वे अपने वंश को प्रताड़ित या परेशान न करें, इसलिए उनके लिए सफेद मिठाई का दान करते हैं। पितरों को सफेद वस्तुएं दान करते हैं। श्वेत रंग सकारात्मकता का प्रतीक है, जिसे वे पाकर प्रसन्न होते हैं।

**लगा हुआ पान :** पितरों की कृपा प्राप्ति के लिए पितृ पक्ष में उनको लगा हुआ पान दान करना चाहिए। लगा हुआ पान का मतलब पान के बीड़े से है। आप लगा हुआ पान दान करती हैं तो आपका घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो जाएगा।

**दक्षिणा :** दक्षिणा के बिना कोई भी दान फलित नहीं होता है, वह व्यर्थ समझा जाता है। यहां पर दक्षिणा का अर्थ धन या पैसे से नहीं है। दक्षिणा में आप अपने पितरों के लिए कोई पात्र यानि बर्तन जैसे कटोरा, लोटा, थाली आदि दान कर सकते हैं।

## सूडोकु नवताल- 6837

★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | | 3 | | 8 | 9 | | 7 |
| | 1 | | 9 | | 6 | | 5 | 4 |
| | | | | | | 8 | | |
| | 4 | | 5 | | | | 8 | |
| 2 | | 5 | | 4 | | 6 | | 1 |
| | 3 | | | | 1 | | 7 | |
| | | 3 | | | | | | |
| 5 | 9 | | 7 | | 2 | | 6 | |
| 7 | | 6 | 4 | | 3 | | 9 | 2 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल -6836 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 2 | 3 | 8 | 4 | 1 | 9 | 6 |
| 8 | 6 | 1 | 9 | 2 | 5 | 7 | 3 | 4 |
| 3 | 9 | 4 | 1 | 6 | 7 | 5 | 8 | 2 |
| 2 | 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 9 |
| 4 | 8 | 6 | 5 | 9 | 2 | 3 | 7 | 1 |
| 1 | 3 | 9 | 6 | 7 | 8 | 4 | 2 | 5 |
| 6 | 2 | 3 | 7 | 4 | 1 | 9 | 5 | 8 |
| 9 | 4 | 5 | 8 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 |
| 7 | 1 | 8 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 | 3 |

## दैनिक पंचांग

29 सितम्बर 2023 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति

| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कन्या में | तुला | 07.16 बजे से |
| चंद्र | मीन में | वृश्चिक | 09.30 ब.से |
| मंगल | कन्या में | धनु | 11.46 बजे से |
| बुध | सिंह में | मकर | 13.51 बजे से |
| गुरु | मेष में | कुंभ | 15.38 बजे से |
| शुक्र | कर्क में | मीन | 17.11 बजे से |
| शनि | कुंभ में | मेष | 18.41 बजे से |
| राहु | मेष में | वृष | 20.21 बजे से |
| केतु | तुला में | मिथुन | 22.19 बजे से |
| | | कर्क | 00.33 बजे से |
| राहुकाल 10.30 से 12.00 बजे तक | | सिंह | 02.49 बजे से |
| | | कन्या | 05.01 बजे से |

शुक्रवार 2023 वर्ष का 272 वां दिन दिशाशूल पश्चिम ऋतु शरद। विक्रम संवत् 2080 शक संवत् 1945 मास भाद्रपद पक्ष शुक्ला तिथि पूर्णिमा 15.28 बजे को समाप्त। नक्षत्र उत्तराभाद्रपदा 23.18 बजे को समाप्त। योग वृद्धि 20.03 बजे को समाप्त। करण बव 15.28 बजे तदनन्तर बालव 01.52 बजे रात्र को समाप्त। चन्द्रायु 13.9 घण्टे रवि क्रान्ति दक्षिण 02° 13' सूर्य उत्तरायन कलि अहर्गण 1871751 जूलियन दिन 2460216.5 कलियुग संवत् 5125 कल्पारंभ संवत् 1972949123 सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885123 वीरनिर्वाण संवत् 2549 हिजरी सन् 1445 महीना रबि उलावल तारीख 13 विशेष पूर्णिमा व्रत, प्रतिपदा श्राद्ध, गुरु अमरदास पुण्यतिथि, विश्व हृदय दिवस।

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया | |
|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से 07.23 बजे तक | रोग | 05.38 से 07.1 बजे तक |
| लाभ | 07.23 से 08.51 बजे तक | काल | 07.11 से 08.43 बजे तक |
| अमृत | 08.51 से 10.19 बजे तक | लाभ | 08.43 से 10.15 बजे तक |
| काल | 10.19 से 11.47 बजे तक | उद्वेग | 10.15 से 11.47 बजे तक |
| शुभ | 11.47 से 01.15 बजे तक | शुभ | 11.47 से 01.19 बजे तक |
| रोग | 01.15 से 02.43 बजे तक | अमृत | 01.19 से 02.51 बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से 04.10 बजे तक | चर | 02.51 से 04.23 बजे तक |
| चर | 04.10 से 05.38 बजे तक | रोग | 04.23 से 05.55 बजे तक |

चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ शुभ, अमृत व लाभ, मध्यम चर, अशुभ उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें।

## शब्द पहेली - 7899





**बाएँ से दाएँ**

1.कथा,गाथा-3
3.भगौना-3
5.पुष्पहार-2
6.वायदा,कसम-2
8.अभिष्ट इच्छापूर्ति,वर-4
11.योग्य,उपयुक्त-3
13.चिंतन,सोच-विचार-3
14.ताश का एक खेल-2
15.संजय दत्त की पहली फिल्म-2
16.चेहरा,शक्ल-3
18.चाकू,खंजर-3
20.उकसाना, चकमा देना -4
23.लक्ष,सौ हजार-2
25.ईश्वर,भगवान-2
26.विदा,गमन-3
27.लेखनी,पेन-3

**ऊपर से नीचे**

1.हुनर,फन-2
2.शांति,वीराना-3
3.चिलमन,ओट,घूंघट-3
4.ज्वालामुखी से निकला गर्म पदार्थ-2
5.माजरा,मुद्दा-3
7.आंगन,बरामदा-3
9.भागना (अंग्रेजी-2)
10.चटपटा,क्षारीय-4
12.कारनामा,करिश्मा-4
16.अच्छे सुर का ज्ञाता-3
17.मालिक,स्वामी-2
19.प्रेम प्रतिद्वंदी(उर्दू-3)
21.बेदखल करना-3
22.फिजूल,व्यर्थ-2
24.गधा,गर्दभ -2
25.एक प्रकार की विदेशी शराब-2

शब्द पहेली -7898 का हल

## आज का राशिफल

**मेष राशि :** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**वृष राशि :** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा।

**मिथुन राशि :** विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा।

**कर्क राशि :** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**सिंह राशि :** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**कन्या राशि :** पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा।

**तुला राशि :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी।

**वृश्चिक राशि :** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी।

**धनु राशि :** धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी।

**मकर राशि :** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा।

**कुंभ राशि :** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। यात्रा का योग।

**मीन राशि :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा।

## गागर में सागर

### राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति और पीएम ने मिलाद-उन-नबी की शुभकामनाएं दीं



**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुरुवार को मिलाद-उन-नबी पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि हमारे समाज में भाईचारे और दयालुता की भावना को आगे बढ़ाया जाए। राष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा, मिलाद-उन-नबी के पावन अवसर पर मैं सभी देशवासियों, खास तौर पर मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद देती हूं। आज पैगम्बर मुहम्मद (स.) के जन्मदिन पर हम सब सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़कर मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लें। उपराष्ट्रपति ने एक्स पर पोस्ट में कहा, पैगम्बर हजरत मुहम्मद के जन्मदिन के उपलक्ष्य में मिलाद-उन-नबी के शुभ अवसर पर सभी देशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं। पैगंबर की प्रेरणादायक शिक्षाएं करुणा, सहिष्णुता और आपसी भाईचारे का जीवंत उदाहरण हैं। उनकी शिक्षाएं शांति, न्याय और सद्भावनापूर्ण समाज के निर्माण में हमारा मार्गदर्शन करती रहें, यही मंगल कामना है !ह्व प्रधानमंत्री ने एक्स पर पोस्ट किया; मिलाद-उन-नबी पर बधाई। हमारे समाज में भाईचारे और दयालुता की भावना को आगे बढ़ाया जाए।' सभी लोग खुश और स्वस्थ रहें।' ईद मुबारक!

### एमएस स्वामीनाथन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जताया दुख



**नई दिल्ली।** भारत में हरित क्रांति के जनक एवं कृषि वैज्ञानिक एमएस स्वामीनाथन के निधन पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुख जताया है। प्रधानमंत्री ने एक्स हैंडल पर एम एस स्वामीनाथन के साथ दो तस्वीरें साझा करते हुए कहा कि डॉ. एमएस स्वामीनाथन जी के निधन से गहरा दुख हुआ। हमारे देश के इतिहास के एक बहुत ही महत्वपूर्ण समय में, कृषि में उनके अभूतपूर्व कार्य ने लाखों लोगों के जीवन को बदल दिया और हमारे देश के लिए खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की। प्रधानमंत्री ने कहा कि कृषि क्षेत्र में अपने क्रांतिकारी योगदान के अलावा डॉ. स्वामीनाथन नवप्रवर्तन के पावरहाउस और कई लोगों के लिए एक प्रेरक गुरु थे। अनुसंधान और परामर्श के प्रति उनकी अटूट प्रतिबद्धता ने अनगिनत वैज्ञानिकों और नव प्रवर्तकों पर एक अमिट छाप छोड़ी है। उन्होंने कहा कि डॉ. स्वामीनाथन के साथ अपनी बातचीत को हमेशा याद रखूंगा। भारत को प्रगति करते देखने का उनका जुनून अनुकरणीय था। उनका जीवन और कार्य आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करेगा। उनके परिवार और प्रशंसकों के प्रति संवेदनाएं। ओम शांति।

### मुंबई में तेज रफ्तार ट्रक रिक्शे पर पलटा, चार लोगों की मौके पर मौत



**मुंबई।** चंद्रपुर जिले में बल्लारपुर बाईपास के पास बीती रात तेज रफ्तार ट्रक अनियंत्रित होकर रिक्शे पर पलटने से 4 लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे में घायल चार लोगों को तत्काल जिला सिविल अस्पताल में भर्ती करवाया गया। पुलिस के अनुसार बुधवार देर रात बल्लार बाईपास पर अष्टभुजा मंदिर की ओर से तेज रफ्तार ट्रक रेलवे फ्लाईओवर की ओर जा रहा था। अचानक ट्रक चालक का नियंत्रण बिगड़ जाने से ट्रक बगल से गुजर रहे एक रिक्शा पर पलट गया।

### माफिया अतीक के भाई अशरफ का साला सद्दाम दिल्ली से गिरफ्तार



**लखनऊ।** प्रयागराज के उमेश पाल हत्याकांड में फरार चल रहे अब्दुल समद उर्फ सद्दाम को यूपी एसटीएफ की बरेली यूनिट ने दिल्ली के मालवीय नगर से गिरफ्तार किया। सद्दाम, माफिया अतीक अहमद के भाई अशरफ का साला है। यूपी एसटीएफ के मुताबिक सद्दाम पर एक लाख रुपये का इनाम था। सद्दाम पुत्र मंसूर अहमद प्रयागराज जिले के ग्राम हटवा उपरहार का निवासी है। सद्दाम की गिरफ्तारी के बाद फरार चल रही अतीक की पत्नी शाइस्ता परवीन के बारे में भी जानकारी मिल सकती है। उल्लेखनीय है कि इस मामले में गिरफ्तार किए गए माफिया अतीक और अशरफ विगत 15 अप्रैल को प्रयागराज में एक हमले में मारे गए थे। यूपी एसटीएफ के डीएसपी अब्दुल कादिर के नेतृत्व में टीम ने महीनों से दिल्ली में डेरा डाला हुआ था। इसके बाद सद्दाम को गिरफ्तार कर लिया गया। फिलहाल एसटीएफ उसे बरेली के थाना बिथरी चैनपुर लेकर पहुंची है।

# कार्बन न्यूट्रल के लिए निर्माण क्षेत्र में हरित पहल की जाएगी : गडकरी

**एजेंसी। नई दिल्ली**



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने गुरुवार को कहा कि 2070 तक देश को कार्बन तटस्थ बनाने के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के दृष्टिकोण को हासिल करने के लिए निर्माण क्षेत्र में हरित पहल की जाएगी। गडकरी ने यहां एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि परिवहन मंत्रालय सड़क निर्माण में नगर निगम के कचरे का उपयोग करने के लिए नीति को अंतिम रूप दे रहा है। इसके अलावा सरकार जीवाश्म ईंधन का उपयोग नहीं करने के लिए निर्माण उपकरण निमार्ताओं को प्रोत्साहन देने पर भी विचार कर रही है। देश को स्वच्छ और कचरा मुक्त बनाने के लिए चलाए जा रहे स्वच्छता ही सेवा पखवाड़े का उल्लेख करते हुए गडकरी ने कहा कि 13 हजार स्थानों पर राष्ट्रीय राजमार्गों, सड़क किनारे सुविधाओं, ढाबों, टोल प्लाजा पर सफाई अभियान सहित कई कार्यक्रमों की योजना बनाई गई है और लगभग 7000 स्थानों पर काम पूरा हो चुका है। उन्होंने कहा कि दैनिक आधार पर उत्पन्न होने वाले ठोस कचरे का निपटान देश भर के शहरी क्षेत्रों में पेश आने वाली प्रमुख पर्यावरणीय चुनौती है। मंत्री ने कहा कि लगभग 10,000 हेक्टेयर भूमि डंप साइटों में बंद है। मंत्रालय राजमार्ग निर्माण में शहरी ठोस कचरे का उपयोग करने के समाधान पर काम कर रहा है। उन्होंने कहा कि प्रौद्योगिकी और दूरदर्शी नेतृत्व के माध्यम से कचरे से धन बनाना संभव है। देश में वैकल्पिक जैव ईंधन के बारे में बात करते हुए गडकरी ने कहा कि वह इथेनॉल अर्थव्यवस्था बनाने के प्रबल समर्थक रहे हैं और कृषि विकास को 6 प्रतिशत तक बढ़ावा देने के लिए इथेनॉल के बड़े पैमाने पर उपयोग पर जोर दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसका उद्देश्य 2 लाख करोड़ रुपये की इथेनॉल इकोनॉमी बनाना है। दिल्ली में दुनिया के पहले बीएस-6 अनुरूप फ्लेक्स फ्यूल स्ट्रॉन्ग हाइब्रिड वाहन के लॉन्च के साथ फ्लेक्स इंजन 100 प्रतिशत इथेनॉल पर काम करेगा और अर्थव्यवस्था के लिए बचत 1 लाख करोड़ रुपये से अधिक हो जाएगी। उन्होंने कहा कि पानीपत में आईओसीएल संयंत्र चावल के भूसे जैसे कृषि अपशिष्ट को इथेनॉल और बायोबिटुमेन में परिवर्तित करता है। गडकरी ने कहा कि उनके मंत्रालय ने परिवहन क्षेत्र को कार्बन मुक्त करने के लिए कई पहल की हैं और सरकार दिल्ली और जयपुर के बीच इलेक्ट्रिक राजमार्ग विकसित करने पर काम कर रही है। उन्होंने कहा कि इलेक्ट्रिक हाइवे वाहनों के लिए इलेक्ट्रिक ट्रैक्शन को उसी तरह से पूरा करते हैं, जैसे रेलवे के लिए किया जाता है। यह स्वीडन और नॉर्वे जैसे देशों में प्रचलित तकनीक पर आधारित है। इसमें बिजली केबलों का प्रावधान शामिल है, जिसका उपयोग ऐसे वाहन द्वारा किया जा सकता है जो इस प्रकार की प्रौद्योगिकी को पूरा करता है। वाहन अपने कर्षण के लिए इस केबल से बिजली का उपयोग करेगा। फिलहाल मंत्रालय विभिन्न तकनीकों का मूल्यांकन कर रहा है।

**मणिपुर : इंफाल में हिंसक प्रदर्शन जारी**

# उपायुक्त कार्यालय में तोड़फोड़, दो वाहन फूंके

**एजेंसी। इंफाल**



मणिपुर में दो छात्रों की मौत को लेकर गुरुवार की सुबह भी हिंसक प्रदर्शन जारी रहा और इंफाल वेस्ट में एक उग्र भीड़ ने उपायुक्त (डीसी) कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो वाहनों में आग लगा दी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। राज्य की राजधानी में छात्रों की अगुवाई में यह हिंसा मंगलवार को तब शुरू हुई जब जुलाई में लापता हुए एक लड़के और लड़की के शवों की तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हुईं। अधिकारियों ने बताया कि गत रात उरीपोक, यैसकुल, सगोलबंद और टेरा इलाकों में प्रदर्शनकारियों की सुरक्षाबलों से झड़प हुई जिसके कारण सुरक्षा बल को स्थिति पर काबू पाने के लिए आंसू गैस के कई गोले छोड़ने पड़े। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनकारियों ने सुरक्षाबलों को रिहायशी इलाकों में प्रवेश करने से रोकने के लिए टायर जलाकर सड़कों को अवरुद्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि भीड़ ने उपायुक्त कार्यालय में तोड़फोड़ की और दो चार पहिया वाहनों को फूंक दिया। केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) के जवानों ने स्थिति को काबू में किया। इंफाल ईस्ट और इंफाल वेस्ट जिलों में सुरक्षाबलों के हिंसक प्रदर्शनों से निपटने के बीच कर्फ्यू फिर से लगा दिया गया है। इन प्रदर्शनों में मंगलवार से लेकर अब तक 65 प्रदर्शनकारी घायल हो गए हैं। इस बीच, पुलिस ने बताया कि थौबल जिले के खोंगजाम में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कार्यालय में आग लगा दी गयी।

# केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम में किए गए संशोधन

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय MINISTRY OF INFORMATION AND BROADCASTING

**एजेंसी। नई दिल्ली**

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम, 1994 में संशोधन करते हुए इसकी अधिसूचना जारी की है। इसके तहत मल्टी-सिस्टम ऑपरेटर (एमएसओ) पंजीकरणों के नवीनीकरण के लिए एक प्रक्रिया शुरू की गई है। इसके अलावा अंतिम छोर तक इंटरनेट की पहुंच बढ़ाने के लिए केबल ऑपरेटरों द्वारा ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं के साथ बुनियादी ढांचे को साझा करने हेतु नियमों में अनिवार्य प्रावधान शामिल किए गए हैं। एमएसओ पंजीकरण के लिए संशोधित नियमों की कई विशेषताएं हैं, जिसमें एमएसओ पंजीकरण या पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करना, एमएसओ पंजीकरण दस वर्षों की अवधि के लिए प्रदान या नवीनीकृत करने, पंजीकरण के नवीनीकरण के लिए भी प्रोसेसिंग शुल्क एक लाख रुपये, पंजीकरण के नवीनीकरण का आवेदन पंजीकरण की समाप्ति से पहले सात से दो महीने की अवधि के भीतर करना शामिल है।

मंत्रालय के अनुसार नवीनीकरण प्रक्रिया कारोबार करने में सुगमता की दिशा में सरकार की प्रतिबद्धता के अनुरूप है, क्योंकि यह केबल ऑपरेटरों को अपनी सेवाएं बिना किसी रुकावट के जारी रखने के लिए निश्चितता प्रदान करेगी और इस तरह इस क्षेत्र को विदेशी निवेश के लिए आकर्षक बनाएगी। मंत्रालय ने कहा है कि जिन एमएसओ का पंजीकरण 7 महीने के भीतर समाप्त हो रहा है, उन्हें ब्रॉडकास्ट सेवा पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करना होगा। किसी प्रकार की सहायता की आवश्यकता पड़ने पर पोर्टल पर उपलब्ध हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क किया जा सकता है। उल्लेखनीय है कि इससे पहले केबल टेलीविजन नेटवर्क नियम 1994 के तहत केवल नए एमएसओ पंजीकरण ही प्रदान किए जाते थे। नियमों में एमएसओ पंजीकरण के लिए वैधता की अवधि निर्दिष्ट नहीं की गई थी, न ही ऑनलाइन आवेदन दाखिल करने की अनिवार्यता प्रकट की गई थी। केबल ऑपरेटरों द्वारा ब्रॉडबैंड सेवा प्रदाताओं के साथ बुनियादी ढांचे को साझा करने से संबंधित प्रावधान को शामिल करने से इंटरनेट की पहुंच में वृद्धि और संसाधनों के कुशल उपयोग का दोहरा लाभ मिलेगा। इससे ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए अतिरिक्त बुनियादी ढांचे की आवश्यकता भी कम हो जाएगी।

## नवाचार में भारत 40वें स्थान पर बरकरार



**नई दिल्ली।** विश्व बौद्धिक संपदा संगठन की ओर से प्रकाशित वैश्विक नवाचार सूचकांक-2023 में भारत रैंकिंग में 132 अर्थव्यवस्थाओं में से 40वें स्थान पर बना हुआ है। वैश्विक नवाचार सूचकांक (जीआईआई) में पिछले कई वर्षों से 81वें स्थान पर था। 2023 में सुधार के साथ भारत 40वें स्थान पर पहुंच गया। नीति आयोग के अनुसार महामारी से उत्पन्न संकट के खिलाफ देश की लड़ाई में नवाचार ने अग्रणी भूमिका निभाई है। यह प्रधानमंत्री के आत्मनिर्भर भारत के आह्वान में निहित है। जीआईआई रैंकिंग में लगातार सुधार अपार ज्ञान पूंजी, जीवंत स्टार्ट-अप ईको सिस्टम और सार्वजनिक और निजी अनुसंधान संगठनों द्वारा किए गए अद्भुत कार्यों के कारण है। उल्लेखनीय है कि जीआईआई दुनिया भर में नवाचार से होने वाले सामाजिक और आर्थिक परिवर्तनों का आकलन करता है। नीति आयोग इस वर्ष भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) और विश्व बौद्धिक संपदा संगठन (डब्ल्यूआईपीओ) के साथ साझेदारी में 29 सितंबर को जीआईआई 2023 के शुभारंभ की मेजबानी कर रहा है।

**वीर बेटी लक्ष्मी बाई की याद में**

# बनारस से झांसी चलेगी वंदे भारत एक्सप्रेस



### वाराणसी से आगरा व वाराणसी से कोलकाता के लिए भी प्रस्तावित है वंदे भारत

**आरएनएम। वाराणसी**

एक और वंदे भारत एक्सप्रेस रानी लक्ष्मी बाई की जन्मभूमि बनारस तथा कर्म भूमि झांसी के बीच चलेगी। यदि समय से सब कुछ हो गया तो वाराणसी से 13 नवंबर (दीपावली) से यह वंदे भारत चलने लगेगी। यह वाराणसी से प्रयागराज, चित्रकूट होते हुए झांसी तक जाएगी। इसके चलने से बनारस से बुंदेलखंड का सीधा जुड़ाव हो जाएगा। उत्तर मध्य रेलवे जोन की तरफ से रेलवे बोर्ड को भेजे गए प्रस्ताव में कहा गया है कि रानी लक्ष्मी बाई के बचपन का नाम मणिकर्णिका था। उनका बचपन वाराणसी (अस्सी मोहल्ले में जन्म हुआ था) में बीता, फिर शादी झांसी में हो गई। झाँसी की रानी रहने के दौरान अंग्रेजों से लड़ते हुए शहीद हुईं थीं। इस ऐतिहासिक महत्व तथा बनारस की वीर बेटी को याद करते हुए वंदे भारत एक्सप्रेस परिचालन की बात चल रही है।

इससे बनारस से बुंदेलखंड की ट्रेन सुविधा बेहतर हो जाएगी। रेलवे बोर्ड के अनुसार, दीपावली तक और 8 वंदे भारत एक्सप्रेस चलाई जा सकती है। इसमें एक वंदे भारत प्रदेश की धार्मिक नगरी काशी से झांसी के बीच चल सकती है। इसका सर्वे रेलवे बोर्ड करा रहा है। जल्द ही ट्रेन के परिचालन पर अंतिम मुहर लग सकती है रेल अधिकारियों के अनुसार, धार्मिक व ऐतिहासिक पर्यटन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से वाराणसी-झांसी के बीच वंदे भारत चलाने की योजना बनी है। वाराणसी-झांसी रूट के मार्फत चित्रकूट से भी जुड़ाव होगा। भगवान राम वनवास के दौरान लक्ष्मण व सीता सहित चित्रकूट में भी रहे थे।वाराणसी-झांसी के बीच बनारस स्टेशन से बुंदेलखंड एक्सप्रेस का संचालन होता है। इस ट्रेन से यात्रा में 12 से 13 घंटे लगते हैं। वंदे भारत एक्सप्रेस से यात्रा में 6 से 7 घंटे समय लगेगा।

प्रस्ताव के अनुसार वाराणसी से वंदे भारत एक्सप्रेस सुबह 10 बजे खुलेगी और दोपहर डेढ़ बजे तक चित्रकूट पहुंच जाएगी। शाम लगभग साढ़े 4 से पांच बजे तक झांसी पहुंच जाएगी। वाराणसी-झांसी वंदे भारत एक्सप्रेस के संचालन का प्रस्ताव रेलवे बोर्ड को भेजा गया है। इसमें वाराणसी-आगरा वंदे भारत का भी प्रस्ताव शामिल है। वाराणसी-हावड़ा के बीच भी वंदे भारत एक्सप्रेस प्रस्तावित है। यह ट्रेन पटना को जोड़ते हुए अप-डाउन करेगी। मालूम हो कि देश की पहली वंदे भारत एक्सप्रेस दिल्ली से वाराणसी के बीच शुरू हुई ।

# राहुल ने अब दिल्ली में फर्नीचर मार्केट का किया दौरा, कारीगरों से की बात

**एजेंसी। नई दिल्ली**



कांग्रेस नेता राहुल गांधी, जिन्होंने हाल ही में आनंद विहार रेलवे टर्मिनल स्टेशन पर कुलियों से मिल कर सबको आश्चर्यचकित कर दिया था, गुरुवार को दिल्ली के एक फर्नीचर बाजार पहुंचे और बढ़ई से बातचीत की। एक्स पर एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा, आज मैं दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर बाजार में गया और बढ़ई भाइयों से मुलाकात की। कड़ी मेहनत करने के अलावा, वे अद्भुत कलाकार भी हैं -- ताकत और सुंदरता को तराशने में विशेषज्ञ ! हमने बहुत सारी बातें कीं, उनके कौशल के बारे में थोड़ा जाना और थोड़ा सीखने की कोशिश की। पार्टी नेताओं के अनुसार, कीर्ति नगर फर्नीचर बाजार की अपनी यात्रा के दौरान, गांधी ने श्रमिकों और बढ़ई से बातचीत की। कांग्रेस नेता के बाजार दौरे की तस्वीरें भारतीय युवा कांग्रेस प्रमुख बी.वी. श्रीनिवास ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर साझा कीं। श्रीनिवास ने अपने पोस्ट में कहा, जब जन नेता राहुल गांधी दिल्ली के कीर्तिनगर स्थित एशिया के सबसे बड़े फर्नीचर मार्केट पहुंचे.. इस दौरान उनकी मुलाकात मेहनती बढ़ई भाइयों से हुई। भारत जोड़ो यात्रा जारी है। 21 सितंबर को, राहुल गांधी ने आनंद विहार रेलवे स्टेशन पर कुलियों से मुलाकात की थी और उनके मुद्दों को समझने की कोशिश की।

### ब्रिटिश पीएम ऋषि सुनक से मिले अक्षय कुमार-ट्विंकल खन्ना



**अभिनेता** अक्षय कुमार की फिल्म मिशन रानीगंज जल्द ही पर्दे पर आएगी। इससे पहले खिलाड़ी कुमार अपने परिवार के साथ लंदन में वेकेशन एन्जॉय कर रहे हैं। अक्षय और ट्विंकल ने लंदन में ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मुलाकात की है। इस मुलाकात का वीडियो उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। वीडियो में ट्विंकल खन्ना, ऋषि सुनक और अक्षय कुमार ने पोज दिए हैं। ट्विंकल ने वीडियो के कैप्शन में लिखा, मुझे हील्स पहनना और डांस करना पसंद नहीं है, लेकिन आज की रात पैर की उंगलियों पर चोट लगी थी। सुधा मूर्ति मेरी हीरो हैं, लेकिन उनके दामाद प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलना बहुत अच्छा रहा। इस वीडियो को शेयर करते हुए अक्षय कुमार की पत्नी और एक्ट्रेस-राइटर ट्विंकल खन्ना ने राइटर सुधा मूर्ति की जमकर सराहना की है। ट्विंकल का यह वीडियो इस समय काफी लोकप्रिय है। वहीं, अक्षय कुमार के काम की बात करें तो उनकी फिल्म मिशन रानीगंज 6 अक्टूबर को रिलीज होने वाली है।

### सनी कौशल ने रिलीज किया अपना पहला हिप-हॉप गाना 'झंडे'

**हाल** ही में अभिनेता सनी कौशल ने अपने पहले गाने 'झंडे' के साथ गायन क्षेत्र में कदम रखने की घोषणा की। हिप-हॉप रैप होने के नाते, सनी ने न सिर्फ गाया, बल्कि गाना लिखा भी है। इसके लिए उन्होंने भार्ग काले के साथ सहयोग किया है जो झंडे के निमार्ता हैं। अभिनेता ने लिखा, मैं करना ओहि जो मैनु पसंद, पर दुनिया ये कैंदी झंडे तू गड्डु। झंडे का लिरिकल वीडियो अब रिलीज हो है। सुनें, आनंद लें! हैपी बर्थडे टू मी। गाने के पहले पोस्टर को जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला था। झंडे अब सभी म्यूजिक स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर उपलब्ध है। सनी के लिए, झंडे खास हैं क्योंकि यह संगीत बनाने के उनके लंबे समय के जुनून को पूरा करता है।

### रणबीर कपूर की फिल्म 'एनिमल' का टीजर रिलीज




**निमार्ताओं** ने हाल ही में संदीप रेड्डी वांगा के निर्देशन में बनी फिल्म एनिमल का टीजर जारी किया, जो स्क्रीन पर एक अदम्य उग्रता पैदा कर रहा है, और अब यह टीजर फिल्म को लेकर लोगों की जिज्ञासा को और बढ़ावा दे रहा है। रणबीर कपूर अभिनीत इस फिल्म का टीजर फिल्म की रॉ पॉवर, साज़िश और वाइल्ड नेचर को दशार्ने में पूरी तरह कामयाब रहा है। दिलचस्प बात यह है कि आज रणबीर कपूर का जन्मदिन भी है और टीजर जारी होने से इस अवसर पर उत्साह की एक अतिरिक्त परत जुड़ गई है। एनिमल एक सिनेमैटिक वाइल्डफायर है, जो निश्चित रूप से आपको एक ऐसे दायरे में ले जाएगी जहां रोमांच और जुनून टकराते हैं। यह थ्रिलर ड्रामा भूषण कुमार द्वारा निर्मित है, जिसमे अनिल कपूर, रणबीर कपूर, रश्मिका मंदाना, बॉबी देओल और तृप्ति डिमरी जैसे शानदार कलाकार भी शामिल हैं। यह फिल्म 1 दिसंबर को हिंदी, तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम में रिलीज के लिए तैयार है। एनिमल का निर्माण भूषण कुमार और कृष्ण कुमार की टी-सीरीज, मुराद खेतानी के सिने1 स्टूडियो और प्रणय रेड्डी वांगा की भद्रकाली पिक्चर्स ने किया है।

**राजनीति** | **मिशन 2024 की तैयारी में जुटी भाजपा हर रणनीति पर कर रही मंथन**

# योगी सरकार के मंत्रियों को दे सकती है टिकट

**एजेंसी। नई दिल्ली**



भाजपा कुछ महीनों बाद 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव की तैयारी जोर-शोर से कर रही है। उत्तर प्रदेश में बनने वाले विपक्षी दलों के संभावित गठबंधन को देखते हुए भाजपा योगी आदित्यनाथ सरकार के दिग्गज मंत्रियों को 2024 के लोकसभा चुनाव में उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है। आइए आपको बताते हैं कि योगी सरकार के किन-किन मंत्रियों को भाजपा 2024 का लोकसभा चुनाव लड़ा सकती है। सबसे पहले बात उत्तर प्रदेश के कद्दावर नेता एवं वर्तमान उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की करते हैं, जिन्हें पार्टी 2024 में फिर से लोकसभा चुनाव लड़वाने की तैयारी कर रही है। मौर्य के प्रदेश अध्यक्ष के कार्यकाल में ही 2017 में भाजपा को पूर्ण बहुमत मिला था और उस समय मौर्य यूपी में मुख्यमंत्री पद के प्रबल दावेदार माने जा रहे थे। लेकिन, सीएम पद योगी आदित्यनाथ को मिल गया और उन्हें उपमुख्यमंत्री पद से ही संतोष करना पड़ा।

2022 में हुए विधानसभा चुनाव में केशव प्रसाद मौर्य ने अपने गृह जिले कौशांबी की सिराथू सीट से चुनाव लड़ा। लेकिन, उन्हें समाजवादी पार्टी उम्मीदवार पल्लवी पटेल से हार का सामना करना पड़ा। हालांकि, पार्टी आलाकमान के दबाव में योगी आदित्यनाथ ने अपनी दूसरी सरकार में भी उन्हें उपमुख्यमंत्री तो बनाया लेकिन लोक निर्माण विभाग जैसा मंत्रालय वापस लेकर उन्हें ग्रामीण विकास मंत्रालय का जिम्मा सौंप दिया। इससे पहले मौर्य 2014 में फूलपुर से लोकसभा सांसद भी चुने गए थे। उत्तर प्रदेश के दूसरे उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक को भी 2024 में भाजपा लोकसभा के चुनावी मैदान में उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है। बसपा से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत करने वाले पाठक मायावती की पार्टी से उत्तर प्रदेश के उन्नाव संसदीय क्षेत्र से लोकसभा का चुनाव जीत चुके हैं और राज्यसभा सांसद भी रह चुके हैं। एक जमाने में मायावती के काफी करीबी माने जाने वाले ब्रजेश पाठक 2016 में भाजपा में शामिल हुए। 2017 में पाठक लखनऊ सेंट्रल से विधायक का चुनाव जीतकर योगी सरकार में कैबिनेट मंत्री बने और 2022 में लखनऊ छावनी से विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद उन्हें योगी सरकार में उपमुख्यमंत्री बनाया गया। भाजपा योगी सरकार में मंत्री जितिन प्रसाद को भी लोकसभा चुनाव लड़वाने की तैयारी कर रही है। खानदानी रूप से कांग्रेसी माने जाने वाले जितिन प्रसाद ने अपने पिता की राजनीतिक विरासत को संभालते हुए कांग्रेस से अपने राजनीतिक सफर की शुरूआत की। वर्ष 2004 में कांग्रेस के टिकट पर उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर से और 2009 में धौरहरा से चुनाव जीतकर सांसद बने। राहुल गांधी की सिफारिश पर उन्हें मनमोहन सिंह सरकार में पहली बार 2008 में मंत्री बनाया गया और 2009 में हुए लोकसभा चुनाव के बाद दोबारा से बनी मनमोहन सरकार में उन्हें फिर से मंत्री बनाया गया। लेकिन, इसके बाद राजनीतिक तौर पर जितिन प्रसाद का बुरा दौर शुरू हो गया। जितिन प्रसाद को लगातार दो बार 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में धौरहरा से हार का सामना करना पड़ा।

## गागर में सागर

### सरला बिरला पब्लिक स्कूल की छात्रा का प्रतियोगिता में शानदार प्रदर्शन

**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल, रांची की छात्रा कक्षा-9 की खुशी कुमारी ने 27 सितंबर, 2023 को आँड्रे हाउस में विश्व पर्यटन दिवस के अवसर पर पर्यटन निदेशालय, झारखंड सरकार द्वारा आयोजित वॉल पेंटिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। विद्यालय के कार्मिक व प्रशासनिक प्रमुख डॉ. प्रदीप वर्मा ने छात्रा को उसकी सफलता पर बधाई दी। प्राचार्या परमजीत कौर ने इस शानदार उपलब्धि की सराहना की और दूसरे बच्चों को भी ऐसी गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ईद मिलादुन्नबी पर झारखंड प्रदेश कुरैश कॉन्फ्रेंस ने लगाया स्वागत शिविर

**रांची।** पैगंबर मोहम्मद के जन्म दिवस के उपलक्ष में गुरुवार 28 सितंबर को झारखंड प्रदेश कुरैश कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष हाजी बेलाल कुरैशी द्वारा ईद मिलादुन्नबी का जुलूस का भव्य स्वागत किया गया। जुलूस में चल रहे लोगों को खजूर, पानी, चना, शर्बत, फल दिया गया। साथ ही जुलूस का नेतृत्व करने वालो को फूल माला, हरा पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। यह शिविर कांटा टोली यूनियन बैंक के पास लगाया गया। मौके पर हाजी बेलाल कुरैशी, एजाज अहमद कुरैशी, इरफान कुरैशी, नसीम कुरैशी, नासिर कुरैशी, कमरुद्दीन कुरैशी के अलावा झारखंड प्रदेश कुरैश कॉन्फ्रेंस के पूरी टीम शामिल थे।

### अब्दुल वाहिद खान बनाए गए झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक के प्रदेश उपाध्यक्ष

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी एवं प्रदेश प्रभारी उमेर खान के द्वारा झारखंड के सीनियर कांग्रेसी लीडर अब्दुल वाहिद खान को प्रदेश उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इस मौके पर झारखंड सहित बोकारो जिला के कई लोगों ने उन्हें बधाई दी है। इस मौके पर अब्दुल वाहिद खान ने कहा कि मैं इससे पहले प्रदेश महासचिव के पद पर था ।आज मुझे प्रदेश उपाध्यक्ष का दायित्व दिया गया है। मुझे जो दायित्व मिला है मैं उसे उसको मैं पूरी तरह निर्वाह करूंगा। साथ ही इस मौके पर उन्होंने झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी केप्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर, झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मंजूर अंसारी, प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, अल्पसंख्यक विभाग के प्रदेश प्रभारी उमेर खान को प्रति आभार व्यक्त किया है। साथ ही उन्होंने राष्ट्रीय नेतृत्व के नेताओं को भी धन्यवाद दिया है।

### विहिप ने झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड को भंग करने की मांग की

**रांची।** विश्व हिन्दू परिषद ने झारखंड धार्मिक न्यास बोर्ड को भंग करने की मांग की है। बोर्ड की ओर से अनर्गल निर्णय लेने एवं कई प्रमुख मंदिरों की पुरानी कमेटी को भंग करने को गलत बताया गया। इस मसले को लेकर आगे की रणनीति तय करने को लेकर गुरुवार को विहिप एवं शहर के कई प्रमुख मंदिरों से संबद्ध श्रद्धालुओं की बैठक हिनू में हुई। बैठक की अध्यक्षता विहिप के प्रांत उपाध्यक्ष चंद्रकांत रावपत ने की। बैठक में धार्मिक न्याय बोर्ड के द्वारा चार मंदिरों में नई कमेटी का गठन करने को लेकर चर्चा हुई। प्रांत उपाध्यक्ष ने कहा कि न्यास बोर्ड ने पिछले दिनों चार मंदिर का टीम को भंग करते हुए नई टीम का गठन किया है। इसका विरोध सभी मंदिर की कमेटी के द्वारा किया जा रहा है। इसी क्रम में पहाड़ी मंदिर की पुरानी कमेटी का दस दिन से विरोध प्रदर्शन चल रहा है। बैठक में निर्णय लिया गया की धार्मिक न्यास बोर्ड को भंग करने की मांग की जायेगी। धार्मिक न्यास बोर्ड प्रदत शक्ति का दुरुपयोग कर रही है और सनातन धर्म के विरुद्ध कार्य कर रही है। कमेटी को भंग करने से पहले पुरानी कमेटी के साथ बैठक होना चाहिए था। इसके अलावा हिन्दू नामधारी संगठन के साथ विचार विमर्श किया जाना चाहिए था।

# भारत विविधताओं से भरी संस्कृतियों, परंपराओं व वेशभूषा का भरा एक गुलदस्ता है : विनय पत्रालेे

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

राष्ट्रीय एकात्मता के लिए कार्यरत संस्था भारत भारती की बैठक प्रेस क्लब सभागार में हुई जिसमें उपस्थित विभिन्न प्रांतो के प्रतिनिधियों और भाषा-भाषी लोगों ने देश की सांस्कृतिक एकता और समृद्धि के लिए मिलजुल कर प्रयास करने का संकल्प लिया। संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय दत्तात्रेय पत्रालेे ने कहा की संस्था नौ राज्यों में कार्यरत है और दसवें राज्य के रूप में झारखंड में अपनी गतिविधियों का विस्तार करने पर काम कर रही है। भारत विभिन्न संस्कृतियों, परंपराओं, वेशभूषा, खान-पान और संस्कृति का एक खूबसूरत गुलदस्ता है। भाषा, परिवेश, पहनावा आहार, परम्परा, संस्कृति थोड़ा अलग-अलग होने के बावजूद देश के जीवन और व्यवहार में भारतीयता का राष्ट्रीय स्वर है। देश का भाव, राग और ताल भारत है। भारत का उच्चारण करते ही यहां की समृद्ध परंपरा, वीरों के बलिदान ईश्वर आस्था और संस्कृति स्पंदन लेने लगती है। श्री पत्रालेे ने देश

के विभिन्न प्रांतो की खूबियों, सेवा भाव, मेधा, शौर्य, क्रांतिकारी भावना और विविधताओं की चर्चा की। उन्होंने कहा कि महानगरों, देश की राजधानियों और बड़े शहरों में रहने वाले विभिन्न प्रान्तों के लोगों को राष्ट्र समृद्धि के मुद्दे पर एक मंच पर लाने के काम में लगी है।

बैठक में बिहार, झारखंड , कर्नाटक, बंगाल, गुजरात, राजस्थान, महाराष्ट्र, मणिपुर , मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब आदि राज्यों के मूल निवासी प्रतिनिधियों में भाग लिया। मैथिली भोजपुरी और छोटानागपुरी भाषा में भी चर्चा हुई। आरम्भ में अतिथियों का स्वागत पंकज वत्सल ने किया। संचालन सुनील झा ने तथा धन्यवाद ज्ञापन अभय कुमार ने किया। इस अवसर पर जनजाति सुरक्षा मंच के संदीप उरांव, महानगर संघचालक पवन मंत्री, सिख समाज के गुरविंदर सिंह सेठी तथा भारत भारती के संस्थापक विनय पत्रालेे को अंग वस्त्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर गुजराती समाज के अध्यक्ष सूर्वकांत राठौर, गुजराती महिला मंडल की अध्यक्ष मंगल राठौर, इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डॉ सपम रणवीर सिंह, ककिे के पूर्व विधायक डॉ जीतू चरण राम, माहेश्वरी सभा के अध्यक्ष किशन साबू, सचिव नरेंद्र लखोटिया, मैथिली मंच के संस्थापक अरुण झा, अध्यक्ष विनय कुमार झा, झारखंड खत्री महासभा के अध्यक्ष किशोर खत्री, झारखंड अल्पसंख्यक आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष गुरविंदर सिंह सेठी, गुरु नानक होम फार हैंडिकैप्ड चिल्ड्रन के रणजीत सिंह गिल, हरियाणा संघ के अध्यक्ष अरुण शर्मा, जनजाति सुरक्षा मंच के क्षेत्रीय (बिहार-झारखण्ड) संयोजक संदीप उरांव, नागपुरी कला संगम के अध्यक्ष गोविंद नारायण तिवारी, रांची जिला मुखिया संघ के अध्यक्ष सोमा उरांव, मेघा उरांव, झारखंड ग्रामीण बैंक के निदेशक प्रेम मित्तल, भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रदीप सिन्हा, वीएचपी के प्रदेश कोषाध्यक्ष सुनील गुप्ता सहित विभिन्न प्रान्तों का प्रतिनिधित्व करने वाले लगभग सौ लोग उपस्थित थे।

## एचइसी की बदहाली के लिए केंद्र सरकार जिमेदार : राजद

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

झारखंड प्रदेश राष्ट्रीय जनता दल के मुख्य प्रवक्ता डॉ मनोज कुमार ने केंद्र सरकार की कड़ी आलोचना करते हुए कहा कि एचइसी की बदहाली के लिए पूरी तरह केंद्र सरकार जीमेदार है। जब से केंद्र में भाजपा की सरकार बनी है तब से केंद्र सरकार के गलत नीतियों और सौतेला व्यवहार के कारण एचइसी का हाल बेहाल है और उसमें कार्य कर रहे कर्मियों का भी हाल बेहाल है और केंद्र सरकार मुकदर्शक बनी हुई है जो काफी चिंताजनक और अफसोस जनक है। डॉ. कुमार ने कहा कि एचइसी देश की बड़ी धरोहर है इसे बचाना अति आवश्यक है । केंद्र सरकार के भेद भाव की नीति के कारण आज यह बदहाली की स्थिति उत्पन्न हो गई है 18 माह से वेतन नहीं मिलने के कारण मजदूर भुखमरी के कगार पर है झरखाखंड के भाजपा सांसद,मंत्री मूकदर्शक बने हुए है केंद्र सरकार अविलंब एचइसी कर्मियों के वेतन का भुगतान करे। भाजपा की केंद्र करोड़ों करोड़ रुपए प्रचार प्रसार और हवाई भ्रमण में खर्च कर रही है किंतु जो देश की बड़ी धरोहर है उसे बचाने का कोई भी प्रयास न भाजपा की केंद्र सरकार कर रही और न ही झारखंड के भाजपा मंत्री , सांसद कर रहे है ।

# ईद मिलादुन्नबी पर शहर में निकला भव्य जुलूस

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

ईद मिलादुन्नबी पर रांची के ग्रामीण सहित शहरी क्षेत्र के विभिन्न मुहल्लों से गुरुवार को जुलूस-ए-मोहम्मदी हर्षोल्लास के साथ निकाला गया। जुलूस का नेतृत्व उलेमाओं ने की। जुलूस का संचालन एदारा ए शरीया के मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमेटी के अध्यक्ष मौलाना डॉ. ताजुद्दीन रिजवी, महासचिव अकीलुरहमान एवं प्रवक्ता मो. इसलाम ने संयुक्त रूप से किया।

जुलूस-ए-मोहम्मदी कांटा टोली कुरैशी मुहल्ला, मौलाना आजाद कॉलोनी, गढ़ा टोली, रमजान कॉलोनी, थडपखना, पत्थलकुदुआ, गुदरी, कंकि, भिट्ठा, बरियातू, हिंदपीढ़ी, पहाड़ी टोला, इस्लाम नगर, इलाहिबक्स कॉलोनी, कर्बला चौक, डोरंडा, पुनदाग, हटिया सहित रांची जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से गुजरा।इस दौरान कुरैश कॉन्फ्रेंस के प्रदेश अध्यक्ष हाजी बेलाल कुरैशी ने जुलूस का भव्य स्वागत किया। साथ ही जुलूस में चल रहे लोगों को खजूर, पानी, चना, शर्बत और फल दिया गया। इस दौरान मौलाना कुतुबुद्दीन रिजवी, मौलाना डॉ. ताजुद्दीन रिजवी सहित अनेक उलेमाओं ने सभा को सम्बोधित करते हुए पैगम्बर मोहम्मद की जीवनी को विस्तार से बताते हुए उनके मार्ग पर चलने के साथ एक और नेक बनने की लोगों से अपील की। उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा एवं एसएसपी रांची चंदन कुमार सिन्हा ने सुन्नी बरेलवी सेन्ट्रल कमेटी की सराहना करते हुए कहा कि रांची आपसी सौहार्द की अद्भुत मिसाल है और इसे बरकरार रखना है। उन्होंने पैगम्बर मोहम्मद के बताए राह पर चलने की बात कही।

**सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम :** विधि व्यवस्था में किसी तरह की कमी न रहे और शांतिपूर्ण तरीके से जुलूस ए मोहम्मदी का जुलूस संपन्न हो, इसके लिए रांची जिला उपायुक्त राहुल सिन्हा और वरीय पुलिस अधीक्षक चंदन सिन्हा सहित अन्य अधिकारी पल-पल की जानकारी ले रहे थे। सभी थाना क्षेत्रों में पुलिस के अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गयी थी। सभी डीएसपी और थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रख रहे थे।

### रांची में खानकाह मजहरिया मुनअमिया में किया गया मिलाद शरीफ का एहतेमाम

**रांची।** झारखंड में ईद मिलाद उन नबी के मौके पर रांची के डोरंडा फिरदौस नगर स्थित खानकाह मजहरिया मुनअमिया में मिलाद शरीफ का एहतेमाम सज्जादा नशी हजरत सैय्यद शाह मौलाना अल्कमा शिबली कादरी ने आज किया। मिलाद शरीफ की शुरूआत हुजूरे पाक पर कसरत से दरूदे पाक पढ़ कर की गई। उसके बाद मिलाद ए मुस्तफा का एहतेमाम किया गया। मौके पर सज्जादा नशी हजरत मौलाना सैय्यद शाह अल्कमा शिबली कादरी ने मिलाद शरीफ में आए लोगों को हुजूरे पाक की दुनिया मे आमद और उनके बताए बातों को जैसे ईसान और ईसानीयत की कामयाबी के रास्ते लोगों को समझाया। साथ ही लोगों के दिल में सभी के साथ प्रेम और भाईचारगी कैसे बढ़े इस पर रौशनी डाली। वहीं छोटे, बड़े अमीर, गरीब अपना, पराया के भेद भाव को दूर कर सभी को गले लगाने और मोहब्बत बांटने की बातें बताई। अंत मे सलातो सलाम पढ़ राज्य मुल्क की कामयाबी आपसी भाईचारगी के दुआ के साथ मिलाद शरीफ का समापन हुआ। मौके पर मौलाना सैय्यद शाह अबू रुफे तीबरानी, सैय्यद जैन कादरी, मो कमरू, मो सब्बीर, मो सेराज, मो साहब आदि ने शिरकत किया।

### राज्यपाल ने ईद मिलादुन्नबी की दी मुबारकबाद

**रांची।** राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने ईद मिलादुन्नबी के पावन अवसर पर सभी मुस्लिम भाइयों और बहनों को मुबारकबाद दी है। राज्यपाल ने गुरुवार को ट्वीट कर कहा कि आज पैगम्बर मोहम्मद (स.) के जन्मदिन पर हम सब सद्भाव और भाईचारे के साथ आगे बढ़कर मानवता के कल्याण के लिए कार्य करने का संकल्प लें।

### मुख्यमंत्री ने लोगों को ईद मिलादुन्नबी की दी बधाई

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने प्रदेशवासियों को ईद-मिलादुन्नबी की मुबारकबाद दी है। पैगम्बर साहब के जन्मदिवस ईद-मिलादुन्नबी के पवित्र मौके पर उन्होंने देश-दुनिया में अमन-चैन और लोगों की खुशहाली की कामना की है। उन्होंने कहा कि पैगम्बर मोहम्मद साहब का सद्भाव, इंसानियत और भाईचारे का पैगाम पूरे समाज को हमेशा प्रेरणा देते रहेंगे। आप सभी स्वस्थ रहें, सुखी रहें, खुशहाल रहें, यही दुआ करता हूं।

### चंदनकियारी की संकल्प सभा में भाजपा की सरकार बनाने का किया आह्वान

# राज्य में गरीब भूखे मरने को मजबूर : मरांडी

**नवीन मेल संवाददाता। रांची/ बोकारो**

संकल्प यात्रा के छठे चरण के दौरान गुरुवार को चंदनकियारी विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने हेमंत सरकार पर जमकर हमला बोला। साथ ही उन्होंने अपराध मुक्त, भ्रष्टाचार मुक्त शासन और विकास कार्य के लिए केंद्र और झारखंड में भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प दिलाया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार में भ्रष्टाचार चरम पर है। पैसे लेकर अयोग्य व्यक्तियों का राशन कार्ड बनाया जा रहा है जबकि गरीब व्यक्ति भूखे मरने को मजबूर हैं। गढ़वा में मुसहर दलित का मामला भी ऐसा ही है। उन्होंने कहा कि मामले में जांच करते हुए एमओ बीडीओ के खिलाफ कार्रवाई आवश्यक है। जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार गांव-गरीब किसानों के प्रति समर्पित है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी गरीब घर से आते हैं।इसलिए वे गरीबों की चिंता करते हैं। प्रधानमंत्री बनते ही शौचालय बनवाया। एक-एक गरीब व्यक्ति को बैंकों से जोड़ दिया। कोविड काल में सीधे खाते में पैसे दिए। मरांडी ने कहा कि मोदी ने महिला आरक्षण बिल लाकर बड़ा तोहफा दिया है। इस बिल से महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण का लाभ मिलेगा।इससे पहले रक्षा बंधन पर गैस सब्सिडी का बड़ा तोहफा दिया। उन्होंने कहा कि हेमंत सरकार ने रोजगार नहीं तो भत्ता का वादा किया था लेकिन 2023 बीतने वाला है अब तक नियुक्ति वर्ष नहीं आया। उन्होंने कहा कि झारखंड में कानून व्यवस्था चौपट हो गई है।

## पृष्ठ एक के शेष

**हरित क्रांति के जनक एमएस...**

खाद्यान्न उत्पादन में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई थी। स्वामीनाथन को 1987 में प्रथम विश्व खाद्य पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने पुरस्कार राशि का उपयोग चेन्नई में एमएस स्वामीनाथन रिसर्च फाउंडेशन की स्थापना के लिए किया। यह फाउंडेशन टिकाऊ और समावेशी कृषि के क्षेत्र में काम कर रहा है।

**उनके नाम पर गठित हुआ था आयोग :** स्वामीनाथन आयोग का गठन 18 नवंबर, 2004 को किया गया था। दरअसल, इस आयोग का नाम राष्ट्रीय किसान आयोग था, जिसके अध्यक्ष एमएस स्वामीनाथन थे। उन्हीं के नाम पर इस आयोग का नाम स्वामीनाथन आयोग पड़ा। इस आयोग ने लंबे समय तक किसानों की समस्या को समझने के बाद केंद्र से कृषि क्षेत्र में कई जरूरी सुधारों की मांग की थी।

**स्वामीनाथन को मिले कई राष्ट्रीय -अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार :** स्वामीनाथन को कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। इनमें पद्मश्री (1967), पद्मभूषण (1972), पद्मविभूषण (1989), विश्व खाद्य पुरस्कार (1987) के साथ 1971 में रेमन मैग्सेसे पुरस्कार और 1986 में अल्बर्ट आइंस्टीन विश्व विज्ञान पुरस्कार महत्वपूर्ण हैं। स्वामीनाथन ने विभिन्न अंतरराष्ट्रीय कृषि और पर्यावरण पहल में योगदान दिया था। टाइम पत्रिका द्वारा उन्हें 20वीं सदी के 20 सबसे प्रभावशाली एशियाई लोगों में से एक नामित किया गया था। स्वामीनाथन के परिवार में उनकी पत्नी मीना और तीन बेटियां सौम्या, मधुरा और नित्या हैं।

**बेटी डॉ. सौम्या स्वामीनाथन ने कहा- उनकी विरासत को तीनों बेटियां जारी रखेंगी :** विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) की पूर्व मुख्य वैज्ञानिक और एमएस स्वामीनाथन की बेटी डॉ। सौम्या स्वामीनाथन ने पिता के निधन पर कहा, पिछले कुछ दिनों से उनकी तबीयत ठीक नहीं थी। आज सुबह 11 l20 बजे उनका निधन हो गया। जिंदगी के अंत तक वे किसानों के कल्याण और समाज के सबसे गरीब लोगों के उत्थान के लिए प्रतिबद्ध थे। परिवार की ओर से मैं उन सभी का आभार व्यक्त करती हूं, जिन्होंने अपनी संवेदनाएं व्यक्त कीं। मुझे आशा है कि हम तीनों बेटियां उस विरासत को जारी रखेंगे, जो मेरे पिता और मेरी मां मीना स्वामीनाथन ने हमें दिखाई है। उन्होंने कहा कि उनके पिता उन कुछ लोगों में से एक थे, जिन्होंने माना कि कृषि में महिलाओं की उपेक्षा की जाती है। उन्होंने महिला सशक्तीकरण को बढ़ावा देने के लिए कई पहल की थीं। उनके विचारों ने महिला सशक्तीकरण योजना जैसे कार्यक्रमों को जन्म दिया, जिसका उद्देश्य महिला किसानों का समर्थन करना था। जब वे छठे योजना आयोग के सदस्य थे, तो पहली बार महिला और पर्यावरण पर एक अध्याय शामिल किया था। उनके ये दो महत्वपूर्ण योगदान हैं, जिन पर उन्हें बहुत गर्व था।

**चाईबासा में आईईडी में कोबरा...**

टारगेट करके लगाए पूर्व से लगाए गये तीन आईईडी में विस्फोट किया गया। इसकी चपेट में आने से एक इंस्पेक्टर समेत चार सुरक्षाकर्मी घायल हो गये, जिसमें से एक जवान शहीद हो गए। पुलिस के मुताबिक प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को बेहतर इलाज के लिए हेलिकॉप्टर से रांची भेजा गया है। पुलिस का कहना है कि इस घटना से पहले ऑपरेशन के दौरान सुरक्षा बलों ने तुम्बाहाका गांव के पास जंगली पहाड़ी क्षेत्र में दो आईईडी और रास्ते में गड्ढा कर लोहे के रॉड से बने 31 स्पाइक होल्स और तीर से बने 250 स्पाइक को बरामद कर लिया था। उसी दौरान विस्फोटकों को डिस्पोज भी कर दिया गया था। लेकिन दोपहर 12 से 12.15 के बीच नक्सलियों ने तीन आईईडी ब्लास्ट करा दिया, जिसकी वजह से सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचा है। पुलिस की ओर से बताया गया है कि इस घटना के बाद इलाके में और मुस्तैदी के साथ ऑपरेशन को जारी रखा गया है। खास बात है कि इसी टोंटो थानाक्षेत्र में पिछले अगस्त माह में नक्सलियों ने घात लगाकर हमला किया था। उस हमले में एक सब इंस्पेक्टर और झारखंड जगुआर का एक जवान शहीद हो गया था।

**दो आईईडी बम व 31 स्पाइक होल बरामद :** आईईडी बम विस्फोट के बाद सुरक्षा बलों ने नक्सल प्रभावित जंगली इलाके में अभियान चलाया। सुरक्षा बलों ने जंगल से दो आईईडी बम बरामद किए हैं। 31 स्पाइक होल बरामद किए गए हैं। इस दौरान 250 स्पाइक भी पुलिस को मिले हैं।

**नक्सल ऑपरेशन में ये टीम थी शामिल :** नक्सलियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान में चाईबासा पुलिस शामिल थी। इसके अलावा झारखंड जगुआर और कोबरा 209 BN के जवान शामिल थे। सीआरपीएफ 197 BN एवं 174 BN के अलावा बम निरोधक दस्ता सीआरपीएफ 197 इठ की टीम शामिल थी।

**मैक्लुस्कीगंज ने बढ़ाया...**

अपने संबोधन में ग्रामीण पर्यटन को बढ़ावा देने पर जोर दिया। इस दौरान रांची जिला पर्यटन के नोडल अधिकारी शिवेंद्र कुमार सिंह और एंग्लो इंडियन समुदाय की ओर से एग्नेल गोम्स मौजूद थे। विभागीय अधिकारियों ने उम्मीद जतायी है कि इस पुरस्कार से मैक्लुस्कीगंज में पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा।

**विधायक कमलेश पर चलेगा...**

ऐसे में उनके खिलाफ संविधान की 10वीं अनुसूची के तहत दलबदल के मामले में कार्रवाई की जाए। इस मामले में स्पीकर रवींद्रनाथ महतो ने विधायक कमलेश सिंह को लिखित रूप में 27 सितंबर तक अपना पक्ष रखने को कहा था। इस पर जवाब देते हुए कमलेश सिंह कहा है कि वह अजीत पवार गुट में हैं, क्योंकि यही असली एनसीपी है। इधर, अजीत पवार गुट की ओर से भी स्पीकर को अवगत कराया गया है कि एनसीपी विधायक कमलेश सिंह उनके साथ हैं। अजीत पवार गुट ने स्पीकर को लिखे पत्र में कहा है कि उनके खिलाफ दलबदल का मामला नहीं चलाया जा सकता, क्योंकि फिलहाल एनसीपी से संबंधित मामला चुनाव आयोग में चल रहा है।

## शहीद | झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा अभियान आज से

# अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता एवं सांस्कृतिक कार्य निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में गुरुवार को द प्रेस क्लब में एक प्रेस भेंट वार्ता मेरा माटी मेरा देश अभियान के तहत अमृत कलश यात्रा की गई। प्रेस भेंट वार्ता को संबोधित करते हुए कार्यक्रम समिति सदस्य (झारखंड) पूर्व क्षेत्र संस्कृति केंद्र कोलकाता चंद्रदेव सिंह ने बताया गया कि पूर्व क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र कोलकाता संस्कृति मंत्रालय भारत सरकार एवं सांस्कृतिक निदेशालय झारखंड सरकार के संयुक्त तत्वावधान में झारखंड के 10 प्रखंडों के 100 गांवों में अमृत कलश यात्रा अभियान चलाया जाएगा। जिसमें गांव स्तर से प्रखंड स्तर से और जिला स्तर से राज्य स्तर से मिट्टी एकत्र की जाएगी, जो दिल्ली के कर्तव्य पथ पर बन रहे

अमृत वाटिका को विकसित करने के लिए भेजा जाएगा। इस अमृत वाटिका पर देश के शहीदों का नाम नामांकित होगा। इस कार्यक्रम को करने के पीछे उद्देश्य की हमारे स्वतंत्रता के लिए हमारे कई वीर शहीदों ने अपनी जान की कुर्बानी दी है जिनमें से कुछ स्वतंत्रता सेनानी तो ऐसे हैं जिनके बारे में देश के नागरिकों को मालूम भी नहीं है, वह आजादी के लड़ाई में कुर्बान हो गए और उनकी कुर्बानी के बारे में किसी को नहीं पता है। इस कार्यक्रम के माध्यम से ऐसे सेनानियों को बारे में लोगों को बताया जाना है इसके साथ-साथ उनके नाम को एक स्मारक पट्टी पर अंकित भी किया जाएगा भारत को आजाद हुए 75 वर्ष पूरे हो चुके हैं और आजादी के 75 वर्ष के उपलक्ष में प्रधानमंत्री जी की अमृत महोत्सव को समापन के लिए इस कार्यक्रम को शुरू किया है इसी कड़ी में झारखंड राज्य के 10 प्रखंड बुंडू , सोनाहातू , राहे,तमाड़, इटकी सरायकेला जिले के कुकडू, दुमका जिला के जामा प्रखंड, जामताड़ा प्रखंड का नारायणपुर एवं लातेहार जिले के मनिका एवं बरवाडीह प्रखंड में अभियान चलाया जाएगा जिसमें कला जत्था की टीम भी साथ-साथ होगी जो गांव में प्रभात फेरी कर और देशभक्ति गीतों के साथ लोगों को इस अभियान में शामिल होने के लिए आग्रह करेगी और गांव स्तर पर अमृत कलश यात्रा में मिट्टी लेने का कार्य में सहयोग करेगी। कल दिनांक 29 सितंबर 2023 से या अमृत कलश यात्रा आँडर हाउस से प्रारंभ होगी। एक अमृत कलश यात्रा रथ बनाया गया है जिसे कल निदेशक, संस्कृति के द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना की जाएगी और यह झारखंड के 100 गांव में घूम कर मिट्टी एकत्र करने का कार्य करेगी। इस अमृत कलश यात्रा में लोक कलाकार होंगे जो सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से देशभक्ति गीतों के माध्यम से पूरे राज्य में अमृत कलश यात्रा अभियान और मेरा देश मेरा माटी के बारे में लोगों को बतलाएंगे। मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत झारखंड के 100 गांव में अमृत कलश यात्रा चलाई जाएगी।

## गागर में सागर

### नंबर-1 बल्लेबाज बनने से चूके शुभमन गिल

**दुबई।** आईसीसी वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर काबिज बाबर आजम की बढ़त लगातार कम हो रही है। नए अपडेट के अनुसार भारत के युवा बल्लेबाज शुभमन गिल और बाबर के बीच मात्र 10 अंक का मांमूली अंतर है। गिल ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ वनडे सीरीज के पहले दो मैचों में शानदार प्रदर्शन किया। फॉर्म में चल रहे सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने शुरूआती दो मुकाबलों के दौरान कुल 178 रन बनाए। इस सीरीज के पहले मुकाबले में गिल ने मोहाली में 74 रनों की पारी खेली और फिर, इंदौर में अपने करियर का छठा वनडे शतक बनाकर रैंकिंग में बढ़त बनाई। आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, गिल के अब कुल 847 रेटिंग अंक हैं और वह 5 अक्टूबर को विश्व कप की शुरूआत से पहले बाबर से सिर्फ 10 रेटिंग अंक पीछे हैं।

### सीरी ए में इंटर मिलान की पहली हार

**रोम।** इंटर मिलान का सीरी ए में शानदार रिकॉर्ड टूट चुका है, क्योंकि उन्हें ससुओलो के खिलाफ 2-1 से हार का सामना करना पड़ा। इंटर ने पांच सीरी ए मैचों में लगातार जीत हासिल की थी। जबकि ससुओलो ने पिछले मैच में जुवेंटस को 4-2 से हराया था। घरेलू टीम ने कुछ मौके बनाए और ब्रेक से पहले गतिरोध को तोड़ दिया जब डेन्जेल डमफ्रीज ने एक डिफेंडर को चकमा देकर गोल दागा। हालांकि, सैसुओलो ने नौ मिनट के अंतराल में खेल को पलट दिया और अंत तक बढ़त बनाए रखते हुए 2-1 से जीत दर्ज कीष वहीं, इसके विपरीत एसी मिलान ने कैग्लियारी को 3-1 से हराया। इंटर की हार के साथ मिली जीत ने एसी मिलान को अपने शहर के प्रतिद्वंद्वियों के साथ 15 अंकों के स्तर पर पहुंचने की अनुमति दी, लेकिन कम गोल अंतर के कारण वे अभी भी दूसरे स्थान पर हैं। अन्य मैच में नेपोली ने उडिनीस को 4-1 से हराकर अपना खराब प्रदर्शन समाप्त किया। इसके अलावा बुधवार को लाजियो ने टोरिनो को 2-0 से हराया, अटलंता ने हेलास वेरोना को 1-0 से हराया और एम्पोली ने सालेर्निटाना को 1-0 से हराकर अपनी पहली जीत दर्ज की।

### अफगानिस्तान के युवा खिलाड़ी नवीन उल हक वर्ल्ड कप के बाद लेंगे संन्यास

**दुबई।** अफगानिस्तान के 24 वर्षीय युवा खिलाड़ी नवीन उल हक ने विश्व कप-2023 के बाद वनडे फॉर्मेट से संन्यास लेने की घोषणा की है। विश्व कप के लिए अफगानिस्तान की वनडे टीम में वापसी करने वाले नवीन उल हक ने सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि वह भारत में टूर्नामेंट के अंत में पचास ओवर के फॉर्मेट से संन्यास ले लेंगे। नवीन ने अफगानिस्तान की विश्व कप टीम में इस फॉर्मेट से दो साल बाद वापसी की थी। इस तेज गेंदबाज ने केवल सात वनडे मैच खेले हैं, लेकिन 2016 में अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू के बाद से वह टी20 सेटअप का एक महत्वपूर्ण हिस्सा बन गए हैं। अफगानिस्तान ने भारत में होने वाले प्रमुख टूर्नामेंट के लिए एक मजबूत टीम की घोषणा की थी, जिसमें नवीन की वापसी एक प्रमुख चर्चा का विषय रही। नवीन के अलावा, फजलहक फारूकी, अब्दुल रहमान और उमरजई विश्व कप के लिए टीम के लिए एक मजबूत तेज आक्रमण हैं।



### हैदराबाद स्टेडियम में अभ्यास करती हुई नजर आई पाकिस्तानी टीम



**हैदराबाद।** पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने शुक्रवार को न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व कप अभ्यास मैच से पहले गुरुवार को राजीव गांधी अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में अभ्यास सत्र में भाग लिया। बुधवार रात हैदराबाद पहुंची पाकिस्तानी टीम पार्क हयात होटल से सुबह करीब 8 बजे स्टेडियम के लिए निकली और दोपहर से पहले वापस लौट आई। टीम की यात्रा और स्टेडियम में कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की गई थी। विशाल गणेश विसर्जन जुलूस को ध्यान में रखकर नेट अभ्यास सत्र सुबह में निर्धारित किया गया था। हैदराबाद और उसके आसपास विसर्जन के लिए व्यापक सुरक्षा के तहत 20,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया है। रविवार को शहर में गणेश विसर्जन और मिलाद-उन-नबी जुलूस के मद्देनजर, राज्य पुलिस ने आयोजकों से अभ्यास मैच के लिए स्टेडियम में दर्शकों को अनुमति नहीं देने का अनुरोध किया है। 14 अक्टूबर को भारत के खिलाफ बड़े मैच के लिए अहमदाबाद जाने से पहले उसे नीदरलैंड और श्रीलंका के खिलाफ विश्व कप के दो मैच खेलने हैं। बाबर आजम की अगुवाई वाली टीम सात साल में पहली बार भारत दौरे के लिए दुबई के रास्ते यहां पहुंची है।

# 10 मीटर एयर पिस्टल में पुरुष टीम ने जीता स्वर्ण

**एजेंसी। हांगझोऊ**

भारतीय तिकड़ी सरबजोत सिंह, अर्जुन सिंह चीमा और शिवा नरवाल ने गुरुवार को एशियाई खेलों में 10 मीटर एयर पिस्टल टीम शूटिंग में स्वर्ण पदक जीता। एशियन गेम्स का आज 5वां दिन है। बुधवार को भारतीय निशानेबाजों ने दो स्वर्ण सहित 7 मेडल जीते। अब गुरुवार सुबह पिस्टल निशानेबाजों ने शूटिंग में भारत के लिए चौथा गोल्ड मेडल जीतकर शानदार प्रदर्शन जारी रखा। अर्जुन चीमा, सरबजोत सिंह और शिव नरवाल की तिकड़ी ने 10 मीटर एयर पिस्टल स्पर्धा में 1734 के स्कोर के साथ गोल्ड मेडल अपने नाम किया। भारत ने मेजबान चीन(1733 स्कोर) को केवल एक अंक से पछाड़ दिया। भारतीयों ने पहली शृंखला में 284 स्कोर बनाया और फिर शेष पांच में 287, 291, 294, 290 और 288 का स्कोर किया। टीम प्रतियोगिता में सरबजोत ने भारतीयों के लिए सर्वश्रेष्ठ स्कोर 580 बनाया, जबकि अर्जुन सिंह ने 578 और शिव ने 576 स्कोर किया। हालांकि, सरबजोत और अर्जुन सिंह चीमा व्यक्तिगत वर्ग में अपना प्रदर्शन दोहरा नहीं सके और क्रमशः चौथे और आठवें स्थान पर रहे। सरबजोत के पास व्यक्तिगत स्पर्धा में भी मौके थे और वह कांस्य पदक की दौड़ में थे, लेकिन 19वें शॉट में 8.8 के खराब स्कोर के कारण उनकी उम्मीदों पर पानी फिर गया और वह 219.9 के स्कोर के साथ बाहर हो गए। फाइनल के बाद सरबजोत ने कहा, टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर मैं खुश हूं, लेकिन व्यक्तिगत स्पर्धा में पदक चूकने से निराश हूं। मेरे पास मौके थे लेकिन कुछ गलतियां हुईं और इसके कारण मुझे पदक गंवाना पड़ा। उन्होंने आगे कहा कि अब उनका लक्ष्य एशियाई चैंपियनशिप में भाग लेना है और पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा स्थान हासिल करने की उम्मीद है।

## अदिति अशोक पहले राउंड के बाद संयुक्त दूसरे स्थान पर, टीम स्पर्धा में भारत पांचवें स्थान पर



**भारत** की अदिति अशोक को शुरूआत में अपने पटर के साथ संघर्ष करना पड़ा, लेकिन वह गुरुवार को एशियाई खेलों में महिला व्यक्तिगत गोल्फ प्रतियोगिता में वापसी करने और पहले दौर में संयुक्त दूसरे (टी2) स्थान पर रहने में सफल रहीं। वेस्ट लेक इंटरनेशनल गोल्फ कोर्स में खेलते हुए, अदिति ने पांच अंडर 67 का स्कोर किया और चार खिलाड़ियों के साथ दूसरे स्थान पर हैं, जबकि जापान के साकी बाबा ने सात अंडर 65 का शानदार स्कोर बनाकर शुरूआती बढ़त हासिल कर ली। अदिति ने पहले राउंड के बाद कहा, मैंने कुछ आत्मविश्वास बनाया और अच्छे से हिट करना जारी रखा और कुछ और होल किए। अदिति, जो विश्व में 47वें स्थान पर हैं, तीन चीनी - विश्व नंबर 1 रुओनिंग यिन, यू लियू और विश्व नंबर 12, ज़ियू लिन और थाईलैंड की यूबोल अर्पिचया, के साथ दूसरे स्थान पर थीं, सभी का स्कोर 67 है।

अदिति की टीम के साथियों में, प्रणवी उर्स एक अंडर 71 के साथ संयुक्त17 पर थीं जबकि अवनी प्रशांत पार 72 के साथ संयुक्त21 पर थीं। सर्वश्रेष्ठ दो स्कोर को टीम के कुल स्कोर में गिना जाता है, भारत 138 के कुल स्कोर के साथ टीम प्रतियोगिता में पांचवें स्थान पर है। चीन और जापान 10-अंडर पार 134 के साथ शीर्ष स्थान पर हैं। थाईलैंड आठ -अंडर 136 के साथ तीसरे स्थान पर है। कोरिया गणराज्य 137 के साथ चौथे स्थान पर है। भारतीय खिलाड़ियों को पदक की दौड़ में आने के लिए दूसरे राउंड में जोरदार वापसी करनी होगी।

## अनुश अग्रवाल ने घुड़सवारी में पहला व्यक्तिगत पदक जीता

भारत के अनुश अग्रवाल ने गुरुवार को एशियाई खेलों में घुड़सवारी स्पर्धा में एक और पदक हासिल किया। उन्होंने ड्रेसेज इंडिविजुअल इंटरमीडिएट क फ्रीस्टाइल में 73.030 अंक हासिल कर कांस्य पदक जीता। यह घुड़सवारी में भारत का पहला व्यक्तिगत पदक भी है।मलेशिया के फातिल महामद ने 75.780 अंकों के साथ स्वर्ण और हांगकांग की जैकलीन विंग यिंग ने 73.450 अंकों के साथ रजत पदक जीता। भारतीय राइडर हृदय चेड्डा ने भी पदक स्पर्धा के लिए क्वालीफाई किया था, लेकिन वह बाहर हो गए। क्वालीफाइंग में, हृदय 73.883 के कुल स्कोर के साथ चार्ट में शीर्ष पर रहे, जबकि अनुश ने अपने घोड़े एट्रो पर सवार होकर 71.706 के कुल स्कोर के साथ चौथा स्थान हासिल किया। फाइनल में आगे बढ़ने के लिए. दिव्यकृति सिंह भी मिश्रण में थीं, लेकिन क्वालीफाइंग अंक से चूक गईं और 67.676 के कुल स्कोर के साथ 11वें स्थान पर रहीं। इससे पहले, अनुष, हृदय, दिव्यकृति और सुदीप्ति की भारतीय टीम ने टीम ड्रेसेज में 209.205 का बड़ा स्कोर बनाकर स्वर्ण पदक जीता था। अनुष अग्रवाल और उनके घोड़े एट्रो ने अधिकतम स्कोर 71.088 हासिल किया, जबकि हृदय छेदा-एमराल्ड ने 69.941 स्कोर किया। दिव्याकृति सिंह-एड्रेनालिन फिरदोद ने 68.176 स्कोर किया। सुदीप्ति हाजेला-चिन्स्की ने 66.706 अंक हासिल किये। भारत 209.205 के स्कोर के साथ शीर्ष पर रहा, जो दूसरे स्थान पर मौजूद चीन के 204.882 से काफी अधिक था। अनुश अग्रवाल ने 71.088 के स्कोर के साथ शो को अपने नाम किया, जबकि हृदय ने 69.941 और दिव्याकृति ने 68.176 का स्कोर किया।

## महिला बैडमिंटन में भारत ने मंगोलिया को हराया

पूर्व विश्व नंबर 1 पीवी सिंधु के नेतृत्व में भारतीय महिला टीम ने एशियाई खेलों की बैडमिंटन स्पर्धा के 16वें राउंड के मुकाबले में कमजोर मंगोलिया को गुरुवार को बिनजियांग जिमनैजियम में 3-0 से हराया और तीनों मैच सीधे गेम में जीते। ।

ओलंपिक खेलों में दो बार की पदक विजेता सिंधु ने बैडमिंटन स्टेडियम के कोर्ट नंबर 2 पर मंगोलिया की म्याग्मार्टसेरेन गणबातर को केवल 20 मिनट में 21-2, 21-3 से हराकर भारतीय टीम को विजयी शुरूआत दी। पहले गेम में, सिंधु ने 16-0 की बढ़त बना ली, इसके बाद जाकर उनकी प्रतिद्वंद्वी ने अपना पहला अंक जीता। दूसरे गेम में, मंगोलियाई ने स्कोर 2-1 कर दिया, इससे पहले सिंधु ने अगले आठ अंक जीतकर 10-1 की बढ़त बना ली और गेम 21-3 से समाप्त कर दिया। दूसरे मैच में अश्मिता चालिहा भी उतनी ही तेज थीं और उन्होंने 21 मिनट में खेरलेन दरखानबातर को 21-2, 21-3 से हरा दिया। इसके बाद अनुपमा उपाध्याय ने खुलंगू बातर को 22 मिनट में 21-0, 21-2 से हराकर भारत की जीत पक्की कर दी। गायत्री गोपीचंद/ट्रीसा जॉली और अश्विनी पोनप्पा तथा तनीषा क्रैस्टो की युगल जोड़ी को गुरुवार को कोर्ट पर कदम रखने की जरूरत ही नहीं पड़ी। सिंधु ने मैच के बाद कहा,यह एक अच्छी शुरूआत है। एक आसान मैच। मैं यहां आने के लिए वास्तव में उत्साहित थी और आखिरकार यह शुरू हो गया है। यह हमारे लिए अपनी तैयारी शुरू करने का समय है। टीम इवेंट एक नॉकआउट है इसलिए अगर हम 3-0 से जीतते हैं तो हम "अगले दौर में थाईलैंड से खेलेंगे।" उनकी संभावनाओं के बारे में पूछे जाने पर सिंधु ने कहा, इस बार हमारे पास एक मजबूत महिला टीम है और यह महत्वपूर्ण है कि हम वह काम करें। हमारे पास अच्छी युगल जोड़ियां भी हैं।

## साकेत-रामकुमार की जोड़ी पुरुष युगल के फाइनल में

भारत एशियाई खेलों में अपने पुरुष युगल खिताब का बचाव करेगा, रामकुमार रामनाथन और साकेत मिनेनी ने गुरुवार को यहां सूनवू क्वोन और सियोंगचान होंग की कोरियाई जोड़ी को हराकर फाइनल में जगह बनाई। एचओसी टेनिस सेंटर में खेले गए सेमीफाइनल में दूसरी वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी ने कोरियाई जोड़ी को 6-1, 7-6, (10-0) से हराया। भारतीय टीम ने पहला सेट आसानी से अपने नाम कर लिया, लेकिन दूसरे सेट में कोरियाई जोड़ी ने अपने खेल में तेजी लाई और रामनाथन और मिनेनी के खेल के स्तर की बराबरी करते हुए मैच बराबरी पर ला दिया। हालांकि, 10-पॉइंट टाईब्रेकर के दौरान, भारतीय जोड़ी हावी रही, हर अंक जीतकर फाइनल में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया।

## रुतुराज के नेतृत्व वाली भारतीय क्रिकेट टीम चीन रवाना



**एजेंसी। मुंबई**

भारतीय क्रिकेट टीम अपने बहुप्रतीक्षित एशियाई खेलों के लिए गुरुवार को भारत से चीन के लिए रवाना हो गई है। भारतीय टीम 3 अक्टूबर को अपना अभियान शुरू करेगी। भारतीय खेल प्राधिकरण ने टीम इंडिया की मुंबई एयरपोर्ट से चीन के लिए उड़ान भरने की तस्वीरें साझा कीं। साई मीडिया ने एक्स पर लिखा, पुरुष क्रिकेट टीम एशियन खेलों के लिए पूरी तरह से तैयार है ! टीम इंडिया ने एशियन खेलों में अपने बहुप्रतीक्षित अभियान के लिए मुंबई हवाई अड्डे से हांगझू के लिए उड़ान भरी है। हम उनके प्रदर्शन के लिए उन्हें शुभकामनाएं देते हैं।

भारत, पाकिस्तान, श्रीलंका, बांग्लादेश और अफगानिस्तान आईसीसी टी-20 रैंकिंग में शीर्ष पांच स्थान वाली टीमें हैं, इसलिए इन्हें सीधे क्वार्टर फाइनल में सीधे प्रवेश दिया गया है। रुतुराज गायकवाड़ को एशियाई खेलों में भारतीय टीम का कप्तान नियुक्त किया गया है। यशस्वी जयसवाल को भी टीम में जगह मिली है। शिवम दुबे जो आईपीएल 2023 में चेन्नई सुपर किंग्स के मध्य क्रम की बल्लेबाजी (सीएसके) की रीढ़ थे, उन्हें एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में वापस बुलाया गया है। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2023 में दमदार प्रदर्शन के बाद रिंकू सिंह को भी भारतीय टीम में शामिल किया गया है। अपने शानदार आईपीएल प्रदर्शन के दम पर विकेटकीपर-बल्लेबाज जितेश शर्मा और प्रभसिमरन सिंह ने भी टीम में जगह बनाई है।

### एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम

रुतुराज गायकवाड़ (कप्तान), यशस्वी जायसवाल, राहुल त्रिपाठी, तिलक वर्मा, रिंकू सिंह, जितेश शर्मा (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, शाहबाज अहमद, रवि बिश्नोई, आवेश खान, अर्शदीप सिंह, मुकेश कुमार, शिवम मावी, शिवम दुबे और प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर)।

**खिलाड़ियों की स्टैंडबाय सूची:** यश ठाकुर, साई किशोर, वेंकटेश अय्यर, दीपक हुडा और साई सुदर्शन।

यौन उत्पीड़न मामला

## दनुष्का गुणाथिलका को बड़ी राहत, नहीं पाए गए दोषी



**एजेंसी। सिडनी**

टी20 विश्व कप 2022 के लिए ऑस्ट्रेलिया में टिंडर डेट पर 'चुपके से' यौन उत्पीड़न करने के आरोपी श्रीलंका के बल्लेबाज दाशुंका गुनाथिलका को 'दोषी नहीं' पाया गया है। 32 वर्षीय गुनाथिलाका पर नवंबर 2022 में टिंडर डेट के बाद सिडनी की महिला के साथ उसके घर पर मारपीट करने का आरोप भी लगाया गया था। रिपोर्ट्स के मुताबिक गुनाथिलका को बरी करते हुए गुरुवार को सिडनी के डाउनिंग सेंटर डिस्ट्रिक्ट कोर्ट की जज सारा हगेट ने पाया कि गुनाथिलका ने पुलिस को सच बताया था और कहा था कि उनके पास ऐसा करने का 'कोई मौका नहीं' था। जज ने फैसला सुनाते हुए कहा, 'साक्ष्य यह स्थापित करते हैं कि आरोपी के पास संभोग के दौरान कंडोम हटाने का कोई मौका नहीं था क्योंकि वह संभोग लगातार चल रहा था।' उन्होंने कहा, 'उस साक्षात्कार में उन्होंने जो कहा, उसे अस्वीकार करने या उस पर अविश्वास करने का कोई कारण नहीं है।' दूसरी ओर हगेट ने पाया कि शिकायतकर्ता, जिसे कानूनी रूप से नामित नहीं किया जा सकता है, ने पुलिस को दिए अपने बयानों में दो अलग-अलग विवरण दिए थे और जो कुछ हुआ उसकी उसे 'स्पष्ट स्मृति' नहीं थी।'

रणनीति

## विश्व कप में टीम इंडिया की तैयारी पर बोले राहुल द्रविड़

# अपनी कमजोरियों को दूर करना जरूरी



**एजेंसी। राजकोट**

भारत के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय शृंखला 2-1 से जीतने के बाद आगामी आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया, भले ही भारतीय टीम को फाइनल मैच में हार का सामना करना पड़ा। सीरीज में जसप्रीत बुमराह, केएल राहुल और रविचंद्रन अश्विन के प्रदर्शन से द्रविड़ काफी प्रभावित दिखे। उन्होंने कहा कि उन सभी खिलाड़ियों के लिए विश्व कप से पहले कुछ खेल का समय मिलना महत्वपूर्ण था। द्रविड़ ने बुधवार को तीसरे वनडे के बाद संवाददाताओं से कहा, ₹जसप्रीत, अश्विन, श्रेयस, केएल जैसे लोगों के लिए, खेल का समय प्राप्त करना महत्वपूर्ण था। तथ्य यह है कि वे इसे प्राप्त करने में सक्षम हैं और प्रतिस्पर्धी पक्ष के खिलाफ इसे प्राप्त करना एक अच्छी बात है। अभ्यास मैच में आम तौर पर वे लोग होते हैं 15 बनाम 15 खेलें इसलिए उन खेलों में उस स्तर की गंभीरता हासिल करना कठिन है। " यह बहुत अच्छा रहा कि जस्सी (जसप्रीत बुमराह) को कुछ गेम मिले और उन्होंने अपने कोटे के 10 ओवर फेंके। सिराज को एक बग का सामना करना पड़ा, लेकिन वह वापस आ गए और आज गेंदबाजी करने में सक्षम हो गए। यह देखना अच्छा था कि अश्विन ने पहले दो मैचों में कैसी गेंदबाजी की । केएल और 6-7 महीने बाद वापसी करते हुए पूरे पचास ओवर तक उनकी कीपिंग शानदार रही है। श्रेयस ने पिछले कुछ मैचों में कुछ अच्छी पारियां खेली हैं।" मुझे लगता है कि बहुत सारे टिक मार्क हैं... चीजें जिस तरह से चल रही हैं उससे वास्तव में खुश हूं। हम जानते हैं कि हम बेहतर होने जा रहे हैं और उम्मीद है कि हम विश्व कप में भी इसी लय को बरकरार रख पाएंगे। श्रेयस अय्यर ने पीठ की चोट के बाद वापसी करते हुए सीरीज के दूसरे मैच में 90 गेंदों में 105 रनों की मैच जिताऊ पारी खेली, जबकि राहुल ने भी दाहिनी जांघ की चोट के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में शानदार वापसी करते हुए एशिया कप के विजयी अभियान के सुपर फोर मुकाबले में पाकिस्तान के खिलाफ नाबाद 111 रन बनाए। । उन्होंने मोहाली में एकदिवसीय शृंखला के शुरूआती मैच में मैच विजयी अर्धशतक बनाकर इसे कायम रखा।

द्रविड़ ने चोट या अन्य ब्रेक के बाद वापसी करने वाले अपने खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर संतोष व्यक्त किया। हमेशा ऐसे क्षेत्र होते हैं जिनमें आप सुधार करना चाहते हैं, और हमने कई बॉक्सों पर सही का निशान लगाया है। यह देखना अच्छा है कि जो लोग चोट के कारण बाहर हैं, कुछ समय से दूर हैं, हमारे दृष्टिकोण से, वे ऐसा करने में सक्षम हैं कुछ अच्छा क्रिकेट खेलें, बीच में समय बिता सकें, कुछ रन बना सकें, कुछ विकेट ले सकें, लेकिन हमेशा छोटी-छोटी चीजें होती हैं जिनमें आप सुधार कर सकते हैं। यह एक कठिन, लंबा टूर्नामेंट होने जा रहा है। हम एक टीम के रूप में लगातार सुधार करना चाह रहे हैं, भले ही परिणाम हमारे अनुकूल हों। 50 वर्षीय खिलाड़ी ने यह भी पुष्टि की कि टीम 30 सितंबर को होने वाले पहले अभ्यास कार्यक्रम के लिए 28 या 29 सितंबर को गुवाहाटी में इकट्ठा होगी। द्रविड़ ने कहा, हमारे पास समूह में वायरल (बुखार) के कारण कुछ समस्याएं थीं। यह इस खेल में एक संतुलनकारी कार्य था, क्योंकि लोग व्यक्तिगत कारणों से घर जा रहे थे। मैं उम्मीद कर रहा हूं कि हर कोई 28 तारीख की रात या 29 तारीख की सुबह तक गुवाहाटी में होगा। " भारत अपने विश्व अभियान की शुरूआत 8 अक्टूबर को चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा।

## 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 फीसदी जीएसटी



**एजेंसी। नई दिल्ली**

केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ पर 28 प्रतिशत जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू करने के लिए तैयार है। सीबीआईसी के चेयरमैन संजय अग्रवाल ने गुरुवार को ये बात कही। सीबीआईसी के चेयरमैन ने मीडियाकर्मियों से कहा, हम इसे 1 अक्टूबर से लागू करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। जीएसटी परिषद की पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार, संबंधित अधिसूचनाएं प्रक्रियाधीन हैं। यह कदम सभी राज्यों की सर्वसम्मति से उठाया गया है और हाल ही में लोकसभा में जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया गया। अग्रवाल ने कहा, 1 अक्टूबर से ऑनलाइन गेमिंग पर 28 फीसदी जीएसटी लागू करने के लिए सभी राज्यों को इसे अपनी विधानसभाओं में पारित करना होगा या 30 सितंबर तक अध्यादेश जारी करना होगा। ऑनलाइन गेमिंग के मामले में लगाए गए दांव, कैसीनो के मामले में खरीदे गए चिप्स के अंकित मूल्य और घुड़दौड़ के मामले में सट्टेबाज/टोटलाइजर के साथ लगाए गए दांव पर 28 प्रतिशत जीएसटी लागू होगा। कई ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों को वर्तमान में लगने वाले 18 प्रतिशत के बजाय 28 प्रतिशत जीएसटी का भुगतान करने के लिए पहले ही नोटिस जारी किया जा चुका है। 11 अगस्त को, लोकसभा ने मानसून सत्र के अपने अंतिम सत्र के दौरान ध्वनि मत से दो जीएसटी कानूनों में संशोधन पारित किया। ये संशोधन एकीकृत वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 और केंद्रीय वस्तु और सेवा कर (संशोधन) विधेयक, 2023 से संबंधित हैं, जिसका मकसद ऑनलाइन गेमिंग, कैसीनो और घुड़दौड़ के लिए 28 प्रतिशत जीएसटी लागू करना है। यह कानूनी कार्रवाई वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) परिषद द्वारा 2 अगस्त को अपनी 51वीं बैठक के दौरान लिए गए निर्णय के अनुरूप है। अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए, जीएसटी परिषद ने आईजीएसटी अधिनियम, 2017 में विशिष्ट प्रावधान शामिल करने की सिफारिश की है। इन प्रावधानों में विदेशी आपूर्तिकर्ताओं से भारतीय ग्राहकों तक ऑनलाइन मनी गेमिंग की आपूर्ति पर जीएसटी का भुगतान करने का दायित्व शामिल है, साथ ही गैर-अनुपालन के मामले में किसी भी संबंधित जानकारी तक पहुंच को अवरुद्ध करने के उपाय भी शामिल हैं।